राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 68
लखनऊ, शनिवार 08 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सम्पूर्ण राष्ट्र को जोड़ने का मंत्र है वंदे मातरम् : मुख्यमंत्री योगी 03

लक्ष्य को प्राप्त न करने पर अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : नितिन 12


## अधिशाषी अभियंता जल निगम और ठेकेदार की गलबहियां में विभाग को लगा करोड़ों रुपए का चूना

### खबर छपने के बाद कार्रवाई के डर से खुद को बचाने में लगा अभियंता, अब ठेकेदार पर मढ़ रहा तोहमत, एक टेंडर की आड़ में बेचवा डाली अन्य कीमती संपत्तियां

**मामला सिद्धार्थनगर जिले का, अभियंता के आरोपों को ठेकेदार ने नकारा**

आर.बी.सिंह





**लखनऊ।** अधिशाषी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम सिद्धार्थनगर इकाई ने एक ठेकेदार से गलबहियां कर विभाग को डेढ़ करोड़ रूपये से अधिक का चूना लगा दिया।

खबर के मुताबिक अधिशासी अभियंता ने निष्प्रयोज्य घोषित की गई ग्रामीण क्षेत्र की 10 जगहों की पानी की टंकियों को तोड़ने और मलबा उठान का दिल्ली की जिस फर्म को टेंडर मिला था। उस फर्म से सांठगांठ कर अधिशाषी अभियंता ने उक्त निर्गत टेंडर की आड़ में विभाग की अन्य संपत्तियों को भी तोड़वाकर बेचवा दिया और मिली रकम का आपस में बंदरबाट कर लिया। यही नहीं दो दशक पूर्व उन कैंपस में लगे 80-85 पुराने कीमती पेड़ों को भी अवैध रूप से कटवाकर बेचवा डाले। प्रत्येक कैम्पस के ऑपरेटर कक्ष, पम्प रुम,भंडार कक्ष आदि तोड़कर समस्त सामग्रियां बेचवा दी गई, पानी को टंकी में भरने के लिए लगे पम्प मशीनों को भी उखाड़ कर गायब कर दिया गया। यूं कहें कि उक्त टेंडर की आड़ में अभियंता की सहमति पर ठेकेदार द्वारा विभाग की समस्त संपत्तियों को दिन दहाड़े लूटा गया। इसमें सदर तहसील नौगढ़ अंतर्गत ककरहवा,कपिलवस्तु और शोहरतगढ तहसील अंतर्गत बजहा और खुनुआ स्थित जल निगम की वह चल संपत्तियां हैं,जिनके धरातली साक्ष्य सामने आए हैं। मौके पर ये स्थान अब मैदान नजर आ रहे हैं। समाचार पत्र में खबर छपने के बाद से विभाग और ठेकेदार में खलबली मची हुई है, खुद को बचाने के लिए अब एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। वहीं श्रमिकों द्वारा दबी जुबान ठेकेदार पर निर्माण तोड़वाने और उसके मटेरियल को बेचने की बात बताई गई है, जबकि ठेकेदार अधिशाषी अभियंता पर तोहमत मढ़ते हुए प्रकरण से खुद को कोई लेना देना नहीं है बताया।

सवाल यह है कि विभाग की संपत्तियों को किसके इशारे पर कौन और कैसे दिन दहाड़े कोई लूटता रहा और इस लूट से विभाग इतने दिनों तक कैसे अनभिज्ञ बना रहा। ठेकेदार प्रतिनिधि अवधेश सिंह का कहना है कि उन्होंने नीलामी में निष्प्रयोज्य पानी की टंकियों को गिराने और उसके मलबे के उठान का टेंडर लिया गया था, जो उनके द्वारा वह दो सप्ताह पूर्व कार्य समाप्त कर वापस अपने घर जा चुके हैं। ऐसे में विभाग की शेष चल-संपत्तियों के रख-रखाव का जिम्मा उनका नहीं, विभाग का है। विभाग की शेष संपत्तियां किसके आदेश पर, कौन तोड़ और बेच रहा है, वह विभाग जाने। खैर मीडिया में आई खबर के बाद से अधिशाषी अभियंता अब खुद को सुरक्षित करने के लिए जांच करा कर कार्रवाई करने की बात कहते है। कहते हैं कि जांच जूनियर इंजीनियर से कराई जा रही है, प्रकरण से अपने उच्चाधिकारियों को सूचित करा चुके हैं।

**अधिशाषी अभियंता की पूर्ण संलिप्तता आई सामने**

रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी, किन्तु सवाल फिर वही है कि करोड़ों के इस खेल को किसके इशारे पर खेला गया, विभाग को इतने दिनों से क्यों दिखाई नहीं दिया जो अब अधिशाषी अभियंता खबर छपने के पूर्व चुप कैसे बैठे रहे। बताते चलें पानी की टंकियों को तोड़ने और निपटान का ठेका मेसर्स अवांस इफ्राटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली को जून 2025 में मिला था, जिसमें संतकबीरनगर जिले में 2, बस्ती में 2 और सिद्धार्थनगर में 10 कुल 14 पानी की टंकियों को तोड़ने और उनका मलबा उठान का ठेका हासिल था, किन्तु उक्त फर्म को सिद्धार्थनगर में सिर्फ 5 को तोड़ने का टेंडर प्राप्त है। फर्म ने अपना कार्य संपादित भी कर दिया है, किन्तु सबूतों के आधार और भौतिक सत्यापन से विभाग की अन्य संपत्तियों को तोड़वाकर बेचवाने में अधिशाषी अभियंता की पूर्ण संलिप्तता सामने आई है, सूत्र ये भी बताते हैं कि इन सब के पीछे स्थानीय एक सफेदपोश की भी भूमिका निहित है। इस प्रकार विभाग की करोड़ों रूपए की संपत्ति पर दिन के उजाले में एक दूसरे की गलबहियां और यारी ने विभाग को लूटने में काम आया है। देखना यह है कि जीरो टॉलरेंस की दावा करने वाली सरकार में इस पर से पर्दा उठता है या फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी ने लौरिया के विधायक, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार व भोजपुरी कलाकार विनय बिहारी के पक्ष में की जनसभा

## स्वर्णिम बिहार बनाने के लिए राजग का करें समर्थन

एजेंसी

**पश्चिम चंपारण।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लौरिया के विधायक, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और भोजपुरी कलाकार विनय बिहारी के पक्ष में शुक्रवार को जनसभा की और लोगों से उन्हें फिर से विधानसभा में भेजने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाने साधते हुए कहा कि राजद के लोग लालटेन लेकर आते थे, केरोसिन बेच देते थे, फिर अंधेरे में डकैती डालते थे। अराजकता पैदा करना इनका जन्मसिद्ध अधिकार है।

मतदाताओं को चेताते हुए उन्होंने कहा कि राजद- कांग्रेस वाले बहकाने आएंगे। जब यह 15 वर्ष सत्ता में थे, तो नौजवानों को ठगते थे। नौकरी के बहाने उनकी जमीन हड़प डाली थी। अपहरण उद्योग बन चुका था। नया उद्योग नहीं लगता था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपहरण उद्योग बंद हुआ। गुंडागर्दी रोकने पर प्रभावी कदम उठाए गए। विकास कार्यों को तेजी से बढ़ाया गया। अब नए भारत का नया बिहार है। जब बिहार समृद्ध होता है, तो भारत समृद्ध होता है। उन्होंने स्वर्णिम बिहार के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

सीएम योगी ने कहा कि जिन्होंने 2005 के पहले बिहार के जंगलराज, अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार को देखा है, वे वर्तमान पीढ़ी को भी बताएं। अब लालटेन का समय नहीं है। बिहार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एलईडी की दूधिया रोशनी में सुशासन की सुदृढ़ नींव बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। राजग ने पिछले 20 वर्ष में राजद और कांग्रेस के पापों के गड्ढों को भरने, अराजकता-भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने व सुशासन की आधारशिला को सुदृढ़ करने में लगाया। समृद्ध बिहार की नींव पुख्ता करने के लिए प्रदेश बढ़ चुका है, इसलिए राजग सरकार बिहार में फिर से आवश्यक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भोजपुरी की मिठास दुनिया में हर जगह पहुंची है। भोजपुरिया लोगों ने बंजर दीपों को भी उपजाऊ बनाने का कार्य किया है। भोजपुरी संस्कृति जहां भी गई, उस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया। बिहार, मैथिली और भोजपुरी छठ गीतों के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने वाली शारदा सिन्हा की भी धरा है। उन्हें पद्म पुरस्कार राजग सरकार ने ही दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कलाकार भगवान की अनमोल धरोहर होते हैं। कला का सम्मान होना चाहिए। राजग ने भोजपुरी के बड़े कलाकार को लौरिया से मैदान में उतारा है। हमने भी यूपी में भोजपुरी के दो कलाकारों को चुनाव लड़ाया। मैंने गोरखपुर से अपनी संसदीय सीट छोड़कर भोजपुरी कलाकार रवि किशन को दी। भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल यादव को भी हमने आजमगढ़ से सांसद बनवाया था। सुशासन की सुदृढ़ नींव में ही स्वर्णिम बिहार की संकल्पना साकार होगी।



**योगी को देखने उमड़ा जनसैलाब**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने और सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। खचाखच भरे मैदान के साथ ही विभिन्न भवनों की छतों, दीवारों व पेड़ों पर लोग खड़े रहे। पूरा जनसमुदाय बुलडोजर बाबा जिंदाबाद की गूंज से गुंजायमान हो उठा। जयश्री राम, बुलडोजर बाबा लिखी पट्टी लेकर युवाओं ने जनसभा स्थल पर योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन किया।

**अमित शाह का पूर्णिया में शक्ति प्रदर्शन, भव्य रोड शो में उमड़ा जनसैलाब**

**पूर्णिया।** भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एनडीए और भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका के समर्थन में पूर्णिया शहर के भट्ठा बाजार क्षेत्र में करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा रोड शो किया। रोड शो में भारी जनसमूह उमड़ा और पूरे मार्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों का उत्साह देखने लायक था। यह रोड शो आर. एन. साव चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से शुरू होकर कालीबाड़ी चौक, लखन चौक, खीरू चौक, जिला स्कूल होते हुए आस्था मंदिर के पास समाप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में गृह मंत्री अमित शाह ने वीर कुंवर सिंह स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उसके बाद भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगवाए। रोड शो में



भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक विजय खेमका, भाजपा नेत्री एवं उप महापौर पल्लवी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। पूरे मार्ग में छतों और सड़कों पर लोगों की भीड़ जय श्रीराम, भारत माता की जय जैसे नारों से वातावरण को गूंजा रही थी। कई स्थानों पर अमित शाह पर पुष्प वर्षा की गई। श्रीराम सेवा संघ की महिलाओं ने इस अवसर पर भाजपा और विधायक विजय खेमका के समर्थन में भजन और गीत गाकर माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। पूरा शहर भगवा रंग में रंगा नजर आया और लोगों ने इसे अब तक का सबसे विशाल रोड शो बताया।

**विपक्ष फैला रहा है अफवाह**

**पटना।** बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजग के अन्य नेताओं की तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शुक्रवार को केसरिया विधानसभा में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार शालिनी मिश्रा और कल्याणपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सचिन्द्र प्रसाद सिंह के समर्थन में जनसभा की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर हमला किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अब तक कुछ नहीं किया है, सिर्फ अफवाह फैलाने का काम किया है।

### पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती फरार घोषित, कोर्ट ने वारंट के साथ जारी की नोटिस

**रायबरेली।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती को वर्ष 2021 में रायबरेली में पुलिस के साथ अभद्रता के आरोप में दर्ज एक मुकदमे में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर यहां की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने फरार घोषित कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक संदीप कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/एमपी-एमएलए अदालत डाक्टर विवेक कुमार ने दिल्ली के पूर्व विधि एवं कानून मंत्री सोमनाथ भारती को बृहस्पतिवार को फरार घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने गैर जमानती वारंट के साथ अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत नोटिस (फरारी की उद्घोषणा) जारी की है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 नवंबर को नियत की गई है। सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में शहर के सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पुलिस के साथ अभद्रता करने के मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व विधि एवं कानून मंत्री सोमनाथ भारती के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भारती ने जमानत करायी थी, इसके बाद से यह मामला एमपी-एमएलए अदालत में चल रहा है।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,22,170/ |
| 22 कैरेट | = | 1,12,000/ |
| 18 कैरेट | = | 91,670/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,52,500/ |



**संक्षिप्त समाचार**

**अगले साल भारत यात्रा पर आ सकते हैं ट्रंप**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी वार्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए आज स्पष्ट संकेत दिये कि वह अगले साल भारत की यात्रा कर सकते हैं। यहां व्हाईट हाउस में गुरूवार को संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक दोस्त और बेहतरीन व्यक्ति करार देते हुए कहा कि भारत ने काफी हद तक रूसी तेल की खरीद बंद कर दी है। ट्रंप ने भारत के खिलाफ इस साल अगस्त में पचास प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिए थे जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल और हथियार खरीदे जाने के विरोध में लगाए गए।

**भीषण आग से 50 से ज्यादा झुग्गियां जलकर राख**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शुक्रवार सुबह एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 50 से अधिक झुग्गियां उसकी चपेट में आ गईं। इलाके में धुआं फैल गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 6 बजे के आसपास लगी। देखते ही देखते लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि लोग अपने घरों से बाहर भागने लगे। कई लोगों ने अपने सामान और दस्तावेजों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज आग के कारण सब कुछ जलकर राख हो गया।

### अतीक के बहनोई, वकील नौकर व ड्राइवर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के बहनोई डॉ अखलाक, वकील विजय मिश्र, नौकर और ड्राइवर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने शुक्रवार को दिया। कोर्ट ने गत 29 अक्टूबर को सुनवाई के बाद इन जमानत अर्जियों पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डॉ अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि अन्य पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। अतीक के बहनोई डॉ अखलाक की जमानत के समर्थन में कहा गया था कि उसे रिश्तेदार होने के कारण फंसाया जा रहा है।

## निवेश-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाएंगे भारत-फिनलैंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और फ़िनलैंड ने व्यापार एवं निवेश, डिजिटलीकरण, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5 जी और 6 जी प्रौद्योगिकी , कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, शिक्षा और अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

भारत और फिनलैंड के बीच 13 वें विदेश कार्यालय परामर्श की हेलसिंकी में गुरुवार को हुई बैठक में यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि फिनलैंड ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अपना समर्थन दोहराते हुए समझौते के जल्द पूरा होने की उम्मीद जताई है। बैठक में भारत का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने और फिनलैंड का नेतृत्व फ़िनलैंड के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव जुक्का सलोवारा ने किया। हेलसिंकी यात्रा के दौरान सचिव (पश्चिम) ने फिनलैंड के रोज़गार मंत्री मतियास मार्टिनेन से भी शिष्टाचार भेंट की। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश, डिजिटलीकरण, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5 जी/ 6 जी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सततता, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास और लोगों से लोगों के बीच संबंध के क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### बाइक बोट घोटाले के मुख्य आरोपी विजेंद्र हुड्डा के ठिकानों पर रेड

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक बार फिर करोड़ों रुपये के बाइक बोट घोटाले को लेकर हलचल मच गई है। शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय यानी की टीम ने घोटाले के मुख्य आरोपी विजेंद्र हुड्डा के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ईडी की ये कार्रवाई उत्तर प्रदेश और हरियाणा समेत कई स्थानों पर एक साथ की गई, जिनमें मेरठ का कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र भी शामिल है। मेरठ के शिवलोकपुरी इलाके में स्थित विजेंद्र हुड्डा के मकान पर ईडी की टीम सुबह अचानक पहुंची। इस दौरान घर का मुख्य दरवाजा बंद मिला। टीम ने मौके पर ही एक चाबी बनाने वाले कारीगर को बुलवाया और उसके जरिए ताला खुलवाकर मकान में प्रवेश किया।

## अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग : आजम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बेटे अब्दुल्ला आजम भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक चली यह बैठक राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है, जिससे राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए। ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आजम खान ने कहा, आज मेरे आने का मकसद सिर्फइतना था कि लोगों को बता सकूं कि आज भी इस धरती पर कुछ ऐसे लोग जिंदा हैं जिनकी सहनशीलता किसी पत्थर और पहाड़ से ज्यादा मजबूत है। अपने सादे जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं है, और जब तक मेरे समाज के हर व्यक्ति के घर में जनरेटर नहीं लग जाएगा, मैं भी जनरेटर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा आज ऐसा दौर है जब लोग हजारों किलोमीटर चलकर मिलने आते हैं और गले लगते हैं, उनमें से कई मेरे धर्म के भी नहीं हैं। यही असली बदलाव है, और यह बदलाव महसूस भी हो रहा है। जेल में बिताए समय को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, अगर मुझे कभी इतना वक्त मिला कि मैं कुछ लिख सकूं, तो मैं दावा करता हूं कि आप उसे पढ़ नहीं सकेंगे।ष् बिहार के मौजूदा चुनावी माहौल पर तंज करते हुए आजम खान ने कहा, यहां बादशाह से लेकर वजीर तक कहते हैं कि बिहार में जंगलराज है। लेकिन जंगल में कौन रहता है, इंसान तो नहीं। अगर मैं उस जंगलराज में चला जाऊं, तो देख लेना, मैं अपना सिर रेल की पटरी पर नहीं रखूंगा।



## एआईआईए की प्रयोगशाला को मिले तीन आईएसओ प्रमाणपत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने तीन आईएसओ प्रमाणपत्र दिए हैं। इसमें गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली प्रमाणपत्र शामिल है।

यह प्रमाणन बीआईएस के गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन कार्यक्रम के दौरान सीसीआरएच के अधिकारियों को प्रदान किये गए। आयुष मंत्रालय के अनुसार इस पहल के कई लाभ हैं। इसमें गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के तहत सुव्यवस्थित और दोहराने योग्य प्रयोगात्मक प्रक्रियाएँ, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाएं, जिनमें अपशिष्ट न्यूनकरण और ऊर्जा उपयोग का अनुकूलन शामिल है।

इस अवसर पर एआईआईए के निदेशक प्रो. (वैद्य) पी. के. प्रजापति ने कहा कि यह आईएसओ प्रमाणन एआईआईए के लिए गर्व का क्षण है और यह शिक्षा, अनुसंधान तथा संस्थागत सुशासन में उत्कृष्टता की हमारी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारंपरिक आयुर्वेदिक अनुसंधान प्रणाली को वैश्विक रूप से मान्य आईएसओ मानकों के साथ एकीकृत करना गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है।

**समझौता** — इंजन आपूर्ति के लिए एचएएल का अमेरिकी कंपनी से हुआ करार

## वायु सेना होगी और अधिक मजबूत, जल्द मिलेंगे एलसीए तेजस-1ए

**इंजन को लेकर गतिरोध का समाधान होने के बाद अब विमान के उत्पादन में तेजी आने की बढ़ी उम्मीद**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच एफ-404 इंजनों की आपूर्ति के लिए शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौते पर सहमत हो गए।

इस इंजन का इस्तेमाल एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों में किया जाएगा, जिन्हें निकट भविष्य में भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। इंजन को लेकर बुनियादी समस्याओं का समाधान होने के बाद अब विमान के उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद ब?ी है। एचएएल को रक्षा मंत्रालय ने इस साल सितंबर में ही 97 तेजस मार्क-1ए विमानों का नया ऑर्डर दिया है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहा कि एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले 113 जीई-404 इंजनों के ऑर्डर के लिए बातचीत पूरी होने के बाद अनुबंध हो गया है। एचएएल का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2032-33 तक सभी 180 विमानों का निर्माण पूरा करना है। डॉ. सुनील ने कहा कि जीई ने हमें एक साल में 12 इंजन देने का वादा किया था । इस साल हमें 10 इंजन मिल सकते हैं, शेष इंजन हमें अगले वित्तीय साल (मार्च) तक मिल जाएंगे। हम 10वें विमान का ढांचा बना चुके हैं और 11वां विमान तैयार है।




**रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को दे रखा है 180 विमानों का ऑर्डर**

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए एचएएल को कुल 180 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दे रखा है। एचएएल के साथ इसका पहला समझौता फरवरी, 2021 में 48 हजार करोड़ रुपए का हुआ था। इस अनुबंध में 73 तेजस मार्क-1ए जेट और 10 प्रशिक्षण विमान शामिल थे। रक्षा मंत्रालय की ओर से 25 सितंबर को 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का दूसरा ऑर्डर दिया गया, जिसमें 68 सिंगल सीटर और 29 ट्विन सीटर विमान हैं, जिनकी डिलीवरी 2027-28 में शुरू होकर छह वर्षों में पूरी होगी। इन विमानों के निर्माण के लिए एचएएल को 2024 में इंजन की पहली खेप मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इस बीच कंपनी जीई एयरोस्पेस (जीई) ने एफ-404 इंजन का उत्पादन बंद कर दिया। अनुबंध के अनुसार एचएएल को इसी साल मार्च (2025) से तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया।

## खबरें एक नजर में

### कोटवाधाम मेले में तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं की लगी भारी भीड़



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** श्री कोटवाधाम में समर्थ साहेब जगजीवन दास की तपोस्थली पर पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले इस मेले के तीसरे दिन शुक्रवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने के बाद उनके भजनों पर नाचते-गाते नजर आए। मेले में लगे सर्कस और झूलों पर भी लोगों आंनद लिया। पशु बाजार में भी श्रद्धालु मवेशियों को बाबा का प्रसाद मानकर खरीद रहे हैं। बाबा के अनुयायी अपने आश्रम पर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर मेले का आनंद ले रहे हैं। कोटवा धाम के बड़ी गाड़ी महंत निलेन्द्र बक्स दास ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर कई जनपदों से श्रद्धालु यहां आते हैं। वे बड़े बाबा को प्रसाद चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। यहां लगने वाली पशु बाजार से प्रसाद के रूप में जानवर खरीदकर ले जाते हैं। यह बाजार कई दिनों तक चलती है। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस तैनात है। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले इस मेले पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे मेला शांतिपूर्वक चल रहा है।


### एसआईआर प्रक्रिया के लिए दस्तावेज़ तैयार रखने की अपील: मौलाना अज़हर क़ासमी

**बाराबंकी।** शहर के भित्री मोहल्ले की खजूर वाली मस्जिद में जुमे की नमाज़ से पहले जामिया दारुररशाद बंकी के शैक्षिक निदेशक मौलाना सैयद अज़हर क़ासमी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ चुनाव लोकतंत्र आत्मा है, मतदान के लिए त्रुटि मुक्त मतदान सूची होना जरूरी है, चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर के लिए अपने आवश्यक दस्तावेज जरूर तैयार रखें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और यह जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। इस कार्य का उद्देश्य मतदाताओं की विशेष जांच और सत्यापन करना है। यदि आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए गए तो मतदाता सूची से नाम हटा दिए जाएंगे। जमीयत उलेमा बाराबंकी के सचिव मौलाना क़ासमी ने जनता को सचेत करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में नागरिकता से संबंधित दस्तावेज़ तैयार करना और चुनाव में भाग लेना धार्मिक दृष्टि से आवश्यक है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद महमूद असअद मदनी ने जमीयत की सभी इकाइयों को उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण और SIR के संबंध में जन-जागरूकता अभियान को तेज़ करने का निर्देश दिया है। इसी आधार पर ज़िला जमीयत के सदस्य हर तहसील के गांव-गांव में जाकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं और ज़रूरी जानकारियां प्रदान कर रहे हैं।

### पत्नी हन्ता को आजीवन कारावास की सजा, 25 हजार का जुर्माना


**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा हत्याभियुक्त पति को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए थाना फतेहपुर पर हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मु.असं. 102/2024 धारा 302 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र बनबारीलाल निवासी बसारा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय जिला जज जनपद बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व 25 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्रवाई से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। उपरोक्त अभियोग श्रीमान पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे महिला सम्बन्धी/जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है। 16 फरवरी 2024 को थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत वादी लाल बहादुर पुत्र पुत्रीलाल निवासी भोलीगंज थाना मसौली जनपद बाराबंकी के द्वारा सूचना दी गई कि अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री वन्दना का गला काटकर हत्या कर दी गई। जिसके आधार पर थाना फतेहपुर पर मु.असं. 102/2024 धारा 302 भादवि बनाम अभियुक्त-अनिल कुमार पुत्र बनवारीलाल निवासी बसारा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक निरी. धीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

### मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाएं: एसडीएम अनुराग सिंह



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने बीएलओ को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जारी किए गए गणना प्रपत्रों को अत्यंत सावधानी से भरकर एप पर अपलोड करें, क्योंकि प्रत्येक प्रपत्र का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रपत्र के अनुपलब्ध होने पर बीएलओ को उसका कारण बताना होगा। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में जिनके पूर्वजों के नाम दर्ज हैं, उनसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं, जिनके नाम उस सूची में नहीं हैं, उन्हें उम्र और पहचान संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की जानकारी डेटाबेस से भिन्न या अधूरी मिलेगी, उन्हें नोटिस जारी कर जन्मतिथि, जन्मस्थान और नागरिकता संबंधी दस्तावेज मांगे जाएंगे। आवश्यक अभिलेख न देने पर ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम श्री सिंह ने बीएलओ से कहा कि यदि कोई मतदाता स्वयं अपना नाम विधानसभा क्षेत्र से हटवाना चाहता है, तो वह निर्धारित फार्म भरकर दे सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी प्रशिक्षण सत्र में तहसीलदार एस.एन. उपाध्याय, उमेश द्विवेदी, सुधाकर पांडे सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रीराम-जानकी मंदिर निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र के ग्राम गोल्हीपुर स्थित श्री राम-जानकी मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं भक्तों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख महंथ वीरेंद्र दास जी महाराज,रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में बिष्णु प्रताप गुप्ता (भाजपा मंडल अध्यक्ष, सादुल्लानगर,रमेश चंद्र तिवारी, बहरेची प्रसाद गुप्ता व ज्ञानचंद सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से शिलापूजन कर मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को प्रारंभ कराया रमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि मंदिर निर्माण से स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी आस्था को नया आयाम मिलेगा और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों ने भव्य मंदिर निर्माण पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसके जल्द पूर्ण होने की कामना की। धार्मिक भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा, अमरदीप ओझा, देवकीनंदन यादव, शिवनन्दन यादव, सुरेंद्र मिश्रा,राम अवध शर्मा, रक्षाराम यादव,राम तीरथ शर्मा, दयानंद यादव, चेतू यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

### श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, कथा व्यास बालक दास महाराज ने बताया भागवत महात्म्य



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के गोरखनाथ मंडपम में सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हुआ। प्रारंभ में पीठाधीश्वर योगी मिथलेश नाथ योगी ने श्रीमद् भागवत पुराण की पूजा-अर्चना व आरती कर कथा का उद्घाटन किया। उन्होंने कथा व्यास श्री स्वामी बालक दास जी महाराज का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पीठाधीश्वर योगी मिथलेश नाथ ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जीवन से मोह, लोभ, क्रोध जैसे विकार दूर होते हैं तथा मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा व्यास स्वामी बालक दास महाराज ने प्रथम दिवस में श्रीमद्भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भागवत श्रवण से व्यक्ति के हृदय में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्रेम और श्रद्धा से कथा सुनता है, उसके जीवन में ईश्वर कृपा सदा बनी रहती है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य बबिता सिंह, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, सदर विधायक पलटू राम, इकौना विधायक राम फेरन पांडे, नगर पालिका परिषद बलरामपुर अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह 'गुड्डू', भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैंस, कथावाचक सर्वेश जी महाराज, प्रधानाचार्य डीपी सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, देवीपाटन पुलिस चौकी प्रभारी अमर सिंह, मंदिर सुरक्षा चौकी प्रभारी रामकुमार पांडे सहित अनेक श्रद्धालु एवं साधु-संत उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्या ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**कहीं सख्ती, कहीं संवेदना- एक दिन में दिखी महिला आयोग की सक्रियता**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला कारागार, सीएचसी देवा, आंगनबाड़ी केंद्र कुसुम्भा और देवा कोतवाली का दौरा कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी।

**महिला बंदियों की सुविधाओं पर दिया जोर:** निरीक्षण के दौरान सदस्या ने जिला कारागार में महिला बंदीगृह का हाल देखा। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों को स्वच्छता और शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

**आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति कम:** कुसुम्भा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि दो केंद्र संचालित हैं, परंतु बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है। सदस्या ने कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास करें और शिक्षा के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ हर परिवार तक पहुँचाएं।

**देवा कोतवाली में मिशन शक्ति केंद्र का जायजा:** इसके बाद उन्होंने देवा कोतवाली में मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। महिला कांस्टेबलों से महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि हर फरियादी महिला से संवेदनशीलता से संवाद हो और उसकी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही, उन्होंने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देने पर बल दिया।

**दरगाह पर मांगी अमन-चैन की दुआ:** निरीक्षणों के सिलसिले के अंत में अंजू प्रजापति ने देवा शरीफ स्थित हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पहुँचीं। यहाँ उन्होंने चादर चढ़ाकर प्रदेश में शांति, सौहार्द और महिलाओं के सशक्तिकरण की दुआ मांगी।

**सीएचसी देवा में भोजन की गुणवत्ता पर सवाल**

अस्पतालों में सफाई और खानपान की स्थिति देखने के लिए अंजू प्रजापति ने सीएचसी देवा का गहन निरीक्षण किया। लेबर रूम की गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर कैंटीन संचालक एनजीओ टीम को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही सीएचसी अधीक्षक से कहा कि मरीजों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन हर हाल में उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। यहां उन्होंने प्रसूता महिलाओं से बातचीत कर दवाओं की उपलब्धता व इलाज की स्थिति भी जानी। वहीं सीएचसी पर दर्जनों की संख्या में उपस्थित आशा बहुओं ने सदस्या के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए समय से मानदेय भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। जिसपर उन्होंने सीएचसी अधीक्षक से जानकारी ली। तो उन्हें बताया गया कि सॉफ्टवेयर अपडेट न होने की वजह से देरी हुई है। जिस पर उन्होंने निर्देश दिये कि सभी आशा बहुओं का मानदेय समय पर भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाए।

महिला आयोग की सदस्या का यह दौरा साफ संदेश देता है कि सरकार की योजनाओं की ज़मीन पर जांच अब सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि जनहित की जिम्मेदारी है। इस मौके पर सीओ सिटी संगम कुमार, कोतवाली देवा प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, सीएचसी अधीक्षक देवा राधेश्याम गौंड सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तहसील क्षेत्र में एसडीएम ने क्रॉप कटिंग कर धान की पैदावार परखी



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र में धान की पैदावार का आंकलन करने के लिए उपजिलाधिकारी ने धान की क्रॉप कटिंग करवाई। इस दौरान उन्होंने अपने सामने खेत में धान कटवाए और उसकी पिटाई करवाकर वजन भी करवाया ।शुक्रवार को एसडीएम प्रीति सिंह राजस्व टीम के साथ किन्तूर गांव पहुंचीं। उन्होंने किसान जियालाल के खेत में 10 गुणा 10 मीटर के क्षेत्र में धान कटवाए। इसके बाद उनकी थ्रेसिंग और कुटाई करवाकर धान का वजन दर्ज किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी के साथ लेखपाल महेंद्र जायसवाल और राजस्व टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने धान की नाप की और क्रॉप कटिंग प्रक्रिया पूरी कराई। क्रॉप कटिंग के बाद धान का वजन किया गया, जिससे क्षेत्र की औसत पैदावार का आकलन किया जा सके।एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि क्रॉप कटिंग के माध्यम से धान की फसल पैदावार की जानकारी जुटाई गई है। उन्होंने इस दौरान किसानों से बातचीत भी किया।

## न्यायिक परिसर में हरियाली बढ़ाने का संदेश, मातृशक्ति को समर्पित वृक्षारोपण अभियान

**जजेज़ कम्पाउंड में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम, महिला न्यायिक अधिकारियों ने लगाए पौधे**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जजेज़ कम्पाउंड परिसर में नीम, बेल, पाकड और आम के पौधे लगाए गए। सबसे पहले जनपद न्यायाधीश ने पौधारोपण किया, इसके बाद महिला न्यायिक अधिकारियों ने क्रमवार पौधे लगाए। इस अवसर पर अल्पना सक्सेना, वंदना सिंह, लवली जायसवाल, सुधा सिंह, शाम्भवी यादव, रूचि तिवारी, शिवानी रावत, प्राची अग्रवाल, श्रद्धा लाल, वंदना, रिचा अवस्थी, सोनम शर्मा, और नेहा चौधरी सहित कई अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, नजारत प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी, और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश ने सभी प्रतिभागियों को पौधों की नियमित देखरेख करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की भागीदारी से न केवल समाज में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित होगी।

## नगर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने में दें सहयोग: अध्यक्ष

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्थानीय नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत सूखा और गीला कचरा प्रसंस्करण पर जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को घरों में कचरे का पृथक्करण करने और कूड़ा सड़क पर न फेंकने की अपील की गई।नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए केवल प्रशासन नहीं, बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आस-पास सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जब हर घर, हर गली स्वच्छ होगी तो नगर स्वतः सुंदर बन जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर निस्तारण से संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित स्थलों पर ही कचरा डालें और सफाई कर्मियों का सहयोग करें। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्था माधवराव फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए बताया कि यह पहल नगर की स्वास्थ्य सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगी। अभियान के दौरान मनीष श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के कर्मचारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में पेशकार की हुई मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




नगर पंचायत के बनी वार्ड में तीन दिन पूर्व संदिग्ध हालात में मिले 36 वर्षीय पेशकार की मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी पति-पत्नी को नामजद करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पड़ोसी दंपती पर हत्या का आरोप:** बुधवार की सुबह पेशकार का शव घर से कुछ दूरी पर शिवकुमार रावत के खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ों के बीच मिला था। उसके गले में अंगौछा कसा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसने से मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले को हत्या मानते हुए जांच शुरू की थी। मृतक के भाई सुशील ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी संजय और उसकी पत्नी केतकी ने उसके भाई की गला कसकर हत्या की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**रिश्ते को लेकर था विवाद:** ग्रामीणों के अनुसार, मृतक पेशकार का संजय की पत्नी केतकी से घनिष्ठ संबंध था। इसी को लेकर पहले भी दोनों परिवारों में विवाद हुआ था। लोगों का मानना है कि इसी रंजिश में पति-पत्नी ने मिलकर पेशकार की हत्या कर दी।

**पुलिस कर रही हर पहलू से जांच:** कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

## वन्देमातरम् गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर एसपी ने कराया गान



**बाराबंकी।** राष्ट्र गीत वन्देमातरम् रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार पाठक, क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी कार्यालय हर्षित चौहान व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वहीं जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गये।

## पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने पुल निर्माण की मांग की



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** श्रावस्ती लोकसभा के विकास खण्ड हरैया सतघरवा में ग्राम पंचायत देवपुरा अंतर्गत आने वाला शिवपुरा से बरदौलिया की मुख्य सड़क से करगौलिया गाँव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के नाले पर बना हुआ पुल जुलाई 2024 की बाढ़ में बह गया था जिससे करगौलिया, खैरहवा, भीतवरिया कलां, पदुमचक्की समेत कई गांव के लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है बारिश भर बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं गर्भवती महिलाओं समेत रोगियों को ले जाने वाली एंबुलेंस करगौलिया गांव में नहीं जा पाती है, आपातकालीन सेवा देने वाले वाहन गांव में नहीं पहुंच पाते हैं कोई भी सरकारी और प्राइवेट वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। लोगों को आने जाने के लिए बहुत लंबा चक्कर काटना पड़ता है कई बार ग्राम वासियों ने मांग किया लेकिन अब तक पुल नहीं बन पाया है पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन जिलाअधिकारी से मांग किया है कि शीघ्रति शीघ्र पुल निर्माण किया जाए जिसका सन्दर्भ संख्या 40018225023017 पोर्टल पर दर्ज हो गया है।

## मिशन शक्ति अभियान: आर्य नगर में महिलाओं को किया गया जागरूक

**साइबर फ्रॉड, आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




महिलाओं में आत्मनिर्भरता, सुरक्षा जागरूकता और डिजिटल सशक्तिकरण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत शुक्रवार, दिनांक 07 नवंबर 2025 को उतरौला नगर के मोहल्ला आर्य नगर में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के निर्देशन में किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी शालिनी सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं को साइबर फ्रॉड से बचाव, आत्मरक्षा के उपायों तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। शालिनी सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए प्रत्येक महिला को सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक, ओटीपी या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और किसी प्रकार की ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 या 112 पर संपर्क करें। उन्होंने महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान की मूल भावना से अवगत कराते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा तकनीक, घरेलू हिंसा अधिनियम और महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने कहा कि उतरौला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा मिशन शक्ति अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाने का एक आंदोलन है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा से संबंधित सवाल पूछे, जिनका विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। शालिनी सिंह ने प्रतिभागियों को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के संदेश को अपने परिवार और समाज में फैलाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबलों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति टीम ने यह संदेश दिया कि एक जागरूक महिला ही सुरक्षित समाज की नींव रख सकती है।

## 10,900 बच्चों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**


अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जो कि विगत तीन दशक से अनवरत चल रही है । इसके बारे में बताते हुए जिला समन्वयक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा गुलाबचंद भारती ने बताया कि यह जिले के 135 विद्यालयों में 10900 बच्चों ने परीक्षा दी। जबकि पिछले वर्ष यह परीक्षा 102 विद्यालयों में 9000 बच्चों द्वारा संपन्न कराई गई थी। जनपद के कार्यकर्ताओं के प्रयास व विद्यालयों के सहयोग से इस बार संख्या में वृद्धि हुई। आगे का लक्ष्य 15000 बच्चों को उक्त परीक्षा में भागीदारी कराना है। उक्त आयोजन में बलरामपुर के शिवकुमार कश्यप, सुनील वर्मा, दिलीप श्रीवास्तव, तुलसीपुर के नीरज गुप्ता ,राम भारती गोस्वामी, प्रदीप गोयल, कन्हैया लाल वर्मा, दिनेश रस्तोगी, राजीव गोयल, गैसड़ी में माता प्रसाद गुप्ता पचपेड़वा के खेमराज चौरसिया हरैया सतघरवा के आसाराम तिवारी उतरौला में प्रदीप गुप्ता रेहरा के डॉक्टर एन.के. शुक्ला एवं लगभग ढाई सौ कार्यकर्ताओं द्वारा परीक्षा संपन्न कराई गई।

**आरआर इंटर कॉलेज में हुई भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा**



**उतरौला (बलरामपुर)।** भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार, 07 नवंबर को आर.आर. इंटर कॉलेज, उतरौला में भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा का आयोजन बड़े ही गरिमामय माहौल में किया गया। यह परीक्षा गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसका संचालन प्रभारी शिक्षक शेषराम साहू के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस परीक्षा में कक्षा 5 से 11 तक के कुल 230 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का वातावरण पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण, अनुशासित और अध्यात्मिक भावना से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में सहयोगी शिक्षिकाओं रिया गुप्ता, रेनू सैनी और एस. के. सिंह ने परीक्षा के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। सभी पर्यवेक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों ने अत्यंत मनोयोग और अनुशासन के साथ परीक्षा दी।

## टीआरपी बढ़ाने के चक्कर में युवक ने शराब की दुकान पर किया हंगामा, पुलिस ने भेजा चालान



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** सोशल मीडिया पर लोकप्रियता व सुर्खियाँ बटोरने की मानसिकता से एक युवक ने बुधवार को सादुल्लानगर बाजार स्थित एकता चौक पर स्थित कम्पोजिट शराब की दुकान पर हंगामा कर दिया। घटनास्थल पर पहुँची पुलिस ने युवक को काबू कर थाने ले जाकर चालान भेज दिया। घटना दिनांक 4 नवंबर 2025 की है। आरोपी की पहचान शुभम तिवारी पुत्र चन्द्र प्रकाश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (निवासी-ग्राम रमईपुर, भगवान प्रसाद, मनकापुर गोण्डा) के रूप में हुई है। शुभम शराब की दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या-एफ.एल.(25-26)38504/ 182/ एल00220) पर पहुंचकर दुकान के सेल्समैन रवि साहू पुत्र भुल्लन निवासी मसकनवां से रुपए की मांग करने लगा। जब सेल्समैन ने असमर्थता जताई तो उसने जोर-जोर से चिल्लाना और हंगामा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक ने लोगों की भीड़ जुटाने का प्रयास किया और दुकान कर्मचारियों पर अभद्र टिप्पणियाँ कीं। युवक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए सुसंगत धारा 170/135/126 बीएनएसएस में चालान कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि ऐसे घटनाक्रम अक्सर अवैध वसूली या सोशल मीडिया पर सुर्खियाँ बटोरने की मंशा से किए जाते हैं।

# चौराहों पर न होने दी जाए टेंपो व टैक्सी की अनाधिकृत पार्किंग

समृद्धि न्यूज




लखनऊ। राजधानी में शुक्रवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात व्यवस्था को सुगम और सुदृढ़ बनाने को लेकर एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में आयोजित इस बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार, पीडब्ल्यूडी, आरटीओ, नगर निगम और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बैठक में स्पष्ट कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन हर हाल में सख्ती से कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनें, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाएं और कोई भी व्यक्ति वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि ब्लैकटॉप बढ़ाने, डिवाइडर निर्माण और सड़क मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता पर किया जाए।

ट्रैफिक जाम की समस्या पर चिंता जताते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि शहर के चौराहों पर टेंपो और टैक्सी का अनधिकृत पार्किंग बिल्कुल न होने दी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहों से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर ही सवारियां बैठाई या उतारी जाएं ताकि ट्रैफिक सुचारू बना रहे। आरटीओ को निर्देशित किया गया कि स्कूल वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र शत-प्रतिशत होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर प्राथमिकता से करें सुधार कार्य

बैठक में गुड सेमेरिटन योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य सड़क हादसों में घायलों की समय पर मदद के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे मददगार नागरिकों को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया जाए। इसके साथ ही हाईवे किनारे स्थित प्राइवेट ट्रॉमा सेंटरों को भी दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस उपचार के लिए सूचीबद्ध कराया जाए। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के सभी जनपदों में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति के तहत ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। अब इन स्थलों पर सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने, डिवाइडर और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य तय समयसीमा में पूरा किया जाए। बैठक के समापन पर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सड़कें सुरक्षित हों, नियमों का सख्ती से पालन हो और नागरिकों में ट्रैफिक अनुशासन की भावना विकसित की जाए।

# वोटर लिस्ट में जुड़ने से न छूटे किसी भी मतदाता का नाम : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर बीएलओ को वापस करें मतदाता**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अपील की है कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें।

मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र यानि एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण शुरू हो चुका है। बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दें। यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल होंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर को होगा। मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं। जिन पात्र नागरिकों का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा, जहां ईआरओ यानि एसडीएम कार्यालय द्वारा 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी कर सत्यापन किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### चला बुलडोजर, 20 से अधिक दुकानें और झोपड़ियां जमींदोज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी के ऐशबाग स्टेशन के पास (मवैया इलाके में) आज बुलडोजर कार्रवाई हुई है। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की तरफसे की गई है। बताया जा रहा है कि मवैया इलाके में रेलवे की जमीन पर लंबे समय से अवैध कब्जा था, जिसे आज खाली कराया जा रहा है। आरपीएफकी तरफसे मिली जानकारी के मुताबिक अवैध रूप से बनी दुकानों और झुग्गी- झोपड़ियों को हटाया जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर यहां भारी पुलिस फोर्स तैनात है। स्थानीय प्रशासन और स्टेट पुलिस की टीमें भी मौके पर मौजूद है। दरअसल, रेलवे की जमीन पर लंबे समय से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था, इतना ही नहीं उस पर दुकानें भी बना ली थीं। दुकानों और झोपड़ियों को हटाने के लिए कुछ दिन पूर्व नोटिस भी जारी की गई थी, लेकिन उसके बाद भी जगह खाली नहीं हुई, जिसके बाद आज यानी शुक्रवार को रेलवे प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई कर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कवायद शुरू कर दी है। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार का विरोध स्थानीय लोगों ने नहीं किया है।

### सड़क किनारे मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में शुक्रवार सुबह अज्ञनहरकलां गांव के बाहर सड़क किनारे एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची। महिला का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत था और शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। कपड़े भी फटे हुए थे। डीसीपी नॉर्थ गोपाल चौधरी ने बताया कि महिला की उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। शव चादर में लिपटा हुआ मिला है। आशंका है कि महिला की कहीं और हत्या कर शव यहां फेंका गया है। डीसीपी ने बताया कि अब तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी पहचान के लिए आसपास के थानों से गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस की कई टीमें जांच में जुटी हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया है। शिनाख्त होने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोनिवि चालक संघ चुनाव नौ नवम्बर को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजकीय परिवाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग की द्विवार्षिक अधिवेशन की घोषणा समयानुसार वर्तमान कार्यकारिणी ने कर दी है। लोक निर्माण विभाग विश्वैश्रैया प्रेक्षागृह में अधिवेशन चुनाव 9 नवम्बर 25 को सम्पन्न होगा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष शिव कुमार यादव एवं महामंत्री सुभाष चन्द्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से दी है। अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष ई. ए.के. द्विवेदी और विशिष्ट अतिथि प्रमुख अभियंता परिकल्प नियोजन ई. विजय कनौजिया और प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क ई. मुकेश चन्द्र शर्मा होंगे। संघ के अध्यक्ष शिव कुमार यादव और महामंत्री, सुभाष मिश्र बताया कि चुनाव के लिए सुनील कुमार यादव अध्यक्ष यूपी पीडब्लूडी सर्किल आफिसर्स मिनिस्टीरियल एसो.लोनिवि और सहायक चुनाव अधिकारी मंसूर अहमद प्रान्तीय महामंत्री उ.प्र. फेडरेशन आफमिनिस्टीरियल एसोसिएशन, हरिकेश यादव अध्यक्ष उ.प्र. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोनिवि को नामित किया गया है। अधिवेशन में मुख्य अभियंता विद्युत यांत्रिक, मुख्य अभियंता मुख्यालय दो, मुख्य अभियंता मुख्यालय वन और मुख्य अभियंता मध्य क्षेत्र सहित विभिन्न कर्मचारी, अभियंता संघ के पदाधिकारी आमंत्रित किये गए है। महामंत्री,इस द्विवार्षिक अधिवेशन के लिए मुख्य अभियंता कार्यालय से प्रदेश के सभी वाहन चालकों के लिए 8 एवं 9 नवम्बर 25 का विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया जा चुका है। अधिवेशन में प्रत्येक जनपदों से नियमानुसार सदस्यों को आमंत्रित किया जा चुका है।

### छात्र व दोस्त बस से टकराए, छात्र की मौके पर मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में बुलेट सवार 11वीं का छात्र और उसका दोस्त बस से टकरा गए। इससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। शुक्रवार सुबह छात्र अपनी बहन को स्कूल छोड़कर दोस्त के साथ घर लौट रहा था। स्कूल से निकलते ही एक प्राइवेट बस से टकरा गया। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे तो देखा कि 11वीं के छात्र वैभव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि उसका दोस्त शाश्वत सड़क पर तड़प रहा था। हादसे के बाद बस ड्राइवर भागने लगा, लेकिन एक ऑटो चालक ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। वैभव को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा आशियाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सवा 7 बजे हुआ। वैभव के नाना ने बताया वह स्टेला मॉरिस इंटर कॉलेज में पढ़ता था। उसके हाईस्कूल में अच्छे नंबर आने के बाद वकील पिता संतोष कुमार ने बुलेट गिफ्ट करने का वादा किया था। 22 दिन पहले संतोष का जन्मदिन था। उसी मौके पर उन्होंने बुलेट खरीदी थी। आज उसी बुलेट पर वैभव की जान चली गई। वैभव घर का इकलौता बेटा था।

### निजीकरण के विरोध में संघर्ष को मिला देशव्यापी समर्थन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और देश भर में चल रही निजीकरण की कोशिशों के बीच पूरे देश के बिजली कर्मियों ने उत्तर प्रदेश को टेस्ट केस मानते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे संघर्ष को पुरजोर समर्थन देने की मुहिम तेज कर दी है। संघर्ष समिति ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में चल रहे आंदोलन के साथ उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को वापस कराने हेतु भी अपना संघर्ष चलाएंगे।संघर्ष समिति ने बिजली संशोधन विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है क्योंकि इसका उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जो किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आत्मघाती साबित होगा।

सीएम योगी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कहा

# सम्पूर्ण राष्ट्र को जोड़ने का मंत्र है वंदे मातरम्

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के रचयिता स्व बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' भारत की भक्ति व शक्ति की सामूहिक तथा शाश्वत अभिव्यक्ति का स्वरूप है। वन्दे मातरम् भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान अमर मंत्र बना था। विदेशी हुकूमत द्वारा दी जाने वाली अनेक यातनाओं की परवाह किए बिना भारत के प्रत्येक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा क्रान्तिकारी ने इस गीत के साथ प्रत्येक गांव तथा नगर में प्रभात फेरी के माध्यम से सामूहिक चेतना का प्रसार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरणोत्सव आयोजित करने के लिए प्रेरणा प्रदान की।

मुख्यमंत्री यहां लोक भवन में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सन् 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वन्दे मातरम' के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ 'वन्दे मातरम' गीत का सामूहिक गायन किया। इसके वन्दे मातरम् भारत की सामूहिक अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्पूर्ण देश को एकता के सूत्र में बांधने वाला ऐसा मंत्र बना, जिसके माध्यम से व्यक्ति जाति, मत और मजहब से ऊपर उठकर राष्ट्र के बारे में सोच सकता है।

### संस्कृत व बांग्ला भाषा की सामूहिक अभिव्यक्ति है 'वन्दे मातरम'

पूर्व, मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गयी राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। 'वन्दे मातरम' केवल एक व्यक्ति, जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, वर्ग या भाषा का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि संस्कृत और बांग्ला भाषा की सामूहिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हुए, सम्पूर्ण भारत को एक राष्ट्र के भाव के साथ जोड़ने का अमर गीत है। इस गीत ने भारत की शाश्वत अभिव्यक्ति को देश वासियों के सामने प्रस्तुत किया था। यह वही भाव है, जो वैदिक वाक्य 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' से प्रकट होता है। प्रत्येक भारतीय के मन में यह अभिव्यक्ति सहज और सरल रूप से उस समय दिखायी दी, जब विदेशी हुकूमत ने सन् 1905 में बंग भंग के माध्यम से भारत की भुजाओं को काटने का दुस्साहसिक निर्णय लिया था। उस समय 'वन्दे मातरम' गीत ने देशवासियों को एकजुट होकर ब्रिटिश हुकूमत का प्रतिकार करने की प्रेरणा दी। देश की आजादी के आंदोलन के दौरान क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमते हुए 'वन्दे मातरम्' गीत का गायन किया था। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले प्रत्येक स्लोगन का हिस्सा बना।

## तकनीकी खराबी से लखनऊ में उड़ानें प्रभावित यात्रियों ने किया हंगामा

लखनऊ। दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर में तकनीकी खराबी आने के कारण दिल्ली से लखनऊ आने-जाने वाली कई उड़ानें लेट हो गईं। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी कनेक्टिंग उड़ान वाले यात्रियों को हुई। सूत्रों ने बताया कि विमानों की देरी से परेशान दिल्ली जाने वाले कुछ यात्रियों ने लखनऊ एयरपोर्ट पर हंगामा भी किया। एयरलाइंस अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। इनमें इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई 6350 सुबह 6. 35 बजे लखनऊ पहुंचनी थी, वह करीब 1 घंटा देरी से 7.34 बजे लखनऊ पहुंची। इसी तरह दिल्ली से सुबह 7. 10 बजे पहुंचने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2499 सुबह 9.15 बजे लैंड हुई।

# किसी भी तरह के कट्टर विचारों के खिलाफ होती है नयी पीढ़ी : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा कर बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी किसी भी तरह के कट्टर विचारों के खिलाफ होती है।

अखिलेश यादव ने लिखा कि नयी पीढ़ी इसीलिए नयी कही जाती है क्योंकि उसकी सोच नयी होती है, पुरानी नहीं। नयी पीढ़ी आने वाले कल की ओर खुले नजरिये से देखती है। वह पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक प्रगतिशील होती है और उसका सोचने का दायरा बहुत बड़ा होता है,। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी दुनिया भर को न केवल अनुभव करना चाहती है बल्कि गले भी लगाना चाहती है। नयी पीढ़ी का नेचर इंक्लूसिव और एकमोडेटिंग होता है। उसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होती। वह हर धर्म, पंथ और विचार के प्रति सहनशील होती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि नयी पीढ़ी के विचार फ्लेक्सिबल और मानवीय होते हैं। वह सबको सुनना, समझना चाहती है और उसके दिल में सम्मान, प्रेम और मोहब्बत भरी होती है।

## कई क्षेत्रों में 10 नवम्बर को जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

लखनऊ। शहर के कई प्रमुख इलाकों में 10 नवम्बर 2025 को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलकल विभाग ने इस संबंध में नागरिकों से आवश्यक तैयारी करने की अपील की है। विभाग के अनुसार गिरधर लाल माथुर रोड, मुसाहिब गंज के पास स्थित रॉ-वॉटर मेन फीडर पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण रॉ-वॉटर सप्लाई को निर्धारित समय के लिए रोकना आवश्यक होगा। जलकल विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मरम्मत का कार्य 10 नवम्बर को प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान गऊघाट पम्पिंग स्टेशन से ऐशबाग जलकल को रॉ वॉटर सप्लाई बंद रहेगी, जिसके परिणामस्वरूप ऐशबाग जलकल से जुड़े कई क्षेत्रों की सायंकालीन पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी।

# शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**आकाश इंस्टीट्यूट लखनऊ का एलयूसीके 662 केंद्र सुर्खियों में**

समृद्धि न्यूज




लखनऊ। लखनऊ का LUCK662 केंद्र एक बार फिर सुर्खियों में रहा, जहाँ 11 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर में प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता के प्रति बढ़ती रुचि को प्रदर्शित किया। इस उपलब्धि ने न केवल आईओक्यूएम में शहर की स्थिति को मज़बूत किया, बल्कि लखनऊ की शैक्षणिक गति को भी नई दिशा दी।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने संयुक्त रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जहाँ कुल 159 विद्यार्थियों ने आईओक्यूएम में सफलता प्राप्त की – उत्तराखंड 88 क्वालिफ़ायर्स के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश 71 क्वालिफायर्स के साथ उसके ठीक पीछे रहा। वहीं, एएनटीएचई 2025 में मध्य क्षेत्र से उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिसमें 14 लाख से अधिक छात्रों ने नामांकन कराया और 2.18 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। भारत में परीक्षा तैयारी सेवाओं के अग्रणी प्रदाता, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने लखनऊ में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स 2025 और आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। देश की दो सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में असाधारण सफलता प्राप्त करने वाले इन मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में एईएसएल की उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# शहीदों की स्मृति में ज्ञानदान ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आर्यकुल पत्रकारिता एवं जनसंचार कॉलेज, बिजनौर, सरोजिनीनगर, लखनऊ, उप्र के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 452वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

एसपी शर्मा एवं दीपा शर्मा ने अपने प्रिय पुत्र अमर शहीद मेजर रितेश शर्मा की स्मृति में संस्थान के पुस्तकालय में युग ऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किये तथा उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकगणों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किये। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि शहीदों की स्मृति में ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उमानन्द शर्मा ने अमर शहीद मेज़र रितेश शर्मा की वीर गाथा पढ़कर सभागार में सुनाया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की डीन रुचि सिंह तथा आर्य टीवी, आर्य प्रवाह पत्र के हेड डॉ. अजय शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की उप निदेशक डॉ.अंकिता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि श्री उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, वीके श्रीवास्तव एवं संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ.सशक्त सिंह, रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, रुचि सिंह, डॉ.अंकिता अग्रवाल, सुदेश तिवारी, आर्य टीवी, आर्य प्रवाह पत्र के हेड डॉ.अजय शुक्ला, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## अभियान : अतिक्रमण पर 14 हजार रुपए जुर्माना

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने दिन भर अभियान चलाकर कार्रवाई की है। अतिक्रमण के चलते लग रहे जाम पर नगर निगम के जोन-4 में अर्जुनगंज, आहिमामऊ और विभूति खंड सामान जब्त किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर भी अभियान चला। जोन- 3 में नीरा नर्सिंग होम से कपूरथला चौराहा तक दोनों ओर की पटरियों पर अवैध अतिक्रमण पर नगर निगम की टीम ने एक्शन लिया है। सड़क किनारे फैली गंदगी, अवैध ठेले-खोमचे, दुकान के बाहर अतिक्रमण और प्लास्टिक उपयोग की गहन जांच की गई। कई दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर सामग्री रखे जाने और गंदगी फैलाने की शिकायतें मिलीं। टीम द्वारा वैधानिक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने के मामलों में 20 चालान किए गए।

# पारा में घर से लाखों के गहने चोरी, शादी में गया था परिवार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र के मोहन चौकी अंतर्गत मुजफ्फर खेड़ा स्थित साबरी सिटी फेस-2 में बीती रात एक घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर करीब चार से पांच लाख रुपये के गहने लेकर फरार हो गए। घटना तब हुई जब परिवार के सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे।

साबरी सिटी फेस-2 निवासी मोहम्मद राहिब अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में चंद्रावल गए थे। रात करीब तीन बजे जब वे लौटे, तो उन्होंने पाया कि उनके घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने सभी कमरों की तलाशी ली और जेवरात व अन्य कीमती सामान चुरा लिए। चोरी हुए सामान में सोने का हार, दो झुमके, सोने की दो अंगूठियां, एक सोने की बाली, नाक की नथनी, पांच जोड़ी चांदी की पायलें और चांदी का झुमका शामिल हैं। पीड़ितों के अनुसार, चोरी हुए सामान लगभग चार से पांच लाख रुपए है। स्थानीय निवासियों ने रात में पुलिस गश्त की कमी पर चिंता व्यक्त की है। पड़ोसी इलियास ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति कम होने के कारण लोग अपने घरों को छोड़कर रिश्तेदारी में जाने से भी कतराते हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि चोर अब घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर को भी उखाड़कर ले जा रहे हैं, ताकि उनकी पहचान से संबंधित कोई फुटेज न मिल सके।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में प्रातः 9.30 बजे किया। यह आयोजन 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक इस कालातीत रचना के 150वें वर्ष के स्मरण में पूरे देश में किया जा रहा है।

वंदे मातरम गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जन-जन के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की, जो आज भी राष्ट्रीय गौरव, एकता और आत्मसम्मान का प्रतीक है। स्मरणोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर आज वाराणसी मे चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार की उपस्थिति में महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा व मण्डल रेल प्रबंधक, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा एवं मुख्यालय से आए हुए अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रातः 9:50 बजे उत्साहपूर्वक वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

इसी प्रकार लखनऊ स्टेशन के फर्स्ट क्लास पोर्टिको पर आयोजित कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (लखनऊ) नीलिमा सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रेलकर्मियों, यात्रियों तथा आमजन ने भाग लिया। सभी प्रमुख स्टेशनों लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या धाम, सुलतानपुर, बाराबंकी, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही आदि पर वंदे मातरम् के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया।

समाधान दिवस | नगर निगम लखनऊ मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# हर नागरिक को समय पर मूलभूत सुविधाएं देना नगर निगम का लक्ष्य

**महापौर के सामने संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 81 शिकायतें**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शहरवासियों की विभिन्न नागरिक समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान कर निर्धारण, जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश, सफाई व्यवस्था, सीवर एवं ड्रेनेज से जुड़ी शिकायतों सहित अन्य शहरी सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह व विनय कुमार राय, नगर निगम के सभी 8 जोनों के जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, जोनल सेनेटरी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित रही।इस माह के संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न जोनों से कुल 68 आपत्तियाँ एवं जलकल से संबंधित 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस प्रकार कुल 81 शिकायतें दर्ज की गईं। जोनवार प्राप्त शिकायतों में जोन-1 से 13, जोन-2 से 15, जोन-3 से 07, जोन-4 से 06, जोन-5 से 03, जोन-6 से 10, जोन-7 से 11,जोन-8 से 03 कुल 68 और जलकल सम्बंधित 13 शिकायत प्राप्त हुई। महापौर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा निस्तारण की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। समाधान दिवस पर नसरीन हैदर, अलीगंज, राजकुमारी, नटखेड़ा वार्ड गुरुनानक नगर, राम तीरथ चौधरी, खरिका-प्रथम वार्ड, मनीष मित्तल, इंदिरा नगर, फातिमा जहरा, अलीगंज गृहकर निर्धारण कम किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य है कि हर नागरिक को समय पर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हों। शिकायतों का समाधान केवल कार्यवाही नहीं, बल्कि शहर के प्रति हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है।

# राष्ट्र की एकता व अखंडता के प्रतीक थे सरदार पटेल






समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर ब्लॉक सभागार विशेश्वरगंज में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि राकेश पांडेय ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि सरदार पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोकर भारत को मजबूत नींव प्रदान की। उनके आदर्श, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी हर भारतीय को प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि भाजपा राजकुमार शुक्ल, मोहन चंद्र पांडेय, दीपक मिश्र, त्रिलोकी चौबे, ग्राम सचिव अनुराधा चौरसिया, सतवंत सिंह, लक्ष्मी नारायण, महेश प्रताप सहित ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। सभी ने लौह पुरुष की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में ब्लॉक प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। समारोह के दौरान देशभक्ति से सराबोर वातावरण और उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## मिहींपुरवा में मनाई गई सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक सभागार भवन में भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलहा विधायक रही। जिले के ब्लॉक मिहीपुरवा के ब्लॉक सभागार भवन में शुक्रवार को भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयंती सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर रही।

वही विशिष्ट अथिति ब्लाक प्रमुख मिहीपुरवा अभिषेक वर्मा सौरभ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर रहीं**

बलहा विधायक सरोज सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल जी अपने जीवन काल में भारत को एक नई दिशा व दशा दी। उनका योगदान हम लोग कभी नहीं भूल पाएंगे।

सरदार बल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष भी कहा जाता हैं क्योंकि उन्होंने 562 रियासतों को भारत में एकीकृत कर करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत को एक आकार देने का कार्य किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बलहा आलोक जिन्दल मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह शिव कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य नव युग इण्टर कालेज सुभाष वर्मा मण्डल अध्यक्ष उर्रा मोती लाल निषाद अध्यक्ष प्रधान संघ अजय वर्मा महामंत्री रमेश मौर्या जी दिलीप वर्मा जी गणेश वर्मा शुब्रत वर्मा, रोहित श्रीवास्तव, रोहित गुप्ता हर्षित शुक्ला रामहित, मुकुल मद्देशिया, उमेश कुमार सिंह कार्यक्रम के सफल संचालक प्रभुनाथ गौतम जी प्रधान गण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं कार्यकर्ता ब उपस्थित रहे।

# आधा-अधूरा ही रह गया अतिक्रमण हटाने का कार्य



समृद्धि न्यूज़

**रुपईडीहा,बहराइच।** नगर पंचायत रुपईडीहा में बहुत दिनों से लम्बित अतिक्रमण हटाने का कार्य लाव लश्कर के साथ शुरू तो हुआ लेकिन केवल एक दिन चल कर रुक गया।राष्ट्रीय राजमार्ग पर एसएसबी बैरियर से सेन्ट्रल बैंक चौराहे तक दोनों ओर अतिक्रमण हटाया गया।

चौराहे पर सचल शौचालय एवं स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था भी की गयी। लेकिन काम इसी पर रुका है। दूसरे दिन सड़क की पटरी पर पड़ी मिट्टी ईंटें आदि हटायी गयी। जिसमें कहीं कहीं दुकान के सामने से अधिक मात्रा में मिट्टी हटाने से नाली का पानी सड़क पर बहने लगा है जिससे दुकानदारों को बहुत असुविधा हो रही है। या तो एनएच या नगर पंचायत मिट्टी डलवाये अथवा पटरियों पर इंटर लाकिंग कराये अन्यथा दुकानदारों को असुविधा हो रही है। नालियां पूरी तरह जाम हैं एनएच न तो नालियों की सफाई करा रहा है और न ही अधूरी नालियां बनवा रहा है।नागरिकों ने मांग की है की अति शीघ्र अधूरी नाली बनायी जाय नालियों की सफाई कराई जाय।अतिक्रमण हटाने का शेष कार्य भी पूरा किया जाय।

**मिट्टी हटाने से नाली का पानी सड़क पर बह रहा दुकानदारों को हो रही है परेशानी**

## खबरें एक नजर में

### पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली और पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक फिटनेस पर विशेष जोर दिया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए दौड़ लगवाई गई। साथ ही, अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल का भी आयोजन किया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल, विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी और प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षीगण शामिल हुए।पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, आरटीसी/आदर्श मेस और बैरक सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने आरटीसी बैरक और मेस की साफ-सफाई तथा गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों की जांच की गई। गार्द की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। परेड में प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह और प्रभारी आरटीसी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### हॉकी संघ के शताब्दी वर्ष पर मैच, पुरुष वर्ग डीएचए विजेता



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारतीय हॉकी संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इंदिरा स्टेडियम में महिला और पुरुष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पुरुष वर्ग में डीएचए की टीम विजेता बनी, जबकि महिला वर्ग का खिताब स्टेडियम की टीम ने अपने नाम किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम करण टेकरीवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पुरुष वर्ग का पहला मैच डीएचए और स्टेडियम के बीच खेला गया, जिसमें डीएचए की टीम विजयी रही।वहीं, महिला वर्ग की प्रतियोगिता स्टेडियम और डीएचए के बीच हुई, जिसमें स्टेडियम की टीम ने जीत हासिल की। इस दौरान मोहम्मद आरिफ ने हॉकी प्रशिक्षक और संजय सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिला हॉकी संघ बहराइच के सचिव महफूज रियाज खां, वलीउर्रहमान, सभासद अब्दुल रज्जाक, डॉ. दानिश, एथलेटिक्स प्रशिक्षक ओमकार नाथ और विनोद कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में, बहराइच के क्रीड़ाधिकारी आनंद कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को महान साहित्यकार बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित अमर राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन से प्राप्त निर्देशों व पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन के अनुपालन में जनपद गोण्डा के सभी थानों में प्रातः 10.00 बजे सामूहिक रूप से वन्दे मातरम् गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी थानों पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण वर्दी में एकत्र होकर अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया। राष्ट्रगीत की धुन के साथ वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। पुलिसकर्मियों में मातृभूमि के प्रति समर्पण, सम्मान एवं गौरव की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। यह गीत भारत माता के प्रति हमारे सम्मान, समर्पण, साहस और त्याग का प्रतीक है। और सदैव अपनी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है। थाना प्रभारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस बल में राष्ट्रभक्ति एवं कर्तव्यपरायणता की भावना को प्रबल करने के साथ-साथ जनमानस में देशप्रेम की भावना को सशक्त बनाते हैं। राष्ट्रगीत के गायन का यह कार्यक्रम जनपद के सभी थाना परिसरों में भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

### एक दिवसीय युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बहराइच।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा महिला पीजी कॉलेज में एक दिवसीय युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका विजन विकसित भारत 2047 था जिसके तहत पेंटिंग, कहानी लेखन, कविता लेखन, डिक्लेमेशन, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, व साइंस मेला इनोवेशन ट्रैक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद बहराइच श्रावस्ती से विधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। विजेता प्रतिभागियों के चयन हेतु जज के रूप में श्रद्धा पांडे, केडीसी के चित्रकला की सविता वर्मा, तस्मीन फातिमा जैदी, आकांक्षा पटेल, रीता शुक्ला सुधा सिंह आदि मौजूद रहे।

## हादसा : ट्रक से बचने के चक्कर में पलटी ट्रॉली, तीन लोग घायल



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जनपद में नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची मोतीपुर थाना पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जहां पर घायलों का इलाज किया जा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टर ट्राली के सामने अचानक ट्रक आ गया जिससे बचने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली पलट गया।नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा सिंघानिया ढाबा के पास शाम करीब 5-50 बजे हुआ.सामने से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में ट्रैक्टर गड्ढे में जा गिरा, जिससे यह दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना में जयराम पुरवा गांव निवासी शिवपूजन (35) पुत्र गोकुल और धर्मेंद्र (30) पुत्र सिमरन गंभीर रूप से घायल हो गए। इन दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। ट्रैक्टर पर सवार वंदना (9) पुत्री शिवपूजन को हल्की चोटें आई हैं, जबकि फूलचंद (9) पुत्र मोतीलाल पूरी तरह सुरक्षित हैं।मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है और घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है।

## बच्ची के मिले अवशेष, वन विभाग ने की जांच

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील के फखरपुर ब्लॉक के कंदौली गांव में पांच दिन पहले घर से लापता हुई डेढ़ साल की बच्ची के अवशेष गुरुवार को गन्ने के खेत में मिले हैं।

बच्ची को 5 दिन पहले सुबह एक भेड़िया घर के अंदर से उठा ले गया था। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदौली के मजरा गोरछहन पुरवा निवासी राकेश की बेटी शानवी को भेड़िया आंगन से उठा ले गया था। घटना के बाद तलाश करने पर कुछ दूरी पर खून के निशान मिले थे, लेकिन मासूम का कोई पता नहीं चल सका था।

लगातार तलाश जारी रहने के बाद गुरुवार को गांव से कुछ दूरी पर स्थित खेतों में बच्ची की खोपड़ी और फटे कपड़े बरामद हुए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि मासूम के शरीर के टुकड़े मिले हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वन विभाग मामले की आगे की जांच कर रहा है।

### सांप ने काटा तो डिब्बे में बंदकर अस्पताल पहुंचा युवक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक सांप के साथ अपना इलाज कराने पहुंचा। युवक को सांप ने काट लिया था, जिसके बाद वह उसे एक डिब्बे में बंद कर अस्पताल ले आया। यह घटना गुरुवार शाम की है। चिलवरिया बाजार निवासी 40 वर्षीय प्रकाश अपनी आटा चक्की पर काम कर रहे थे, तभी एक सांप ने उन्हें डंस लिया। सांप के काटने के बाद प्रकाश ने उसे पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया। इसके बाद परिजन युवक को सांप के साथ मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए ले गए। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राजेश सोनकर ने बताया कि चिलवरिया बाजार के प्रकाश सांप लेकर इलाज कराने आए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है और उनका इलाज जारी है। डॉक्टर के अनुसार, प्रकाश की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।



आटा चक्की में काम करते समय डसा, इलाज कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचा

## कई मार्गों को न बनवाए जाने के कारण आप ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** शुक्रवार को जनपद गोण्डा के कटरा विधानसभा के ग्राम पंचायत चिलबिला खत्तीपुर विकासखंड पड़री कृपाल में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पण्डित व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा मंजू देबी जायसवाल जी के नेतृत्व में चिलबिला खत्तीपुर के ग्राम डिहिवा व बनकटी के पांच मार्गों के निर्माण के सन्दर्भ में मुख्य विकास अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया जिसमें सभी मार्गों को बनवाये जाने का जल्द-से-जल्द आग्रह किया गया है । जिलाध्यक्ष अज्जू पण्डित जी ने यह भी आगाह किया है कि यदि मांगे न मानी गई तो ग्रामीणों को लेकर जल्द ही धरना प्रदर्शन की योजना तैयार की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से लक्ष्मी श्रीवास्तव महासचिव महिला मोर्चा,दशरथ नेता कटरा विधानसभा, विजय गुप्ता, गंगा राम प्रजापती, विश्वनाथ, गुरु प्रसाद, लवकुश, सुग्गा देबी, मीना देबी, चांदनी जायसवाल आदि सभी ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### नौकरी का झांसा देकर ठगी करने का इनामिया जालसाज अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा।** दिनांक 20 जून 2025 को वादी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र नरसिंह नरायन सिंह निवासी ग्राम पुरैना, पूरे हिमाचल थाना परसपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना परसपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी श्री प्रकाश शर्मा द्वारा माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रु0 4,50,000/- की ठगी की गयी है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना परसपुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अभियुक्त प्रकाश शर्मा गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा था। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा अभियुक्त प्रकाश शर्मा की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु 50,000/-का ईनाम घोषित किया गया था। जिसमें दिनांक 06.11.2025 को एस0टी0एफ0 लखनऊ की टीम द्वारा 50,000/- रू0 के इनामिया - प्रकाश शर्मा पुत्र राम कुमार शर्मा नि0 कुड़रा पूरे बरईन परसपुर गोण्डा को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## लोजपा ने आरपीएफ कस्टडी में मृत युवक के परिजनों को दो करोड़ मुआवजा देने की उठाई आवाज



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** लोक जन शक्ति पार्टी (राम विलास पासवान) के श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं के साथ मृतक के परिजनों से मिलकर मुआवजा व सरकारी नौकरी दिलाने का दिया आश्वासन गोण्डा लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास पासवान) के श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जॉय बनर्जी ने प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ शुक्रवार को पूर्वाह्न थाना मोतीगंज स्थित ग्राम किनकी का दौरा कर आरपीएफ पुलिस कस्टडी में मृतक संजय सोनकर के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

लोजपा नेताओं ने दलित परिवार के युवक संजय सोनकर की मंगलवार को आरपीएफ कस्टडी में मरने की घटना को केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को अवगत करा कर प्रदेश सरकार से दो करोड़ रुपये का मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। लोजपा(रा)के प्रदेश महासचिव डॉ0 कल्पराम त्रिपाठी ने बताया कि दल में शामिल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमिता बनर्जी ने मोतीगंज थानाध्यक्ष अरविन्द यादव से आरपीएफ के सभी आरोपितों को गिरफ्तार करने और पीडित परिवार को समुचित सुरक्षा देने की मांग की जिस पर थानाध्यक्ष ने परिवार की सुरक्षा का आश्वासन दिया। लोजपा के जटाशंकर बाल मीकि, मंडल अध्यक्ष, त्रिभुवन प्रसाद,सुनीता श्रीवास्तव, पूनम सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे शामिल रहे।

## लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम विवाह से दर्शक मंत्रमुग्ध



समृद्धि न्यूज

**गोंडा/मनकापुर।** मनकापुर नगर पंचायत क्षेत्र में श्री राम जानकी पंचायती मंदिर स्थित रामलीला मैदान में चल रही रामलीला मैं गुरुवार की रात मिथिला के स्वयंवर मैं भगवान परशुराम लक्ष्मण संवाद मंचित किया गया । परशुराम के मंच पर आते ही पूरा वातावरण गूंज उठा।

परशुराम और लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले कलाकार ने अपने प्रभावशाली संवादों और दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मंच पर मिथिला में धनुष भंग होने पर भगवान परशुराम की तपस्या भंग हो जाती है जिससे वह क्रोधित होकर मिथिला पहुंचते हैं जिससे वहां पर उपस्थित सभी राजा महाराजाओं एवं अतिथियों को भला बुरा कहते हैं जिस पर लक्ष्मण आक्र?शित हो जाते हैं। फिर भगवान परशुराम और लक्ष्मण में विवाद हो जाता है उसके उपरांत भगवान श्रीराम के द्वारा भगवान परशुराम का संसे दूर किए जाने पर भगवान परशुराम वापस सभा से लौट जाते हैं।

इसके बाद मिथिला में अयोध्या से राजा दशरथ के बारात का मिथिला में आगमन होता है जिस पर मिथिला के राजा जनक एवं वहा की प्रजा ने बारातियों का स्वागत एवं सत्कार बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ किया गया। उसके उपरांत भगवान श्री राम, माता सीता का विवाह संपन्न हुआ जिसे देखकर दीघा? में बैठे सभी भक्तजन भाव विभोर हो गए और विवाह लीला का आनंद लिया पूरा वातावरण जय श्री राम जय श्री सीताराम के नाम से गूंज उठा।

रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता एवं समिति के सदस्य गणों ने बताया कि ऐसा मंच हमारे सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखते हुए और नई पीढ़ी को जोड़ते हैं

**गौरव** | पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह की उपस्थिति में किया गया वन्दे मातरम का सामूहिक गायन

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे, पुलिस बल में दिखा देशभक्ति का रंग

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** वर्ष 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित, देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वन्दे मातरम का सामूहिक गायन पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह की उपस्थिति में किया गया। उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को राष्ट्रगीत के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।



मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। वंदे मातरम् एक गीत नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में अविरल बहने वाला वह भाव तथा उस अमर आत्मा का प्रतीक है, जो करोड़ों भारतीयों के हृदय में जोश, त्याग, समर्पण और देश प्रेम की ज्वाला प्रज्वलित करता है। यह वह स्वर है जो पीढ़ियों से भारतवासियों के हृदयों में एकता, उत्साह और समर्पण का संचार करता आया है। आज जब हम इस राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगाँठ मना रहे हैं, तब यह केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उस स्वदेशी संकल्प को पुनः दृढ़ करने का क्षण है, जिसने भारत को आत्मनिर्भरता, एकता और श्रेष्ठता के मार्ग पर अग्रसर किया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस अमूल्य रचना ने गुलामी की दासता से जूझते भारत को एक नई ऊर्जा और पहचान दी।

आइए, हम सभी इस गौरवशाली 150वें वर्ष को गर्व और उत्साह के साथ मनाएं और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाएं।

### जिला पंचायत सभागार में सजीव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रभक्ति एवं गौरव के प्रतीक राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला पंचायत सभागार, गोंडा में वन्दे मातरम् जीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। इसके पश्चात् सजीव प्रसारण के माध्यम से देशभर में आयोजित वन्दे मातरम् @150 कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारे अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्य के प्रति समर्पण, ईमानदारी एवं देशभक्ति की भावना को सदैव बनाए रखें। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि यह अवसर हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं व प्रतिनिधि उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### धान काट रहे लोगों पर सियार ने किया हमला, तीन लोग जख्मी

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के मेरूई गांव में उस समय अपरा तफरी का माहौल हो गया जब धान काटते समय किसानों पर अचानक सियार ने हमला कर दिया इस दौरान महिला पुरुष समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर कुमार विमल ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा तीन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। जहां पर सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। उनके शरीर और मुख में चोटों के निशान थे। जो सियार के काटने का बताया जा रहा है। जिसमें रामशंकर आरती और खुशबू बताई जा रहे हैं। यह सभी मेरूई और गौनहा गांव के रहने वाले हैं। वहीं रामशंकर ने बताया कि हम सभी धान की कटाई कर रहे थे और अचानक सियार ने हमला बोल दिया जिसमें से हमारे साथ के तीन लोग घायल हुए और मवेशियों को भी काटकर जख्मी कर दिया।

### राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया सामूहिक गायन



**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रांगण में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना की 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक, प्रधानाचार्य, छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ की मौजूदगी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने राष्ट्रगीत के महत्व, राष्ट्रीय भावनाओं एवं कर्तव्य निष्ठा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लेते हुए छात्र-छात्राओं को भी इसके बारे में जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन



**बिसवां (सीतापुर)।** मौलाना आज़ाद हायर सेकेंडरी स्कूल, बिसवां में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि जिला मुख्यायुक्त रमेश बाजपेई की उपस्थिति से कार्यक्रम का गौरव बढ़ा। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक जिला आयुक्त (बिसवां) रूपेश अवस्थी, सहायक जिला आयुक्त (महमूदाबाद) अभिषेक वर्मा तथा हिमालय वुड बैज स्काउट दीपक राठौर शामिल हुए। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षुओं को स्काउट–गाइड की भावना और सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित किया। सहायक जिला आयुक्त (बिसवां) अखिलेश शुक्ला, ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट/गाइड अंकित गौरव एवं कु. रोहिणी यादव को भी तहसील बिसवां में हुए इस सफल शिविर के लिए सराहा गया। शिविर संचालन का दायित्व एल.टी. स्काउट मंगली प्रसाद, सहायक प्रशिक्षक अनिल बंशवार एवं गाइड कैप्टन कु. प्रतिभा यादव ने संभाला। उनके उत्कृष्ट संचालन एवं समर्पण की सभी ने प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य, स्टाफ सदस्यों और सहयोगी शिक्षकों के सहयोग से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी स्काउट्स एवं गाइड्स को उनके अनुशासन, उत्साह और सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया।

### 8 से 11 तक सम्पन्न होगा सर्वर पर रख-रखाव एवं स्थानान्तरण का कार्य

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/पदेन जिला निबन्धक नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल हेतु प्रयुक्त एनआईसी द्वारा संचालित मेघराज क्लाउड सर्वर को नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) पर स्थानान्तरित किया जाना है। इस कारण दिनाँक 08.11.2025 से 11.11.2025 तक (कुल चार दिवस) सर्वर पर रख-रखाव एवं स्थानान्तरण का कार्य सम्पन्न किया जाएगा, जिसके फलस्वरूप उक्त अवधि में आमजन द्वारा ऑनलाईन लेखपत्र पंजीकरण एवं अन्य आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा तथा उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य सम्पादित नहीं किया जा सकेगा। अतएवं दिनाँक 08.11.2025 से 11.11.2025 तक आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा तथा उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य सम्पादित नही किया जा सकेगा।

### एसआईआर की प्रक्रिया से लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती: राजेश शुक्ला



**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में एस आई आर से संबंधित विभिन्न बैठकें बिसवां, महोली व सीतापुर विधानसभा में आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभाओं व अन्य पदाधिकारियों से पार्टी के निर्देश के अनुसार लोगों को इस प्रक्रिया के विषय में जागरूक कर उनको सरलता से जोड़ने का आवाहन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस एस आई आर से जहां मतदाता के मत की शक्ति बढ़ेगी वहीं पूर्व की सरकार में बनाए गए अनाधिकृत मतों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा जिससे लोकतंत्र की प्रक्रिया मजबूत होगी और मतदाताओं के मत का मूल्य बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया की जागरूकता के हेतु प्रदेश विधानसभा एवं बूथ स्तर पर भी लगातार बैठकें की जा रही है और पदाधिकारियों को पार्टी के निर्देशों के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया जा रहा है। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने एस आई आर प्रक्रिया को लोकतंत्र के लिए मजबूत एवं आवश्यक बताया। बैठकों को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी विधानसभा पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सहजीपुर फाटक पर पलटा चूनी से लदा ट्रक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के अमेठी अंतू मार्ग पर सहजीपुर फाटक पर शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 4:30 बजे चूनी से लदा ट्रक यू.पी. 33 टी 2020, स्वस्तिक ब्रांड सिंगल रोलर फ्लोर मिल अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। ट्रक जायस से चूनी लेकर भदोही की ओर जा रहा था। खलासी शत्रुघ्न पटेल ने बताया कि घटना के समय ड्राइवर लवकुश पटेल को झपकी आ गई, जिसकी वजह से वाहन संतुलन खो बैठा और सीधा गड्ढे में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन चालक और खलासी दोनों निवासी मवई आलमपुर, जायस को खरोंच तक नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सहजीपुर फाटक लंबे समय से दुर्घटना का हॉटस्पॉट बना हुआ है। यहां सड़क किनारे गहरे गड्ढे और उचित संकेतकों की कमी के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से फाटक की मरम्मत, सड़कों के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई है ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

### दबिश में पकड़ी गई 56ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार 7 नवंबर को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- केशवपुर, जमुनीपुर, गौरीगंज, जलाली, रुस्तमपुर, सरुवावा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र - मुसाफिर खाना के थाना-बाजार शुकुल के ग्राम - जलाली व रुस्तमपुर से लगभग 56ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही मे 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही में चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफिर खाना व समस्त स्टाफ क्षेत्र - मुसाफिर खाना से तीरथनाथ, शमशेर कुमार, सर्वेश वर्मा व ब्रजेश पाण्डेय वाहन चालक शामिल रहे।

# सफेद हाथी बना चार करोड़ 95 लाख 65 हजार का मिनी ग्रिड सोलर पावर प्लांट

▸ पिछले दो वर्षों से खराब है सोलर पावर प्लांट चन्दापुर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मौजूदा भाजपा सरकार जहां सौर ऊर्जा को बढ़ावा देती है और तमाम तरह की योजनाएं चलाकर सौर ऊर्जा पर बल देती है। वही चन्दापुर मे करोड़ों रुपए की लागत से बना हुआ मिनी ग्रिड सोलर पावर प्लांट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। समाजवादी पार्टी की सरकार में बछरावां विधानसभा के विधायक रामलाल अकेला के समय 2016-17 मे चन्दापुर राजा के प्रयासों से सोलर पावर प्लांट लगाया गया था जिसका काम था पूरी ग्राम पंचायत को सौर ऊर्जा द्वारा बिजली सप्लाई करना तथा ग्राम पंचायत के कुछ किसानों ने बताया कि हम सभी छोटे-छोटे नलकूप लगाकर सिंचाई भी कर लेते थे और यह व्यवस्था पूरी तरह से फ्री थी और 24 घंटा हम सभी को बिजली मिल रही थी सोलर पावर प्लांट की क्षमता 230 किलो वाट थी तथा लाभान्वित आबादी 3290 थी और इस सोलर पावर प्लांट में चार करोड़ 95 लाख 65000 खर्च किए गए थे जिसे गुड़गांव की एक कंपनी द्वारा इसका निर्माण किया गया था। और पूरी ग्राम पंचायत में यह बिजली की समस्या को करीब करीब खत्म कर चुका था लेकिन पिछले दो वर्षों से मिनी ग्रिड सोलर पावर प्लांट नहीं चल रहा है जिसकी वजह से वो अब एक सफेद हाथी बनकर रह गया है। वही ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि इससे मिलने वाली बिजली पूरी तरह से फ्री थी और 24 घंटे रहा करती थी हम लोगों को बहुत आराम था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से खराब हो गया जब इसकी खराबी के बारे में ऑपरेटर से जानकारी ली गई तो उसने बताया कि तकनीकी खामियों की वजह से यह खराब है।

**ऑपरेटर पुष्पेंद्र ने कहा-** तकनीकी कमी के कारण पिछले 2 वर्षों से नहीं चल रहा है मैं छुट्टी पर घर गया हूं लौट कर आऊंगा तो आपको पूरी फाइल दिखाऊंगा तथा मुझे वेतन मिल रहा है लेकिन यह पिछले 2 वर्षों से नहीं चल रहा है।

पूरी ग्राम पंचायत से बिजली की समस्या खत्म करने वाले मिनी ग्रिड सोलर पावर प्लांट के बंद होने से चन्दापुर वासियों में निराशा भी देखी जाती है कि पहले हम सभी को मुफ्त में सौर ऊर्जा से बिजली मिल जाया करती थी अब तो पैसा देना पड़ता।

## आकर्षण का केंद्र बना डलमऊ महोत्सव




**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ महोत्सव में प्रतिदिन आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महोत्सव में लगी प्रदर्शनी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जिनमें विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियाँ एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है डलमऊ महोत्सव में शुक्रवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में अंकित राज कृष्णा ग्रुप द्वारा श्री कृष्णा की संपूर्ण लीला का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई वही रामदत्त पांडे के द्वारा आल्हा गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा पर्णिका श्रीवास्तव के द्वारा गंगा अवतरण का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर दर्शकों ने कलाकारों का जमकर उत्साह वर्धन किया महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और धार्मिक गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को आकर्षित किया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पद में शुभम गौड़ गिरजा शंकर त्रिपाठी आशीष श्रीवास्तव मनोज पांडे सतीश जायसवाल एवं अन्य गणमान्य सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## फिर शुरू हुआ पुल निर्माण क्षेत्रीय जनता में खुशी

**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के कैर गांव के पास नैय्या नाला पुल का निर्माण कार्य आज से फिर शुरू हो गया है। भारी बारिश के कारण यह कार्य रोक दिया गया था, जिससे इन्हौना मार्ग पर बड़े और छोटे वाहनों का आवागमन बाधित हो गया था। बाईपास पर पानी भर जाने के कारण केवल बाइक और साइकिल को ही अनुमति थी। बारिश थमते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। कुछ ही समय में बाईपास को चार पहिया और अन्य सभी वाहनों के लिए खोल दिया गया। इसके साथ ही, पुल निर्माण का कार्य भी आज से दोबारा शुरू कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत



मिली है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पुल निर्माण की निर्धारित अवधि मई 2026 तक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि तब तक पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। राजेश कुमार ने यह भी कहा कि बाईपास को उनके और कर्मचारियों के अथक प्रयासों से चालू किया गया है, और पुल का निर्माण जल्द पूरा कर इसे सुचारु रूप से यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## मऊ गर्वी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

▸ हनुमान गढ़ी खेल मैदान में बच्चों और युवाओं ने लिया हिस्सा



मऊ गर्वी के हनुमान गढ़ी खेल मैदान में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मऊ गर्वी और कोटवा मोहम्दाबाद न्याय पंचायत के बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव में कबड्डी, 200 मीटर, 100 मीटर, 50 मीटर दौड़, रस्साकशी और लंबी कूद जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के अनुसार, ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें भविष्य में खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, मऊ गर्वी ग्राम प्रधान भेलाई मौर्य, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह, खेल अनुदेशक इंद्र कुमार और सचिन सोनकर सहित कई शिक्षक व विकास विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव बच्चों को खेल के क्षेत्र में नई दिशा देने वाला अभियान है।

### तालाब में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**सलोन, रायबरेली।** संदिग्धावस्था में दो दिन से लापता युवक का शव मिला। तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया। मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव का है। जहां राहुल पुत्र माता बदल उम्र लगभग 25 वर्ष का तालाब में शव मिला। परिजनों के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर राहुल गंगा स्नान करने गया था ।उसके बाद घर आया और शराब के नशे में अपने कपड़ा फाड़ दिए। फिर दूसरे कपड़े पहनकर साइकिल से कहीं चला गया ।तलाश करने पर कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। आशंका के तौर पर तालाब का पानी निकलवाया गया तो युवक का शव तालाब में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## दो दिवसीय संस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ समापन

**सीतापुर**

नैमिष धाम में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सुमन शिक्षा सेवा संस्थान न्योराजपुर सिधौली सीतापुर द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह स्टेशन रोड नैमिषाशण्य के नगर पालिका सत्संग हॉल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा सीतापुर, अजय भार्गव , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विपुल सिंह आशीष, प्रशांत सिंह, अमित दीक्षित, समाजसेवी करुणा निधि पाण्डेय, आदि ने दीप प्रज्वलित संगीतमय संस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। संस्था के प्रबंधक श्याम कुमार भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर चर्चा करते हुए बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज से राजनीति विज्ञान में



स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की राजनीतिक जीवन अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य के रूप में की। वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने और अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। काव्य और साहित्य अटल बिहारी वाजपेयी एक अच्छे कवि और लेखक भी थे। उनकी कविताओं में देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए गए हैं। मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला जी ने बताया कि श्री नेतृत्व और कूटनीति अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल नेता और कूटनीतिज्ञ थे। उनके नेतृत्व और कवित्व ने उन्हें एक अद्वितीय व्यक्तित्व बनाया। इसके बाद श्री अजय भार्गव बताया गया कि द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जीके विषय में विस्तार पूर्व के जानकारी उपलब्ध कराई, इसके उपरांत अमित दीक्षित की टीम द्वारा, संगीतमय संस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी शस्वता नंद महाराज द्वारा सभी कलाकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं लाला रामनारायण सहगल इंटर कॉलेज के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। संचालन नीरज ने किया, कार्यक्रम में उपस्थित राजेश सिंह राहुल श्रीवास्तव मुन्ना तिवारी नीरज शुक्ला अविनाश प्रताप सिंह, फलेश कुमार बाजपेई, एवं नेमिस धाम के साधु संत, माता बहनों एवं कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया।

## कार की टक्कर से दो घायल, इलाज के दौरान एक की मौत, एक गंभीर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते बुधवार की देर रात लगभग 10ः00 बजे के आसपास बछरावां से अपने घर वापस जा रहे बाइक सवार दो लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर हालत में उन दोनो को ट्रामा सेंटर लखनऊ कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार उमेश गोस्वामी उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी कन्नावा अपने मोहल्ले के एक 10 वर्षीय बालक अंश तिवारी पुत्र विजय शंकर को लेकर बछरावां किसी काम से आए थे। देर रात वह दोनो अपने गांव वापस जा रहे थे, तभी उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर बगाही गांव के पास कट पार करते समय लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, तो वही कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक पर सवार दोनों बाइक से उछलकर हाईवे पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार सवार घटना स्थल से कुछ दूरी पर कार खड़ी करके मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर 2 लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उमेश की मौत हो गई तो वही अंश की हालत गंभीर बनी हुई है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम




**अमेठी।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम के क्रम में शुक्रवार 7 नवंबर को ब्लॉक गौरीगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय, गौरीगंज में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन एवं उपजिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के आदेशानुसार अनंता थीम पर आयोजित किया गया। इस थीम के अंतर्गत समाज में बदलाव के लिए प्रेरक भूमिका निभाने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं की पहचान व सम्मान करते हुए उनकी प्रेरक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान जेंडर विशेषज्ञ राकेश कुमार यादव ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही, वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर गायत्री देवी ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं, छात्राएं, हब फॉर इंपावरमेंट की टीम, जेंडर विशेषज्ञ राकेश कुमार यादव तथा वन स्टॉप सेंटर मैनेजर गायत्री देवी उपस्थित रहीं।

### सीओ ने किया महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण



**अमेठी।** 6 नवंबर बृहस्पतिवार को देर रात्रि क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश कुमार वर्मा द्वारा गौरीगंज मुख्यालय स्थित महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना के परिसर, कार्यालय, अभिलेख एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी महिला थाना कंचन सिंह व उपस्थित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

## बिसवां को जिला बनाने की उठी मांग, एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन


**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज़।**

तहसील बिसवां को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर बिसवां क्षेत्र के पत्रकारों ने एकजुटता का परिचय देते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बिसवां तहसील ऐतिहासिक, भौगोलिक, सामाजिक व प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 8 से 10 लाख की जनसंख्या, सैकड़ों ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक, औद्योगिक व धार्मिक संस्थानों के कारण यह सीतापुर की सबसे बड़ी तहसील है। सीतापुर मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूरी होने के कारण आम नागरिकों, किसानों, छात्रों व व्यापारियों को प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बिसवां भौगोलिक रूप से केंद्र में स्थित है, जिससे आसपास की तहसीलों महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली और रेउसा को भी लाभ



होगा। पत्रकारों ने बताया कि बिसवां क्षेत्र में शुगर फैक्ट्री, रेडिको खेतान कंपनी, दरी उद्योग और ताजिया निर्माण जैसी इकाइयाँ बड़ी संख्या में रोजगार देती हैं। इसलिए बिसवां को जिला घोषित कर क्षेत्रीय विकास को गति दी जाए। ज्ञापन देने वालों में आर.एन. सिंह, नीरज श्रीवास्तव, विजय अवस्थी पीयूष बाजपेई, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, अश्विनी त्रिपाठी, आनंद मेहरोत्रा, राजीव बाजपेई, बिलाल खान, अय्यूब खान, मोहित जायसवाल, अमित जायसवाल, पंकज भारतीय, चांद मियां, नईम सिद्दीकी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

### नपा महिला सफाईकर्मी चला रहीं फावड़ा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार 7 नवंबर को नगर पालिका गौरीगंज के वार्ड नं 25 में नगर पालिका गौरीगंज में कार्यरत महिलाओं को फावड़ा चलाकर सफाई करते देखा गया। प्रदेश सरकार द्वारा मिशन 5.0 के तहत महिलाओं के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत महिलाओं को सम्मानित भी किया जा रहा है। वहीं वार्ड नं 25 में ग्राम न्यायालय के संपर्क मार्ग पर नगर पालिका गौरीगंज में कार्यरत दो महिलाएं जिनका नाम पुछने पर एक ने अपना नाम फूलकुमारी तथा दूसरी ने अपना नाम संगीता बताया फावड़े से सफाई करती नजर आईं। जब कि वहां पुरुष कर्मी भी मौजूद थे। अन्य कर्मियों की सूचना पर क्षेत्रीय सुपरवाइजर मनोज यादव मौके पर पहुंचे, उनसे पूछताछ करने पर उन्होंने कहा कि काम काम होता है करना तो पड़ेगा ही। उधर अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सरोज से फोन पर बात करने पर उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है हम अभी दिखवाते हैं।

## भाकियू भानु गुट ने खाद संकट के सम्बन्ध में एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने किसानों को खाद संकट के सम्बन्ध में अमेठी उपजिलाधिकारी आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो कृषि भवन का घेराव किया जाएगा। भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है, जबकि बुआई का महत्वपूर्ण समय तेजी से बीत रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि 27 अक्टूबर को भी एसडीएम अमेठी को ज्ञापन देकर बुआई से पहले डीएपी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। लेकिन अब तक किसी भी समिति पर खाद नहीं पहुंची है। मिश्र ने आरोप लगाया कि बाजार में डीएपी खाद 1600 से 1800 रुपए प्रति बोरी की दर से बेची जा



रही है, जिससे किसानों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों की इस गंभीर समस्या को लेकर संगठन ने प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर सोमवार तक जिले की समितियों पर डीएपी नहीं पहुंची, तो कृषि भवन का घेराव किया जाएगा और जब तक खाद उपलब्ध नहीं होगी, वे धरने पर बैठे रहेंगे। संगठन ने जिला प्रशासन से तत्काल उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह ने बताया कि किसानों को खाद-बीज की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने कहा कि संबंधित समितियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और डीएपी समितियों पर उपलब्ध है। एसडीएम ने यह भी कहा कि ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें मिलने पर जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## किसान के लाल ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों के अंतर्गत पूरे बेलौंजन मजरे रामशाहनाऊपुर निवासी ओम प्रकाश द्विवेदी के पुत्र सौरभ द्विवेदी ने कौशल विकास के क्षेत्र में अखिल भारतीय सीआईटीएस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार का ही नहीं अपने क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाया है। सौरभ द्विवेदी के पिता ने बताया कि सौरभ को प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र आईटीओटी अलीगंज लखनऊ में आयोजित दीक्षांत समारोह में स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया है। बीते 28 अक्टूबर को प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र अलीगंज लखनऊ में आयोजित इस समारोह में व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा प्रमुख सचिव कौशल विकास डॉ हरिओम



कौशल द्वारा संस्थान में अखिल भारतीय सीआईटीएस परीक्षा 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले 16 मेधावी प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। डॉ हरिओम कौशल ने कहा है कि ये प्रशिक्षित प्रशिक्षक देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर निदेशक डीके सिंह, अतिरिक्त निदेशक राजेंद्र प्रसाद, संयुक्त निदेशक लखनऊ मंडल अनिल वर्मा, प्रधानाचार्य आईटीआई अलीगंज राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## आत्मघात की मजबूरी

यह तथ्य हृदयविदारक ही है कि देश में एक साल के दौरान करीब चौदह हजार छात्रों ने आत्महत्या की। पहली नजर में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? विडंबना यह है कि देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? नि:संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता। शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन तंत्र को अपने परिसर में समता, ममता और सहजता का वातावरण तैयार करना होगा। जहां किसी भी तरह तनाव, मानसिक कष्ट व भेदभाव नजर न आए और कारगर शिकायत निवारण तंत्र विकसित हो। ऐसा न होने पर ही सरस्वती के मंदिरों में तनाव की फसल उग रही है। हमारे नीति-नियंता इस दुखदायी स्थिति पर अंकुश लगाने हेतु किसी तरह की गंभीर पहल करते नजर नहीं आते। यदि गाल बजाने वाले राजनेता कोई कदम उठाने की लोकलुभावनी घोषणा करते भी हैं तो भी जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। घोषणाएं प्रभावी भी होनी चाहिए। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। दुखद स्थिति यह भी है कि देश में छात्रों के आत्मघात के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसकी पुष्टि खुद राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो भी कर रहा है। जो साल 2023 में देश की शिक्षण संस्थाओं में 13,892 छात्रों की मौत को गले लगाने की बात स्वीकार करता है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि यह संख्या पिछले एक दशक में पैंसठ प्रतिशत बढ़ी है। वहीं इस आंकड़े की तुलना यदि वर्ष 2019 से करें तो यह वृद्धि चौंतीस फीसदी दर्ज की गई है। जाहिर बात है कि यह वृद्धि छात्रों की मानसिक पीड़ा, हताशा और भविष्य के प्रति निराश होने की स्थिति को ही दर्शाती है। निश्चित रूप से हमारी शिक्षा की विसंगतियां भी इन आत्महत्याओं के मूल में हैं। देश में भाषा व बोर्ड स्तर पर पाठ्यक्रम व शिक्षण की स्थिति में खासा अंतर है। पैसे वालों के बच्चे महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। रही-सही कसर उनके महंगे कोचिंग सेंटरों द्वारा पूरी की जाती है। हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों की सारी ऊर्जा अपने ज्ञान को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करने में चली जाती है। कालांतर में वे उच्च शिक्षा संस्थानों में हीनग्रंथि का शिकार हो जाते हैं। ऐसी तमाम ग्रंथियां छात्रों को अपराधबोध से भर देती हैं। पढ़ाई के दबाव के अलावा शिक्षा संस्थानों के परिसर में हिंसा और जातिगत भेदभाव की खबरें भी आती हैं जो संवेदनशील छात्रों को हताशा से भर देती हैं। निश्चय ही सजगता व संवेदनशीलता से ऐसी परिस्थितियों से छात्रों को बचाया सकता है। यही वजह है कि देश की शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में शिक्षण संस्थानों और सरकार को जरूरी दिशानिर्देश दिए हैं। नि:संदेह, देश के युवाओं में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है।

# एकता की जीत : पहचान नहीं, जज़्बा देश को चैंपियन बनाता है

*डॉ. प्रियंका सौरभ*



*हमारी महिला क्रिकेट टीम ने वह कर दिखाया जो राजनीति, समाज और धर्मशास्त्र नहीं कर पाए- उन्होंने हमें दिखाया कि एकता में कितनी शक्ति होती है। मैदान में उन्होंने यह साबित कर दिया कि कोई किसी से कम नहीं, और सब एक-दूसरे के लिए समर्पित हैं। किसी ने नेतृत्व किया, किसी ने बल्ला घुमाया, किसी ने गेंद को हवा में उछाला, किसी ने कैच पकड़ा और सबने मिलकर इतिहास रच दिया। यही मॉडल भारत के सामाजिक जीवन के लिए भी लागू हो सकता है। हर नागरिक यदि अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाए -चाहे वह किसान हो, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर या सिपाही -तो भारत के विकास की डगर कोई नहीं रोक सकता। जैसे टीम में हर खिलाड़ी अपने हिस्से की भूमिका निभाता है, वैसे ही देश के हर नागरिक को अपनी जगह ईमानदारी से काम करना होगा। तब कहीं जाकर भारत विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करेगा। इस जीत में एक और बड़ा संदेश छिपा है- महिला सशक्तिकरण का। इन बेटियों ने न केवल खेल के मैदान में बल्कि समाज के उस सोच पर भी प्रहार किया है जो अक्सर यह मानती रही कि कुछ क्षेत्र पुरुषों के लिए ही हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि अवसर और विश्वास मिले तो महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में देश को गौरवान्वित कर सकती हैं। उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों के लिए प्रेरणा बनेगी*

सिख लड़की ने कप्तानी की, क्रिश्चियन लड़की ने सेमीफाइनल जिताया, बंगाली लड़की की पावर हिटिंग से टीम 300 के करीब पहुंच पाई, जाट की लड़की शेफाली फाइनल में प्लेयर ऑफ़ द मैच बनीं और ब्राह्मण की लड़की दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गई और आखिरकार भारत वर्ल्ड चैंपियन बन गया। सवाल ये है कि जब इनकी अलग-अलग पहचानें हमें वर्ल्ड चैंपियन बनाने में आड़े नहीं आतीं, तो देश को आगे ले जाने के नाम पर हम इन्हीं पहचानों के नाम पर लड़ते क्यों हैं? ऐसा ही जज़्बा हमें देश की तरक्की के लिए भी चाहिए।

यह पंक्तियाँ आज के भारत की सच्ची तस्वीर पेश करती हैं- वह भारत जहाँ विविधता कोई विभाजन नहीं, बल्कि शक्ति है। जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर इतिहास रचा तो यह जीत सिर्फ़ बल्ले और गेंद की नहीं थी, बल्कि यह एकता, समानता और भारतीयता की जीत थी। टीम में हर धर्म, हर जाति, हर भाषा और हर क्षेत्र की बेटियाँ थीं लेकिन जब उन्होंने मैदान में कदम रखा तो वे केवल एक पहचान रखती थीं- भारतीय। यही भावना हमें याद दिलाती है कि असली ताकत हमारे नाम, वंश या पंथ में नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक प्रयत्न और साझा संकल्प में है।

खेल हमें यह सिखाते हैं कि टीम भावना किसी भी व्यक्तिगत पहचान से बड़ी होती है। जब विकेट गिरता है तो कोई यह नहीं देखता कि गेंदबाज किस राज्य या धर्म से है और जब चौका लगता है तो भीड़ यह नहीं सोचती कि बल्लेबाज़ किस जाति का है। मैदान में सिर्फ़ एक बात मायने रखती है- प्रदर्शन, मेहनत और समर्पण। यही दर्शन यदि हम देश के विकास, राजनीति, समाज और संस्कृति में भी अपनाएँ, तो भारत हर क्षेत्र में विश्व चैंपियन बन सकता है।

हमारे समाज में दुर्भाग्य से पहचान की राजनीति, धर्म और जाति के आधार पर विभाजन और अपने-अपने हम बनाम वो की मानसिकता गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। चुनावों से लेकर रोज़मर्रा की बातचीत तक हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि हमारी सबसे बड़ी पहचान भारतीयता है। खेल हमें हर बार याद दिलाते हैं कि जब हम मिल कर खेलते हैं तो हम अजेय बन जाते हैं। यही एकजुटता भारत के संविधान, संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। जब हरमन प्रीत कौर मैदान में नेतृत्व करती हैं तो वह सिर्फ़ पंजाब की बेटी नहीं होतीं, वह पूरे भारतीय टीम की कप्तान होती हैं। जब जेमिमा रोड्रिग्स निर्णायक मैच में बेहतरीन बल्लेबाज़ी करती हैं तो यह मायने नहीं रखता कि उनका धर्म क्या है -मायने रखता है उनका योगदान। जब शेफाली वर्मा फाइनल में धुआंधार बल्लेबाज़ी करती हैं या दीप्ति शर्मा पूरे टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन से चमकती हैं तो वे हमें यह सिखाती हैं कि सफलता योग्यता और परिश्रम की भाषा बोलती है, किसी जाति या धर्म की नहीं।

आज भारत को इन बेटियों से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। यदि हर नागरिक अपनी छोटी-छोटी पहचान पीछे रखकर देश के बड़े लक्ष्य के लिए काम करे तो न तो विकास की रफ्तार रुकेगी और न ही सामाजिक सौहार्द बिगड़ेगा। हमें समझना होगा कि देश का निर्माण किसी एक वर्ग, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं होता बल्कि सभी के मिलन से होता है। यही कारण है कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश देता आया है - पूरा विश्व ही एक परिवार है। क्रिकेट के मैदान में जब गेंद सीमारेखा पार करती है तो पूरा स्टेडियम एक साथ गूंज उठता है- भारत! भारत! उस क्षण न कोई हिंदू होता है, न मुस्लिम, न सिख, न ईसाई; सब सिर्फ़ भारतीय होते हैं। यह भावना ही राष्ट्र निर्माण का असली आधार है। यही वह चेतना है जो हमें जातीय हिंसा, धार्मिक कट्टरता और क्षेत्रीय संकीर्णता से ऊपर उठने की शक्ति देती है। आज राजनीति से लेकर सामाजिक मीडिया तक, हमें बार-बार अपनी पहचान के चश्मे से चीज़ें देखने के लिए उकसाया जाता है। पर सवाल यह है- क्या कोई देश सिर्फ़ पहचानों से बनता है? नहीं। देश तब बनता है जब लोग अपने मतभेदों को दरकिनार कर साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होते हैं। आज भारत के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं- गरीबी, बेरोज़गारी, शिक्षा, पर्यावरण, लैंगिक समानता- पर इन सबका समाधान तभी संभव है जब हम टीम इंडिया की भावना से सोचें, न कि मेरे समाज की संकीर्ण मानसिकता से।

हमारी महिला क्रिकेट टीम ने वह कर दिखाया जो राजनीति, समाज और धर्मशास्त्र नहीं कर पाए- उन्होंने हमें दिखाया कि एकता में कितनी शक्ति होती है। मैदान में उन्होंने यह साबित कर दिया कि कोई किसी से कम नहीं, और सब एक-दूसरे के लिए समर्पित हैं। किसी ने नेतृत्व किया, किसी ने बल्ला घुमाया, किसी ने गेंद को हवा में उछाला, किसी ने कैच पकड़ा और सबने मिलकर इतिहास रच दिया। यही मॉडल भारत के सामाजिक जीवन के लिए भी लागू हो सकता है। हर नागरिक यदि अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाए -चाहे वह किसान हो, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर या सिपाही -तो भारत के विकास की डगर कोई नहीं रोक सकता। जैसे टीम में हर खिलाड़ी अपने हिस्से की भूमिका निभाता है, वैसे ही देश के हर नागरिक को अपनी जगह ईमानदारी से काम करना होगा। तब कहीं जाकर भारत विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करेगा।

इस जीत में एक और बड़ा संदेश छिपा है- महिला सशक्तिकरण का। इन बेटियों ने न केवल खेल के मैदान में बल्कि समाज के उस सोच पर भी प्रहार किया है जो अक्सर यह मानती रही कि कुछ क्षेत्र पुरुषों के लिए ही हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि अवसर और विश्वास मिले तो महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में देश को गौरवान्वित कर सकती हैं। उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों के लिए प्रेरणा बनेगी, जो अब यह जानती हैं कि सीमाएँ सिर्फ़ सोच में होती हैं, प्रतिभा में नहीं। जब हम किसी की पहचान को देखकर निर्णय लेते हैं तो हम उसकी असली क्षमता देखने से चूक जाते हैं। लेकिन जब हम पहचान से परे जाकर सहयोग करते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है। यही सबक हमारी महिला टीम ने दिया है कि देश की सेवा के लिए पहले दिलों का मेल ज़रूरी है, न कि सिर्फ़ संसाधनों का। भारत को आगे बढ़ाने के लिए आज जिस चीज़ की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है, वह है सामाजिक एकता और परस्पर सम्मान। हम सब अलग-अलग भाषाएँ बोल सकते हैं, अलग-अलग रीति-रिवाज़ निभा सकते हैं लेकिन हमारा सपना एक ही है - एक मज़बूत, समृद्ध और खुशहाल भारत। यह सपना तभी साकार होगा जब हम मैं से ऊपर उठकर हम की सोच अपनाएँ। जिस दिन हम सब भारतीय इस बात को आत्मसात कर लेंगे कि किसी की सफलता हमारी सामूहिक जीत है, उस दिन भारत न सिर्फ़ खेल के मैदान में, बल्कि हर क्षेत्र में विश्वगुरु बनेगा। यह टीम की तरह काम करने का समय है, न कि एक-दूसरे को दोष देने का। इसलिए जब अगली बार कोई यह पूछे कि तुम कौन हो?, तो उत्तर बस इतना ही होना चाहिए - मैं भारतीय हूँ। जब तक हम यही पहचान लेकर चलेंगे, तब तक कोई ताकत हमें रोक नहीं सकती। जैसे मैदान में भारत की बेटियाँ जीतकर लौटीं, वैसे ही एक दिन हमारा देश भी विकास और एकता का विश्व चैंपियन बनेगा क्योंकि जो देश अपनी विविधता में एकता ढूँढ़ना सीख जाता है, वह कभी हारता नहीं।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

### विचार

# धीमी मौत मिल रही है, कोई जिम्मेदार नहीं

पिछले महीने तक जो लोग इस बात की खुशियां मना रहे थे कि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति देकर हिंदू धर्म की लाज रख ली, अब वही लोग हांफ रहे हैं, सांस लेने में तकलीफ महसूस कर रहे हैं, नजला-जुकाम का शिकार हो रहे हैं। और वही लोग क्यों इस समय राजधानी दिल्ली गैस चेंबर में तब्दील हो चुकी है, लिहाजा सारे लोग ही इन तमाम बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। बल्कि जानकारों का कहना है कि वायु प्रदूषण केवल सांस संबंधी तकलीफें नहीं देता, इंसान के फेफड़ों, हृदय, गुर्दे सबको क्षतिग्रस्त कर रहा है।

मधुमेह, रक्तचाप जैसी बीमारियां जो पहले वंशानुगत या अनियमित जीवनशैली के कारण हुआ करती थीं, अब उसमें भी वायुप्रदूषण ने ही जिम्मेदारी ले ली है। अगर कहा जाए कि वायु प्रदूषण सभी को धीमी मौत दे रहा है, तो गलत नहीं होगा। वैसे भी कई अध्ययनों में कहा गया है कि दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र 10 साल कम हो रही है, क्योंकि उन पर खराब हवा का असर हो रहा है। हालांकि दिल्ली ही क्या देश के दूसरे राज्यों में भी ऐसे ही अध्ययन हों तो नतीजों में ज्यादा अंतर नहीं आएगा।

दिल्ली का वायुप्रदूषण इसलिए चर्चा में आ जाता है क्योंकि देश की राजधानी है तो खबरों में बनी ही रहती है। ऊपर से धुंध और धुएं की जो मोटी चादर यहां के आसमान को ढंक लेती है, वह फौरन दिख जाती है। दूसरे शहरों में जहरीली धुंध नहीं होती, लेकिन वायु में दूसरे हानिकारक तत्व मिले ही होते हैं। बहरहाल, दिल्ली का वायु प्रदूषण इस साल राजनैतिक कारणों से भी चर्चा में है। पिछले साल तक यहां आम आदमी पार्टी की सरकार थी, लिहाजा भाजपा के लिए इसके खिलाफ आवाज उठाना आसान था, यह राजनैतिक मजबूरी भी थी। दिल्ली के साथ लगे हाथ पंजाब सरकार को भी भाजपा निशाने पर लेती थी, क्योंकि वहां भी आप की सरकार है और पराली जलाने को प्रदूषण का बड़ा कारक माना जाता है। लेकिन अब दिल्ली में रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री हैं, जो काम करने से अधिक फोटो खिंचवाने व्यस्त रहती हैं। कुछ समय पहले रेखा गुप्ता की हाथ में झाड़ू वाली तस्वीर आई थी, जिसे अलग-अलग एंगल से कैमरामैन कवर कर रहे थे।

रेखा गुप्ता ने यमुना साफ करने का वादा भी चुनावों में किया था और उसके बाद छठ पूजा के समय बताया कि यमुना नदी साफ हो चुकी है। लेकिन असल में गंदगी वाले झाग को दबाने के लिए उस पर रसायन का छिड़काव हुआ था। इसलिए प्रधानमंत्री की छठपूजा के लिए साफ पानी का अलग तालाब उन्होंने बनवाया, जिसका पर्दाफाश आम आदमी पार्टी ने किया तो फिर प्रधानमंत्री छठ पूजा के लिए ही नहीं आए। इसका भरपूर रोना उन्होंने बिहार चुनावों में रोया। रेखा गुप्ता भी बिहार में कई बार चुनाव प्रचार के लिए पहुंची। इस बीच दिल्ली हांफती रही।

अब रेखा गुप्ता ने प्रशासनिक सख्ती का ऐलान किया है कि प्रदूषण को रोकने में कोई ढिलाई न बरती जाए। लेकिन यह आग लगने पर कुआं खोदने वाली बात है। दिल्ली में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार नहीं पहुंचा। पहली बार खतरनाक स्तर पर प्रदूषण की खबरें नहीं आई हैं। यह सालों साल से पेश आ रही समस्या है। अमीरों के लिए इसका समाधान एयर प्यूरीफायर के तौर पर मौजूद है। जैसे अमीरों ने पहले नदी-तालाबों को गंदा करके या उनका दोहन करके गरीबों के लिए मटमैला पानी और अपने लिए वॉटर प्यूरीफायर की व्यवस्था कर ली, वही रवैया अब हवा के साथ



अपनाया जा रहा है। भले ही स्वच्छ हवा और पानी या सांस लेने का अधिकार मानवाधिकारों के दायरे में आए। लेकिन मौजूदा भारत में अमीरों ने तय कर लिया है कि साफ पानी और हवा पर केवल उनका अधिकार है, गरीबों के लिए यह सब उपलब्ध है या नहीं, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं। सरकार भी अमीरों के हिसाब से ही नीतियां बनाती हैं। भले ही मतदान के दिन गरीब लाइन में लगकर वोट डाले कि उसके लिए भी अच्छे दिन आएंगे। मगर उसे क्या पता कि अच्छे दिनों का वादा भी केवल अमीरों के लिए ही है।डॉक्टरों की सलाह मानकर मास्क पहनना, घर पर ही रहना, ऑनलाइन क्लास या वर्क फ्रम होम की सुविधा लेना, यह भी समाज का उच्चस्तरीय तबका ही निभा सकता है।

गरीबों के लिए तो घर से बाहर रहने की मजबूरी हमेशा रहेगी। वे अपने खोमचे का सामान ऑनलाइन नहीं बेच सकते। न अपने बच्चों को कम्प्यूटर, मोबाइल दे सकते हैं कि वे घर से शिक्षा हासिल करें। मजदूरी के लिए, दूसरों के घरों में काम करने के लिए, सड़क किनारे सब्जी-फल, खाने-पीने की दुकान लगाने के लिए उन्हें पूरे दिन घर से बाहर रहना ही पड़ेगा। इसमें वे 400 एक्यूआई में सांस ले रहे हैं या 200 एक्यूआई में, कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि उन गरीबों को इसके अलावा गाड़ियों का धुआं, सड़क की धूल-मिट्टी सब फांकनी पड़ती है। इसमें उन्हें कोई गंभीर बीमारी हो भी रही होगी तो उसका पता लगाने या इलाज करवाने के लिए वे अस्पतालों में नहीं जा सकते। क्योंकि सरकारी अस्पतालों में जरूरत से ज्यादा भीड़ होती है और निजी अस्पतालों में इलाज महंगा होता है। ऐसे में जब एम्स जैसे अस्पताल से एडवायजरी जारी होती है कि लोग घर पर रहे, कसरत के लिए बाहर न निकलें और संभव हो तो एयर प्यूरीफायर लगाएं तो लगता है कि कोई जले पर नमक छिड़क रहा है। क्या सरकार की तरह एम्स के डॉक्टर भी अब यह मान रहे हैं कि दिल्ली में केवल अमीरों को रहना चाहिए। और मान लें कि अमीर ये सारे उपाय कर लेते हैं, क्या तब भी वायु प्रदूषण से बचने की कोई गारंटी है। क्योंकि अब तक ऐसा कोई एयर प्यूरीफायर तो शायद बना नहीं है, जो कांगड़ी की तरह छाती पर लटकाया जा सके। कुछ वक्त में जब धुंध छंट जाएगी, तब वायु प्रदूषण पर हाय-हाय भी रुक जाएगी। लेकिन फिर कुछ वक्त में गर्मी आएगी और तब लू के थपेड़ों में गरीबों की जान जाएगी। उसमें जो बच जाएंगे, वो बरसात की अव्यवस्था का शिकार होंगे।

सड़कों पर लंबा जाम तो बारिश में लगता ही है, उसके अलावा बाढ़, भूस्खलन, कच्चे मकानों का गिरना, करंट लगना ये सारी घटनाएं बढ़ जाती हैं। इनमें भी गरीब ही सबसे अधिक मरते हैं। इन खबरों को छिपाने का सबसे आसान उपाय है देश के सामने अपनी सुंदर छवियों को प्रस्तुत किया जाए।

### साहित्य



## दो कदम पीछे तुम चलो

**श्याम सिंह बिष्ट**

*दो कदम पीछे तुम चलो*
*दो कदम पीछे हम चले*
*किसी को साथ तुम ले चलो*
*किसी को साथ हम ले चले*
*बहुत हो गई दौड़ पैसा कमाने की*
*किसी की खुशियों के साथ तुम चलो*
*किसी की खुशियों के साथ हम चलें*
*भुला दो आपसी रंजिश को*
*किसी को गले तुम लगा लो*
*किसी को गले हम लगा लें*
*बहुत हो गया जाति, धर्म का झगड़ा*
*किसी के लिए इंसान तुम बनो*
*किसी के लिए हम बने*
*तोड़ दो लाज और शर्म का पहरा*
*किसी के लिए फरिश्ते तुम बनो*
*किसी के लिए हम बने*
*मिटा दो यह उच्च, नीच की भावना*
*किसी के गले तुम लगो*
*किसी के गले हम लगे*
*दो कदम पीछे तुम चलो*
*दो कदम पीछे हम चले*



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# रेल सुरक्षा : सुधार की पटरियों पर कब चढ़ेगा सिस्टम?

*योगेश कुमार गोयल*

भारत की रेल पटरियां देश की धमनियां कही जाती हैं, जो प्रतिदिन करोड़ों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती हैं, जो अर्थव्यवस्था का इंजन चलाती हैं, जो इस विशाल देश की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं लेकिन जब इन्हीं पटरियों पर बार-बार मौत की चीखें गूंजती हैं तो सवाल केवल हादसों का नहीं रहता बल्कि उस पूरे तंत्र की आत्मा पर उठता है। बिलासपुर के लाल खदान में हुआ हालिया रेल हादसा इसी गहरी लापरवाही का ताजा उदाहरण है, जहां एक मेमू ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा घायल हो गए। इंजन मालगाड़ी के गार्ड केबिन पर चढ़ गया और वह मंजर किसी युद्धस्थल से कम नहीं था।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की यह दुर्घटना देश के लिए महज एक और संख्या नहीं है बल्कि इस बात की प्रतीक है कि भारत के रेल तंत्र में तकनीक, सतर्कता और जवाबदेही का घोर अभाव है। बिलासपुर कलेक्टर के अनुसार, ट्रेन कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी और गतौरा-बिलासपुर के बीच मालगाड़ी से टकरा गई। इस टक्कर ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया कि देश में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था आज भी 'कागज पर कवच' से ज्यादा कुछ नहीं है। हादसे की भयावहता के साथ जब हम इसी साल के कुछ अन्य रेल हादसों पर नजर डालते हैं तो सिहरन-सी उठती है।

महाराष्ट्र के ठाणे में जून 2025 में चार यात्रियों की मौत केवल इसलिए हुई थी क्योंकि भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेनों में पायदान पर लटकते यात्रियों के बैग आपस में टकरा गए थे। बिहार के कटिहार में जून 2025 में अवध असम एक्सप्रेस रेलवे ट्रॉली से टकरा गई, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौत और चार कर्मचारी गंभीर घायल हुए। मार्च में ओडिशा के कटक जिले में बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। अप्रैल 2025 में झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई। जुलाई 2025 में उसी जिले के बरहड़वा में बिना लोको पायलट की 14 बोगियां तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी मालगाड़ी से जा टकराईं।

बिलासपुर का हादसा इस साल का सबसे बड़ी रेल दुर्घटना बन चुका है।

यह स्पष्ट संकेत है कि हादसे अब अपवाद नहीं बल्कि एक भयानक पैटर्न बन चुके हैं। हर बार रेल मंत्रालय बयान देता है, 'दोषियों पर कार्रवाई होगी', 'मुआवजा दिया जाएगा', 'जांच समिति गठित की गई है' और फिर कुछ ही दिनों में सब भुला दिया जाता है। सवाल है कि क्या रेलवे अब केवल 'प्रतिक्रिया देने वाला तंत्र' बन गया है, जहां कार्रवाई केवल तभी होती है, जब हादसा हो चुका होता है? भारत में रेल हादसों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितनी रेल सेवा स्वयं। भारत में हर साल बहुत बड़ी संख्या में होने वाले रेल हादसों में से करीब 70 प्रतिशत हादसे मानव त्रुटि के कारण होते हैं यानी या तो सिग्नलिंग सिस्टम में गलती या ट्रैक निरीक्षण में लापरवाही या फिर ट्रेन संचालन में मानवीय भूल। शेष हादसे तकनीकी खराबी, पुरानी पटरियों, रखरखाव की कमी और ओवरलोडिंग के कारण होते हैं।

इन तथ्यों से यह साफ हो जाता है कि भारत की रेल प्रणाली में सुरक्षा संस्कृति का अभाव है। यहां तकनीक पर निवेश से अधिक जोर घोषणाओं पर है। बीते वर्षों से 'कवच' सिस्टम को लेकर खूब प्रचार किया गया, कहा गया कि यह एक ऐसा स्वदेशी एंटी-कोलिजन सिस्टम है, जो दो ट्रेनों को टकराने से बचाएगा लेकिन आज की हकीकत यह है कि देश के केवल 4 प्रतिशत रेल नेटवर्क पर ही कवच लागू हुआ है, बाकी 96 प्रतिशत ट्रैक आज भी मानव सतर्कता पर निर्भर हैं और यही सबसे बड़ा खतरा है।

यह दुर्भाग्य है कि जिस भारतीय रेलवे को 'विश्व की चौथी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था' कहा जाता है, वहां अब भी अधिकांश ट्रैक ब्रिटिश कालीन तकनीक पर चल रहे हैं। ट्रेन ड्राइवरों को 8 से 12 घंटे तक बिना विश्राम रेल चलाने की मजबूरी, सिग्नलिंग उपकरणों की खराबी और निरीक्षण प्रणाली की औपचारिकता, ये सब मिलकर दुर्घटना की जमीन तैयार करते हैं। ऐसी किसी भी घटना के बाद हर बार राजनीतिक बयानबाजी शुरू होती है, रेल मंत्री हादसे की उच्चस्तरीय जांच का ऐलान करते हैं और कुछ हफ्तों बाद कोई नई परियोजना या उद्घाटन के बीच वह घटना जनता की स्मृति से मिट जाती है लेकिन जो परिवार अपनों को खो चुके होते हैं, उनके लिए वह हादसा जीवनभर की सजा बन जाता है।

भारत में आज रेलवे की सबसे बड़ी आवश्यकता है सुरक्षा का वास्तविक आधुनिकीकरण। केवल कवच सिस्टम ही नहीं बल्कि ट्रैक मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन सर्वे, स्वचालित सिग्नलिंग, लोको पायलट के थकान-निगरानी उपकरण और रीयल-टाइम संचार प्रणाली की अनिवार्यता। 2024 में रेलवे ने दावा किया था कि 2027 तक 50,000 किलोमीटर नेटवर्क कवच से लैस होगा लेकिन आज की प्रगति देखकर यह लक्ष्य किसी दिवास्वप्न जैसा लगता है। नवंबर 2024 तक कवच सिस्टम लगभग 1,548 किलोमीटर ट्रैक पर लागू हो चुका था और उसके बाद से धीमी गति से इसका विस्तार जारी है। ऐसे में 2027 तक 50,000 किलोमीटर कवच से लैस करने का लक्ष्य प्राप्त करना अभी बहुत चुनौतीपूर्ण दिख रहा है और लक्ष्य से काफी पीछे है। विस्तृत कवच नेटवर्क के लिए काफी संसाधन और समय की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि जब देश अंतरिक्ष में चंद्रयान उतार सकता है तो पटरियों पर सुरक्षित यात्रा क्यों नहीं सुनिश्चित कर सकता? यह केवल तकनीक का नहीं, प्राथमिकता का प्रश्न है। जब तक सुरक्षा को मुनाफे से ऊपर नहीं रखा जाएगा, जब तक रेल बजट में सुरक्षा खंड को लागत नहीं बल्कि निवेश नहीं माना जाएगा, तब तक यह रक्तरंजित यात्रा जारी रहेगी।

बहरहाल, समय आ गया है, जब रेल हादसों को मात्र दुर्घटनाएं कहकर टाला नहीं जा सकता क्योंकि ये घटनाएं अब प्रशासनिक अपराधों का रूप ले चुकी हैं। हर साल निर्दोष नागरिकों की जानें जाती हैं और जिम्मेदारी जांच रिपोर्टों की धूल में दबी रह जाती है। देश को अब उस मानसिकता से बाहर निकलना होगा, जहां 'हादसे के बाद कार्रवाई' ही नीति बन चुकी है। आवश्यकता है ऐसी व्यवस्था की, जो दुर्घटनाओं से पहले सतर्कता और रोकथाम सुनिश्चित करे। यात्रियों की सुरक्षा कोई दया नहीं, उनका संवैधानिक अधिकार है, जो केवल कागज पर नहीं, पटरियों पर भी सुरक्षित होना चाहिए। जब तक हर ट्रेन यात्रा भय से नहीं, विश्वास से शुरू और समाप्त नहीं होती, तब तक भारतीय रेल प्रगति की नहीं प्रतीक नहीं बनेगी। सच्चा विकास तभी होगा, जब हर गंतव्य तक पहुंचने वाली ट्रेन हर यात्री को सुरक्षित जीवन की गारंटी दे सके।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन, 146 बच्चे नामांकित हुए, 133 बच्चों ने दी परीक्षा



**गोहांड, हमीरपुर।** गांधी इंटर कॉलेज गोहांड में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें 146 बच्चे नामांकित थे तथा 133 बच्चे परीक्षा में उपस्थित रहे प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई और सभी स्टाफ का सहयोग रहा व संस्कृत ज्ञान परीक्षा के गोहांड प्रतिनिधि देवी शंकर गुप्ता उपस्थित रहे।

### न.पं. अध्यक्ष ने केंद्रीय विद्यालय को दी व्हील चेयर



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में संचालित केंद्रीय विद्यालय को नगर पंचायत अध्यक्ष ने एक व्हीलचेयर प्रदान की है। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने कस्बे में संचालित केंद्रीय विद्यालय के दिव्यांग छात्रों की मदद के लिए विद्यालय को एक अदद व्हील चेयर मुहैय्या कराई है। विद्यालय ने चेयरमैन के इस सहयोग पर हर्ष जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्राचार्य राजमंगल यादव, शिक्षक निशांत कुमार, बुलजीत सिंह, अरविंद कुमार, पीडी रावत सहित भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।


### कुनेटा मोड़ के पास पति-पत्नी बच्चे सहित अज्ञात बाइक की टक्कर से हुए घायल

**मौदहा हमीरपुर।** मंगलवार की दोपहर पति-पत्नी बच्चों सहित कुनेहटा मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार की टक्कर से घायल हो गया जिसे लहूलुहान हालत में कस्बे के प्राईवेट अस्पताल में इलाज कराया गया जिसकी शिकायत कोतवाली में करते हुए न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार कबरई जिला महोबा निवासी रामप्रसाद पुत्र कमल किशोर कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि चार अक्टूबर को नेशनल हाईवे से होते हुए हमीरपुर जा रहे थे तभी को कुनेहटा मोड के निकट अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें सवार मैं और मेरी पत्नी ज्ञानवती तीन बच्चे सड़क पर घायल हो गए राहगीरों की मदद से कस्बे के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया बाइक जिसमें बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### उप जिलाधिकारी को मोहल्ले वासियों ने ज्ञापन सौंपा

**मौदहा, हमीरपुर।** सिम मोबाइल फोन टावर को चालू करने के मामले से आहत मोहल्ले वासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए टावर को यथा स्थिति बनाए रखने की जोरदार मांग किया है बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला निजामीपुरा में जिओ कंपनी का टावर कई वर्ष पूर्व लगाया गया था जिसे मोहल्ले वासियों की भारी विरोध तथा न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद जिओ टावर बंद कर दिया गया चालू होने की सुगबुगाहट से मोहल्ले वासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि बिजली का कनेक्शन बिजली विभाग के द्वारा टावर में पुनः किया जा रहा है जिसे तत्काल प्रभाव से रोकते हुए यथा स्थिति बनाए रखने का निवेदन किया है। इस अवसर पर सईद, अतर मोहम्मद, तालिब, जब्बार हुसैन, कुतुबुद्दीन, याकूब, जफर हुसैन, मोहम्मद यूसुफ, शमसुद्दीन, इस्लाम मोहम्मद, बदरुद्दीन, शाहिदा परवीन आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे। उप अधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### उल्लासपूर्वक मनाया गया स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस



**भरूआ सुमेरपुर।** स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया। जनपदीय कार्यक्रम कस्बे के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट प्रार्थना, झण्डा गान, टेन्ट, मीनार एवं सांस्कृतिक समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने कहा कि स्काउट गाइड हमें एकजुट एवं अनुशासन में रहना सीखाता है। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को उचित मार्ग दर्शन दें। संचालन जिला स्काउट मास्टर अकबर अली ने किया। कार्यक्रम में 350 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट के प्रधानाध्यापक काजी नईमउद्दीन, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वन्दना त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय ऊंछा की प्रधानाध्यापिका जाकिया बानो, अभिषेक शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, हदेश कुमार, कुसुम लता, मीनाधुरिया, रंजना, मंजुलता, पुनीकुमार, सुखसेनलता, सीमा सिंह, मीनाक्षी, प्रमिला, मनीषकुमार, कोमल, आकांक्षा, अनुराधा, हिमांशु सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। टीम प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा गांव निवासी आरोपी राम मिलन पुत्र हरिराम केखिलाफ 18 अक्टूबर 25 को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी राम आसरे सरोज व कांस्टेबल कृष्णकुमार व कांस्टेबल देवेश सिंह द्वारा गांव के समीप से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अनुपस्थित चल रहे ऑर्थोपेडिक सर्जन के विरुद्ध कार्रवाई के लिए भेजें शासन को पत्रः जिलाधिकारी



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की स्टेट रैंक से जनपद की रैंक कम नहीं होनी चाहिए, स्वास्थ्य सेवाओं की सभी व्यक्तियों तक पहुंच सुनिश्चित कराये एवं मातृ मृत्यु संबंधित ऑडिट समय से कराये। जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत-प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित कराएं। टीकाकरण सेवाओं के संबंध में जनपद की समस्त एएनएम की लाइन लिस्टिंग करें। जिस एएनएम का कार्य संतोषजनक न हो, उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाये। उन्होंने जनपद में एंबुलेंस सेवाओं हेतु एंबुलेंस बढ़ाए जाने हेतु मांग पत्र शासन को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया एवं जिला चिकित्सालय में एक वर्ष से अनुपस्थित चल रहे ऑर्थोपेडिक सर्जन के विरुद्ध कार्रवाई हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अंतर्गत इंद्रहटा उप केंद्र में तैनात एएनएम के विरुद्ध खराब प्रगति के लिए उसके हटाए जाने हेतु कार्रवाई प्रस्तावित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश कुमार, डॉ वी. के. चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---

**पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

# अज्ञात महिला हत्याकांड का खुलासा, दो शातिर अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मौदहा पुलिस ने अज्ञात महिला की सनसनीखेज हत्या का पर्दाफाश करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगने के बाद उन्हें मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस और नकदी बरामद की है घटना 27 अक्टूबर 2025 की है, जब ग्राम रीवन के खेतों के पास एक अज्ञात महिला का चेहरा जला हुआ शव बरामद हुआ था। महिला हरे रंग की साड़ी पहने थी, उसके हाथ पर गायत्री लिखा हुआ और हथेली पर '?' का निशान बना था। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

> ▸ अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस व नकदी बरामद

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में गठित टीम ने जांच में तेजी लाई। सुरागों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि हत्या के पीछे रामसुफल प्रजापति (निवासी वरहेण्डा, बांदा) और सोनू यादव (निवासी गुरदहा, मौदहा) का हाथ है। आज सुबह 07 नवम्बर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नेशनल चौराहे से इंगोहटा रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही दोनों अभियुक्तों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

**पूछताछ में अभियुक्तों ने चौंकाने वाला खुलासा किया-** रामसुफल पहले से शादीशुदा था, जबकि मृतका गायत्री उसके मित्र सोनू यादव के साथ भी रहती थी। दोनों ने मिलकर रात्रि में रीवन गांव के पास दुपट्टे से उसका गला दबाकर हत्या कर दी और चेहरा जलाकर पहचान छिपाने की कोशिश की। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, तीन कारतूस और दो खोखा, साथ ही रु.760 नकद बरामद किए हैं। घायल अभियुक्तों को सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया है। इस मुठभेड़ व हत्या कांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनेश गौतम, अभिषेक त्रिवेदी, मोहित कुमार, तथा एसओजी प्रभारी सचिन शर्मा की टीम ने अहम भूमिका निभाई इस कार्रवाई से यह साफ है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त और एक्शन मोड में है महिला की पहचान और हत्या के पीछे के पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 34 में नारायनपुर गांव के समीप तेज रफ्तार डंफर अनियंत्रित डोकर हाईवे में खड़े ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मारता हुआ हाईवे के नीचे खड्डे में जा घुसा। इस घटना में ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया है। शुक्रवार को करीब 2:00 बजे पौथिया निवासी अजीत कुमार सचान 35 पुत्र कृष्ण कुमार सचान ट्रैक्टर ट्राली में बाजरा लादकर बेचने के लिए नवीन गल्ला मंडी आ रहा था। हाईवे में नारायनपुर गांव के समीप इसने ट्रैक्टर को पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर खड़ा कर रहा था तभी तेज रफ्तार डंफर ने पीछे से ट्राली में जोरदार टक्कर मार कर और उसे घसीटता हुआ हाईवे के नीचे खड्डे में जा घुसा। इस घटना में ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से ट्रैक्टर चालक अजीत कुमार सचान गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलने पर थाने से इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया है।

## क्रांतिकारी विचारों वाले विपिनचंद्र पाल की जयंती पर दी श्रृद्धांजलि

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत क्रांतिकारी विचारों वाले विपिनचंद्र पाल की जयंती संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पाल को क्रांतिकारी विचारों का जनक माना जाता है। इनका जन्म 7 नवम्बर 1858 को बंगाल के सिलहट के पोइली में जन्म हुआ था। इनके पिता ताराचंद पाल और मां नारायणी दोनों बहुत विद्वान और संस्कार परायण थे। पाल प्रारम्भ से राष्ट्रवादी सोच के व्यक्ति थे। देश के प्रति इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। देश और विदेश में भारत की आजादी के लिए काम किया है। लाल बाल पाल की तिकड़ी बहुत प्रसिद्ध थी। ये युवा देशभक्तों के प्रेरणा स्त्रोत थे। इन्होंने असहयोग आन्दोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी सहयोग प्रदान किया था। कालांतर में इनका 20 मई 1932 को कलकत्ता में निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, विकास, रिचा, पंकज सिंह, रामनरायन सोनकर, रामबाबू, दयाराम सोनकर, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## ब्लाक प्रमुख द्वारा टीबी रोगियों को पोषण किट का किया गया वितरण



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टी बी रोग से पीड़ित मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने मरीजों को किट का वितरण किया स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षयरोग केंद्र में कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के 39 मरीज पंजीकृत है। इनका उपचार चल रहा है। इनको शासन द्वारा पोषण किट का वितरण किए जाने के लिए निर्देश जारी किए गए है। इन मरीजों के स्वास्थ लाभ के लिए पोषण किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल द्वारा सभी पंजीकृत मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ सुनील कुमार जायसवाल, सहित क्षयरोग विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### मजदूर के पैर पर गिरी डाल, हालत गंभीर, भौनिया गांव के पास पेड़ काटते समय हुई घटना

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के भौनिया गांव के समीप पेड़ काटते समय कटी डाल अचानक पैर में गिरने से मजदूर घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। चंदपूरवा निवासी राहुल विश्वकर्मा (30) लकड़ी ठेकेदार के अधीन पेड़ों की कटाई कर करता है। शुक्रवार को यह भौनिया गांव के समीप पेड़ों की कटाई कर रहा था। तभी अचानक कटी डाल पैर में गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदेय स्थलों के संभाजन हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समस्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 1200 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 230-महोबा में 35 एवं 231-चरखारी में 42 नए मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में कोई भी आपत्ति एवं सुझाव रविवार तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन मरम्मत का कार्य अधूरा होने से 30 से अधिक नलकूप ठप

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

> ▸ इंगोहटा के नौ राजकीय एवं 21 निजी नलकूप शामिल, किसान परेशान

क्षेत्र के इंगोहटा मौजे के नौ राजकीय नलकूप तकनीकी एवं विद्युत दोष से खराब है। वहीं चंद्रपुरवा फीडर से इंगोहटा के दो दर्जन से नलकूपों को बिजली उपलब्ध कराने वाली विद्युत लाइन की मरमत का कार्य अधूरा पड़ा है,जिससे नलकूप ठप पड़े हैं। किसानों ने विभागीय अधिकारियों चक्कर लगा रहे है।लेकिन कोई गौर नहीं कर रहे है। इंगोहटा के किसानों में अशोक मिश्र, प्रेम सागर सोनकर, गंगा प्रजापति, रमेश सिंह, राकेश सोनकर, संतोष अनुरागी, मंजीत खान, मुन्ना तिवारी और धनीराम साहू ने बताया कि चार माह पूर्व आए आंधी-तूफान में चंदपुरवा फीडर से इंगोहटा को जोड़ने वाली विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। कई खंभे उखड़कर गिर गए थे। इससे लाइन से जुड़े इंगोहटा गांव के तीन राजकीय नलकूप एवं एक दर्जन निजी नलकूप ठप हो गए थे। उन्होंने बताया कि चार माह बीत जाने के बाद विद्युत विभाग केवल नए पोल लगा पाया है। उनमें तार बिछाने का काम अभी भी अधूरा है। जिससे नलकूप न चलने से सिंचाई कार्य पूरी तरह ठप है। गांव के सभी राजकीय नलकूप महीनों से बंद हैं। जबकि अब रबी फसल की बुवाई का समय आ गया है। किसानों के अनुसार राजकीय नलकूप संख्या



164,165 एवं 166 एचजी के ट्रांसफार्मर, मेन स्विच व स्टार्टर खराब हैं। नलकूप 213 व 214 एचजी में भी ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। वहीं 90 व 118 एचजी रीबोर की स्थिति में हैं। नलकूप 230 एचजी में ट्रांसफार्मर और मेन स्विच खराब हैं। नलकूप संख्या 212 एचजी ठीक होने के बाद भी बंद है। किसानों ने कहा कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति और नलकूप चालू नहीं कराए गए तो उनकी फसलें सूख जाएंगी। किसानों का कहना है कि बंद नलकूपों की आवश्यक सामग्री जैसे ट्रांसफार्मर, मेन स्विच और स्टार्टर जल्द उपलब्ध कराए जाएं तथा चंदपुरवा फीडर लाइन पर लगाए गए नए पोलों में तार डालकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि समय से सिंचाई संभव हो सके। उपखंड अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि खंभे खड़े हो गए हैं। तार डालने किया जा रहा है।राजकीय नलकूप के बारे में बताया कि उनके यहां कोई शिकायत दर्ज नहीं है। अगर विद्युत दोष से नलकूप बंद हो तो नलकूप चालक शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उनकी समस्या दूर की जा सकें।

## थाना प्रभारी पर लगा खाद वितरण के दौरान लेखपाल से अभद्रता करने का आरोप

> ▸ लेखपालों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने दो दिन में जांच कर कार्रवाई का दिया आश्वासन

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

खाद वितरण के दौरान थाना प्रभारी द्वारा लेखपाल के साथ अभद्रता करने के सम्बन्ध में लेखपाल संघ के पदाधिकारियों द्वारा उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ को ज्ञापन सौंपकर खाद वितरण में ड्यूटी न लगाने व थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

तहसील कुलपहाड़ लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास चन्द्र यादव के नेतृत्व दर्जनों लेखपालों ने उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार को



दिए ज्ञापन में कहा है कि बीते वृहस्पतिवार के दिन उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार पनवाड़ी ब्लाक के ग्राम कोटरा साघन सहकारी समिति में खाद वितरण के लिए साथी लेखपाल नीतेन्द्र पटेल की ड्यूटी लगाकर टोकन वितरण किया रहा था। उसी समय थानाध्यक्ष महोबकंठ द्वारा लेखपाल को अपशब्द का प्रयोग करते हुए, कि तुम्हें नोकरी करना सिखा दूंगा, तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखा दूंगा, तुम्हीं लोग अव्यवस्था फैलाते हो। इस तरह की बात करके लेखपाल के साथ अभद्रता की गई है। जिसकी लेखपाल संघ घोर निन्दा करता है। साथ ही लेखपाल संघ ने ये भी निर्णय लिया है कि इस घटना के साथ ही पूर्व में भी लेखपाल साथी शिवकरन कुशवाहा, उर्वशी त्रिपाठी व अन्य साथियों के साथ भीड़ द्वारा अभद्रता की जा चुकी है। इसलिए समस्त लेखपाल साथी खाद वितरण में ड्यूटी नहीं करेंगे,और थानाध्यक्ष महोबकंठ के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। उपजिलाधिकारी ने दो दिन में जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन अवसर पर लेखपाल सुमित पचौरी, संजय महान, प्रदीप राजपूत, विपिन शिवहरे, राजेंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, भागवली, चक्रेश कुमार, शिवकरन, रामकुमार, नीरेंद्र, प्रदीप, बृजेन्द्र, समीक्षा, प्रियंका, जयदेवी, मानवती आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## तीन बेटियों को छोड़ प्रेमी भांजे के साथ भागी पत्नी, परेशान पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

> ▸ प्रेमी के साथ मिलकर पति की पिटाई कर घर में रखे जेवरात ले जाने का आरोप

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सात जन्मों तक रिश्ता निभाने की कसमें वाली पत्नी ने रिश्ते में भांजे अपने प्रेमी के साथ प्यार को परवान चढ़ाने के लिए पति से बेवफाई और रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर प्रेमी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से पिटाई कर बेटियों को रोता बिलखता छोड़कर घर में रखे जेवरात लेकर प्रेमी के साथ चली गई। पत्नी की वेवफाई से परेशान पति ने अपने ही सूने घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को फांसी से लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जाँच-पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सुगिरा निवासी लछिराम के 35 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार का शव उसके ही घर में फांसी से लटकता मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के भाई राजू ने बताया कि विगत 28 अक्टूबर को छोटे भाई अशोक अहिरवार की पत्नी पूजा मेरी बहन मालती के पुत्र जयचंद के साथ अपनी तीनों बेटियों को रोता बिलखता छोड़कर चली गई थी। पत्नी के जाने के बाद से अशोक परेशान रह रहा था और उसने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक अशोक के पिता लछीराम ने आरोप लगाया कि पुत्री मालती और उसके दो बेटे दीपू और जयचंद के साथ मिलकर बेटे अशोक की पत्नी पूजा ने अशोक के साथ बेरहमी से मारपीट की और घर में रख जेवरात उठा लिए और बहू पूजा अपनी तीनों बेटियों को रोता बिलखता छोड़कर जयचंद के साथ चली गई थी। जिसके बाद अशोक परेशान था और उसने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल में जुट गई है। सात जन्मों तक रिश्ता निभाने की कसमें खाने वाली पत्नी के पति से बेवफाई कर अपनी तीन बेटियों को रोता बिलखता छोड़ रिश्ते में भांजे अपने प्रेमी के साथ जाने के इस मामले के सामने आने के बाद से लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। फिलहाल रिश्तों को कलंकित करने और पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते को धोखा देकर अपने ही भांजे के साथ मामी के जाने का यह मामला सुर्खियां बटोर रहा है।

## जिलास्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

> ▸ भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय हाकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय बालक एवं बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज अपर जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश चौरसिया अध्यक्ष भूमि विकास बैंक महोबा,रामजी गुप्ता जिला व्यापार



मंडल आदि लोगो ने बालक एवं बालिका खिलाडियो का परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। बालिका वर्ग में स्टेडियम व जी जी आई सी महोबा के मध्य खेला गया पूरे टाइम मुकाबला 1-1 गोल से बराबर रहा अंत में ट्राइ ब्रेकर से स्टेडियम महोबा 3-2 जीजीआईसी महोबा को पराजित कर विजेता बनी। बालक वर्ग में श्रीनगर एवं महोबा स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमे श्रीनगर महोबा स्टेडियम को 2-1 से पराजित कर बालक वर्ग में विजेता बनी। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ने खिलाडियो को लक्ष्य बनाकर खेलने एवं पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक संजय यादव हाकी प्रशिक्षक एवं शशिकान्त गुप्ता रहे, स्कोरर इरफान,रबि व कुनाल रहे। इस अवसर पर प्रमोद, संदीप, फैजल, पुरण आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल संचालन, अतिथियों का स्वागत एवं आभार जिला क्रीडा अधिकारी संदीप गुप्ता के द्वारा किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया उप कारागार का औचक निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम नगीना यादव के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल द्वारा जिला उपकारागार महोबा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जेलर उपकारागार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिला उपकारागार में निरुद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने आदि समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु




निर्देश दिया तथा कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु सदैव तत्पर है। कुछ बन्दियों के जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। जो बन्दी अत्यन्त गरीब हैं तथा अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हे निःशुल्क लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। उपकारागार के अस्पताल मे भर्ती बंदियों से बात की तथा उन्हे बेहतर सेवाओं के लिये निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा बताया गया कि उपकारागार मे कुल 325 बन्दी निरुद्ध हैं। जिसमें विचाराधीन बंदियों की संख्या 270 एंव सिद्धदोष बंदियों की संख्या 55 है। तत्पश्चात पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया। जेलर द्वारा बताया गया कि प्रातःकाल बन्दियों को नास्ते मे चाय, गुड़, दलिया दिया गया था तथा सुबह के भोजन हेतु अरहर की दाल, आलू मूली की सब्जी, रोटी तैयार की गयी है। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश यादव, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, जेलर राजेश कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव

भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

बांदा, समृद्धि न्यूज।

खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन रखा था। भजन संध्या कार्यक्रम किरन कालेज एक लाज में आयोजित हुआ। जिसमें श्याम प्रेमियों द्वारा खाटू श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया।

कार्यक्रम में कानपुर कोटा, के गायक कलाकारों से भजनों से खाटू श्याम को रिझाया। भजन संध्या में शहर वासियों ने भजनों पर आनंदित होकर भजनों पर थिरके। खाटू श्याम दरबार में ज्योत जलाई गई। खाटूश्याम सेवा मंडल सदस्यों ने जन्मोत्सव के अंतिम क्षण रात 11.59 पर खाटू श्याम दरबार में केक काट, आतिशबाजी कर जन्मोत्सव को मनाया। जिसमें समिति द्वारा कार्यक्रम में आकर्षक लाइटिंग डेकोरेशन किया गया।

एक शाम खाटू वाले के नामए भजन संध्या का आयोजन रखा था। श्री खाटूश्याम सेवा मंडल दारा के तत्वावधान में मंदिर स्थल पर शाम को भव्य भजन संध्या रखी गई। भजन कार्यक्रम रात 8 बजे श्याम दरबार में ज्योत जलाकर शुरू किया गया।



जिसके बाद श्रद्धालुओं ने ज्योत की आहुति घी, नारियल की आहुति देकर सुंदर दरबार में विराजित खाटू श्याम बाबा के दर्शन करना शुरू किया। कार्यक्रम में रामगंजमंडी से खाटू श्याम भजनों के प्रसिद्ध गायक अपरणा मिश्रा ने गणेश वंदना से भजनों की प्रस्तुति दी। जिसके देखते ही देखते कार्यक्रम में शहर उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम में हजारोंश्रद्धालुओं ने भाग लिया। जो अंत तक कार्यक्रम में बने रहे। वहीं गायक राजू मालवीय, किरण गुप्ता अनंत मिश्रा राजू कुलकर्णी, दिव्यांश से खुद के लिखे भजनों की प्रस्तुति से समा बांधा। जिस पर उत्साहित होकर युवक युवतियां थिरकने लगे।

भजन संध्या में धर्ममय माहौल बन गया। जिनको कार्यक्रम में मौजूदा श्रद्धालुओं से खूब सराहा। जिस पर श्रद्धालु खूब थिरके। भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में आचार्य पूज्य व्यास श्री नवलेश दीक्षित जी महाराज ,जगदीश जी, भोले महाराज, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी पप्पू शिवहरे अंकित बासु वीरेंद्र गुप्ता प्रेम गुप्ता प्रियांशु पांडे अजय शर्मा अमित सेठ भोलू पुष्कर द्विवेदी सोनू सिंह , राकेश गुप्ता सुधीर तिवारी केके गुप्ता,राजू त्रिपाठी, अमित गुप्ता मोंटू गुप्ता,जीतू गुप्ता, नवीन प्रकाश गुप्ता, दीपक गुप्ता विमला यादव रूबी गुप्ता,सगीता शिवहरे अंकित बासु,प्रभा गुप्ता,आशु सेन, सुमन यादव प्रियंका उर्मिला सुमन साहू राधा मोहनी सुनीता,शैल, अर्पिता, पुनीत गोस्वामी, अभय सिंह धर्मेंद्र कुमार सुमित कुशवाहा हरिशंकर चौरसिया मनोज जैन अमित सेठ ,सोहन कुशवाहा संतोष यादव मनोज पिंटू राहुल शिवम् अजय सचिन सुनील सक्सेना, संजय ककोनिया शिवकुमार बड़कू भइया आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी को दिया आमंत्रण पत्र



बांदा, समृद्धि न्यूज।

आगामी 12 नवंबर से आयोजित 51 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कुरसेजा धाम के पूज्य संत श्री श्री 108 अंकुर दास महाराज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी जे०रीभा से मुलाकात की और उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में संजय सिंह पटेल प्रबंधक डिग्री कालेज तिंदवारी भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी को दिए गए आमंत्रण पत्र में कहा गया है कि 51 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ (श्रीराम कथा) का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर, गोसाईं तालाब के समीप मव ई बुजुर्ग गांव बांदा में 12 नवंबर से किया जा रहा है, जिसमें आप सपरिवार पधार कर पूजन अर्चन कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। पूज्य संत श्री श्री 108 अंकुर दास महाराज ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि इस महायज्ञ के आयोजन में प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा और यज्ञ के दौरान कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र के लोगों को आध्यात्मिक लाभ होगा और क्षेत्र में शांति और समृद्धि आएगी।

## खबरें एक नजर में

### घर से दवाई लेने गई नवविवाहिता गायब

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** घर से दवाई लेने गई नवविवाहिता गायब हो गई एक सप्ताह तक वापस न लौटने पर ससुराल वालो ने विवाहिता के मायके बहू के गायब होने की सूचना दी है अब मायके वालो ने ससुराल वालो पर बेटी की हत्या करने की शंका जाहिर की है पीड़ित की मां ऊसराहार थाने मे तहरीर देने पहुंची तो पुलिस ने लौटा दिया मां ने मामले की जानकारी एसएसपी को दी तब जाकर तहरीर ली गई। मैनपुरी जनपद के नगला दिलीप थाना बेवर निवासी अनीता देवी ने शुक्रवार को बताया वह वर्तमान समय मे नांगलोई दिल्ली मे रह रही हैं बेटी प्रियंका 22 वर्ष का विवाह 18 फरवरी 2024 को धूमधाम से ऊसराहार थाना क्षेत्र के भगवंतपुर निवासी गौरव यादव के साथ किया था शादी के बाद से ही ससुराल वाले उनकी बेटी को मारते पीटते थे संभ्रात लोगो के बीच पंचायत भी हुई थी ससुराल वालो ने उन्हे फोन नंवबर को सूचना दी कि उनकी बेटी 27 अक्टूबर को दवा लेने गई थी तब से घर वापस नही आई है खोजबीन के बाद भी प्रियंका का कोई पता नही चला है प्रियंका की मां अनीता देवी ने बताया उनकी बेटी गर्भवती थी शंका है कि ससुराल वालो ने ही हत्या कर दी है क्योकि इससे पहले भी उनका दामाद गौरव एक बार बेटी को छत से धकेलने का प्रयास कर चुका है अनीता ने बताया पूरे मामले मे ससुराल वालो के विरुद्ध थाने मे तहरीर देने पहुची तो पुलिस ने उन्हे लौटा दिया उनकी तहरीर तक नही ली इसलिए उसने पूरे मामले की जानकारी एसएसपी को फोन पर दी जिसके बाद थाने मे तहरीर ली गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया प्रियंका बीमार रहती थी और अवसर दिल्ली दवा लेने जाती थी इस बार दवा लेने दिल्ली गई तो उसने दिल्ली से ही किसी गाडें के फोन से दिल्ली होने की सूचना भी दी है उसके बाद दिल्ली से गायब है मामले की जांच की जा रही है उन्हे कोई तहरीर नही मिली है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा श्रीपाल सिंह द्वारा ज्ञात कराया गया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार मात्रीया श्रीमती अल्पना, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा की अध्यक्षता एवं निर्देशन में आगामी दिनांक 13 दिसम्बर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रि-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर वाद, भरण-पोषण सम्बन्धी वाद, चेक बाउन्स व मोटर यान अधिनियम सम्बन्धी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, आर्बीट्रेशन वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने समस्त विधि व्यवसायियों, वादकारी जनता एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील है कि आप अपने-अपने वादों के निस्तारण हेतु अधिक से अधिक संख्या में 13 दिसम्बर, 2025 दिन शनिवार को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद नियत कराते हुए जरिये सुलह-समझौता तय करायें तथा इस अवसर का लाभ उठायें।

### जहरीले किड़े के काटने से महिला की मौत

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उमरहनी गांव में धान काटने गई महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उमरहनी गांव निवासी महिला जगपतिया पत्नी छोटेलाल उम्र करीब 50 वर्ष यह आज शुक्रवार को धान काटने के लिए खेतों पर गई हुई थी, तभी धान काटने के बाद दोपहर में मेड़ पर बैठ गई। तभी पीछे से कोई जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे हालत बिगड़ने लगी। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो सीएचसी बबेरू में दोपहर भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया है।

### यूपीएस स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवम संघर्ष समिति ब्लाक इकाई जसपुरा के तत्वावधान मे आयोजक स्थल उच्च प्राथमिक कन्या जसपुरा मे चन्द्रमोहन साहू ब्लाक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जसपुरा की अध्यक्षता मे राकेश सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाँदा के मार्गदर्शन मे एवं रमेश पटेल तहसील प्रभारी के दिशा निर्देशन मे राष्ट्रीय एकता/अखण्डता दिवस के पावन साप्ताहिक कार्यक्रम के सुअवसर पर यूपीएस स्तरीय सामान्य ज्ञान, निबंध लेखन, चित्रकला,रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विद्यालयो से छात्र/छात्राओ ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता सुनिश्चित की विभिन्न प्रतियोगिताओं मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 3-3 विजेताओं को पुरूष्कृत करते हुए उन्हे और बेहतर कार्य हेतु प्रेरित किया गया पी एम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकीपुरवा के छात्र/छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया समस्त कार्यक्रम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जसपुरा (मुख्य अतिथि) की उपस्थिति मे पूर्ण निष्पक्षता के साथ शान्ति एवम सौहार्द पूर्वक संपन्न हुयी। प्रतियोगिता मे राममोहन शुक्ला वीरेन्द्र साहू कुलदीप त्रिपाठी मिथलेश त्रिपाठी रमेश चन्द्र सेन शैलेन्द्र सिंह प्रेम कुमार आदि अध्यापक गण निर्णायक भूमिका मे रहे। उक्त प्रतियोगिता के साथ- साथ यूपीएस कन्या जसपुरा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसपुरा के डॉ अंकुर अवस्थी डॉ पवन पटेल एवम उनकी टीम द्वारा विद्यालय के समस्त बच्चो के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया संचारी रोग एवम उनसे बचाव के उपाय व्यक्तिगत स्वच्छता विद्यालय स्वच्छता पर विशेष बल प्रदान किया गया इसके अतिरिक्त बच्चो ने हाथ धोने का सही तरीका भी सीखा एवं उसका अनुप्रयोग किया।

# आदर्श स्कूल में अभिभावक गोष्ठी संपन्न



इटावा, समृद्धि न्यूज।

इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने उपस्थित होकर शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें द्य इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफ़िशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, स्रष्टि तिवारी आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरुक

स्कूल के बच्चों ने यातायात सुरक्षा संबंधी स्वनिर्मित पोस्टरों से सभी को किया जागरुक

बांदा, समृद्धि न्यूज।




नवंबर माह यातायात माह के अंतर्गत डीआर पब्लिक स्कूल बांदा की छात्राओं द्वारा आज अवंती बाई कालू कुआं चौराहा बांदा पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जागरूकता संबंधी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज जी द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें नाबालिक अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की गई तथा हेलमेट सीट बेल्ट की महत्ता को अपने घर में परिवार के साथ जरूर साझा करने के विषय में बल दिया , सहायक पुलिस अधीक्षक मेविश टॉक ने छात्राओं को सुरक्षित सफर के साथ ही यातायात नियमों के पालन में बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की। बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने छात्राओं को नशे की हालत में वाहन न चलना तथा ट्रिपलिंग सवारी से बचने के संबंध में जानकारी देते हुए हमेशा शिक्षा विभाग के सहयोग हेतु तत्पर रहने का भरोसा दिलाया । मंडलीय मास्टर ट्रेनर /समन्वयक सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा ने नोडल छात्राओं से अपील की कि दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों की मदद करने हेतु आगे आए तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एक सार्थक पहल कर जनपद बांदा को आदर्श दुर्घटना रहित जनपद बनाने में मदद करें । प्रभारी यातायात संजय मिश्रा ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सुनील सक्सेना,टी एस आई निहाल सिंह ने छात्राओं के सुंदर पहल के लिए धन्यवाद दिया । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिव राज ने श्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाली छात्राओं कक्षा 7 की अवनी सिंह,शुभांशी,अंश मिश्रा, किंजल,दिव्यांशी, कक्षा 9 महक, अवन्या को समापन के दिन सम्मानित करने का आश्वासन दिया तथा कॉलेजों/विद्यालयों के साथ सामंजस्य बनाते हुए छात्र /छात्राओ द्वारा चौराहों पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम कराने हेतु डॉ. पीयूष मिश्रा के प्रयासों की सराहना की । इस अवसर पर संभ्रांत नागरिक, डी आर पब्लिक स्कूल प्रिंसपल सुनील कुमार त्रिपाठी, शिक्षक/ शिक्षिकाएं पियूष द्विवेदी, मनीष,आशना नीलम तथा यातायात पुलिस के सिपाही उपस्थित रहे।

# परिवार परामर्श केन्द्र, पुलिस टीम व समाजसेवियों के प्रयास से बिखरने से बचा परिवार

आपसी मतभेद भूल खुशी-खुशी पुनः एक साथ रहने को हुए राजी

बांदा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा परिवारिक विवादों के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े/मतभेद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को बिखरने से बचाया। थाना पैलानी क्षेत्र की संगीता पत्नी सुरेश द्वारा पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती प्रार्थना दिया कि उसके पति उसे पैसे नहीं देते व अपने साथ नहीं रखते है जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों द्वारा पति-पत्नी व उनके परिवारों को बुलाकर व्यक्तिगत व संयुक्त रुप से सुना गया एवं निष्पक्षता से मध्यस्थता की भूमिका निभाई तथा पारिवारिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया । आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच किए पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र या नजदीकी थाने पर सम्पर्क करने हेतु सलाह दी गयी।

### बाइकों की टक्कर से दो लोग घायल, एक का पैर फैक्चर

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत पल्हरी गांव में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से एक बाइक में सवार दो लोग घायल, एक का पैर फैक्चर होने पर जिला अस्पताल किया रिफर बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत पारा बिहारी गांव के रहने वाले प्रकाश पुत्र विजय करण उम्र करीब 18 वर्ष, व अंगद पुत्र दिनेश उम्र 16 वर्ष, से एक ही बाइक में सवार होकर दोनों लोग किसी काम को लेकर शुक्रवार को मुरवल गांव जा रहे थे। तभी पल्हरी गांव के पास सामने से आ रहे, बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। और मौके से फरार हो गया, जिससे बाइक सवार प्रकाश व अंगद गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको परिजनों के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद अंगद का पैर फैक्चर होने की वजह से जिला अस्पताल में रिफर कर दिया है। वहीं प्रकाश का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में किया जा रहा है।

# ब्लाक जसपुरा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंधन कला में लक्ष्मण स्वरूप पाण्डेय जी के नेतृत्व में आयोजित की गई।बाल क्रीड़ा का शुभारंभ ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवमंगल सिंह द्वारा मां सरस्वती पर पुष्पार्पण कर एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संकुल के सभी विद्यालयो के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्राथमिक स्तर पर पडेरी एवं तिलक थोक के बच्चों ने बाजी मारी, एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर सिन्धन कला एवं सिन्धन खुर्द के बालक बालिकाओं ने जीत हासिल किया साथ ही दौड़ में सिंधन, पडेरी, तगडाडेरा, एवं मरझा के बालक बालिकाओं ने जीत हासिल किया। विजेता छात्र-छात्राओं को चन्द्र मोहन साहू अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जसपुरा एवं लक्ष्मण स्वरूप पाण्डेय अध्यक्ष संघर्ष समिति जसपुरा द्वारा मेडल पहनाकर कर पुरूष्कृत किया गया।बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में इन्द्र पाल दिलीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, नीलेश कुमार, लक्ष्मीचंद, हरिओम, विनोद पटेल, अंकित कुमार, चन्द्रभान,आदि शिक्षकों ने सराहनीय योगदान दिया।



### वृद्धाश्रम के 40 वृद्धजनों ने किया सफारी पार्क का भ्रमण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इटावा सफारी पार्क इटावा में अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत 29 जुलाई 2024 में की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के परिषदीय स्कूलों के छात्र छात्राओं को सफारी पार्क में निःशुल्क भ्रमण कराना है ताकि बच्चे वन्यजीवों के सरंक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रतिस्पर्धी बन सके। सफारी पार्क के निदेशक डॉ अनिल कुमार पटेल के मार्गदर्शन में 6 अक्टूबर को एक विषेष अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद इटावा में शालिनी मेमोरियल संस्थान द्वारा संचालित सरोज वृद्धाश्रम के 40 वृद्धजनों को सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। वृद्धजनों में 16 महिलाएं एवं 24 पुरुष शामिल रहे। वृद्धजनों को सफारी भ्रमण के उपरांत सफारी पार्क के मनन सभागार में सूक्ष्म जलपान के साथ ही सफारी भ्रमण का अनुभव साझा किया गया। सफारी पार्क के उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह द्वारा वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनके अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। अनुभव साझा करने का दृश्य बेहद प्रेरणा दायक रहा। सभी वृद्धजनों द्वारा उनके जीवन में पहली बार वन्य जीवों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसके लिए उनके द्वारा सफारी प्रबंधन एवं सरोज वृद्धाश्रम का आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह, शिक्षा अधिकारी कार्तिक द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# चकरनगर बस्ती ने सगरा को हराया

चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।



युवा कल्याण एंव प्रांतीय रक्षक दल विभाग के द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय ग्रामीण बालक, बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल के विजेता बच्चों को भरथना विधानसभा में विधायक खेल स्पर्धा के लिए चयनित किया जाएगा।

शुक्रवार को चांदई मिनी स्टेडियम में आयोजित ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।जिसमें वॉलीबाल प्रतियोगिता का खेल काफी रोमांटिक रहा। सीनियर वर्ग वॉलीबाल प्रतियोगिता में चकरनगर बस्ती की टीम ने सगरा गांव की टीम को हराकर जीत हांसिल की। इसी क्रम में बालिका जूनियर कबड्डी प्रतियोगित में जवाहर इंटर कॉलेज की टीम ने कंपोजिट विद्यालय चकरनगर टीम को हराया। 100 मीटर सीनियर बालक दौड़ में शिवम यादव पुत्र अभिलाख चकरनगर प्रथम स्थान पर रहे तथा 200 व 400 मीटर दौड़ में शिवम सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह गनियावर ने पहला स्थान प्राप्त किया, 1500 मीटर दौड़ में विकास पुत्र प्रीतम सकतपुरा प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर में बालक 100मी. व 200 मी. दौड़ में सुमित पुत्र मुकेश निवासी महाराजपुरा पहले स्थान पर रहे। सब जूनियर बालक 100 मीटर व 800 मी. दौड़ में साहिल पुत्र उपदेश चकरनगर अव्वल रहे, सब जूनियर बालिका 100 व 800 मी. दौड़ में खुशी पुत्री दलवीर निवासी चकरनगर अव्वल रहीं। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि विधायक खेल स्पर्द्धा के खिलाड़ियों को चयनित करने के लिए ट्रायल प्रतियोगिताएं चल रही है। जिसके तहत सबजूनियर, जूनियर, सीनियर तीन कैटेगरी में दर्जनों बालक/बालिकाओं ने एथलिटिक्स, कबड्डी, ऊंची व लंबी कूद, वॉलीबाल आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। एक दिन का पूरा कार्यक्रम सकुशलता से संपन्न किया गया, शनिवार को उक्त खेल का समापन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खेल स्पेशलिस्टों के द्वारा ईमानदारी से परिणाम भी दिए गए। सुरक्षा दृष्टिकोण से पीआरडी के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति टीम ने कस्बों, बाजारों व ग्राम सचिवालयों में चलाया जागरुकता अभियान



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में आज पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के अन्तर्गत बाजारों, ग्राम सचिवालयों, कस्बों आदि में लोगों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे टेम्पलेट वितरित कर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों, साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के तरीकों व उनसे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई । मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतेहगंज में, थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चिल्ला में, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम गिरवां में व थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतपुरवा में अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं व लोगों को जागरुक किया गया।

# प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

इटावा, समृद्धि न्यूज।




भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. द्वारा पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं सुगमता बढ़ाने हेतु 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों का संभाजन कराए जाने के संबंध में जनपद के समस्त मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहुति की गई।

बैठक में उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों से अपील की कि आपका कोई सुझाव हो तो 18 नवंबर तक दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीएलए को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि तीनों विधान सभा के मतदान केंद्रों का परीक्षण किया जाए, जिससे चुनाव के समय कोई भी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि पुराने एवं जर्जर भवनों का परीक्षण किया जाए, उनको ऐसी जगह बनाया जाए जहां मतदाता सही से पहुंच सकें।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर विद्युत, पानी आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में उदयभान सिंह द्वारा बताया गया कि कांशीराम कॉलोनी बकेवर का मतदान केंद्र बनाया जाए एवं सभी कांशीराम कॉलोनी को भी शामिल किया जाए।

उक्त बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, जिला मंत्री भाजपा जितेंद्र गौड, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रदीप शाक्य बबलू, वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी उदयभान सिंह यादव, सचिव मण्डल सदस्य मा.क.पा. संतोष शाक्य, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी वाचस्पति द्विवेदी, जिला महासचिव बीएसपी राकेश कुमार, जिला महासचिव आम आदमी पार्टी इकरार अहमद सहित अन्य राजनैतिक दल आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास के साथ गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टाक के उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों व रिक्रूट आरक्षियों द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम को देखा गया तथा एक स्वर में वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्रप्रेम, एकता और समर्पण का संदेश दिया साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान याद करते हुए उनके सर्मपण, राष्ट्रीय प्रेम की भावना व बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद करता रहेगा। मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। साथ ही जनपद के समस्त थानों एवं कार्यालयों में भी वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्रप्रेम, एकता और समर्पण का संदेश दिया गया।

# यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति किया जागरूक

बांदा, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज थाना एएचटीयू, एसआईपीयू श्रम विभाग, साथी यूपी संस्था, थाना जी.आर.पी. एवं आर. पी.एफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया।

यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई । अभियान के दौरान प्लेटफार्म नंबर 01 पर 02 नाबालिक बच्चे लावारिस मिले। पूछताछ के दौरान बच्चों द्वारा बताया गया की मां सामान खरीदने गयी हैं संयुक्त टीम द्वारा बच्चों को सुरक्षित अपने पास रखा एवं बच्चों की मां का इंतजार किया बच्चों की मां के आने के बाद बच्चों को उनकी माता को सुपुर्द किया गया तथा हिदायत दी गई कि भविष्य में बच्चों को अकेला नहीं छोड़े। इसके बाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान श्रम अधिकारी बांदा दुष्यंत कुमार, मुस्तकीम थाना एएचटीयू से प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, उ.नि. अनिल उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत, महिला आरक्षी सरला, थाना से प्रभारी निरीक्षक सुरुचि, उ.नि. अतुल, सहायक उप निरीक्षक संतोष, उ.नि. विक्टर लाकरा, कांस्टेबल मो. वसी, बृजेंद्र, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से रचना, ग्रामीण विकास परंपरा संस्थान बांदा से विनोद, शिवम, साथी यू.पी. संस्था से प्रमोद एवं ग्रामीण स्वावलम्बन समिति बांदा से ममता एवं टीम के सदस्य मौजूद रहे ।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कार्यशालाएं संपन्न

## कार्यकर्ताओं को मिला घर- घर संपर्क अभियान का निर्देश


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत मानीमऊ एवं जलालाबाद मंडलों की कार्यशालाएं शुक्रवार को निजी गेस्ट हाउस में आयोजित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री असीम अरुण व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष कानपुर उत्तर दीपू पांडेय उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में नाम जोड़ना, त्रुटियों का सुधार करना और नए मतदाताओं को शामिल करना रहा। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों के बूथों पर सक्रिय रहकर घर- घर संपर्क अभियान चलाएं। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम घोषित हो गया है, और हमें गहनता से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करना है। उन्होंने बताया कि पार्टी अब बीएलओ की तर्ज पर ब्लॉक लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करेगी, जो घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच करेंगे। फर्जी और दोहरे वोटरों को हटाने तथा नए युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि दीपू पांडे और जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पूरे समर्पण के साथ एसआईआर अभियान में जुड़ें और लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दें। इस मौके पर जिला प्रभारी इंद्रपाल सिंह पटेल, संजू कटियार, अनिल दुबे, विजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, उपाध्यक्ष रचित त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

## महिला से 25 हजार रुपये ले उड़े बाइक सवार

छिबरामऊ, कन्नौज। सुल्तानपुर प्रेमपुर गांव की विधवा कमलेश कुमारी पत्नी स्व. ओमकार राठौर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की छिबरामऊ शाखा से रुपये निकाल कर कॉपी किताबों की दुकान से पेंसिल खरीदने लगी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पैसों का झोला छीनकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार स्व. ओमकार हवलदार के पद पर तैनात थे। कमलेश ने अपनी बेटी सोनी को पैसे देने के लिए बैंक से 25 हजार रुपये निकालकर झोले में रख लिए और बाजार पहुंचीं। यहां किताब की दुकान पर पेन-पेंसिल खरीदने लगीं। तभी दो मोटरसाइकिल सवार युवक झोला छीन कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विष्णु कांत तिवारी, सीओ सुरेश कुमार पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान व बैंक के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। कोतवाली पुलिस चोरों की तलाश और घटना के खुलासे में जुटी है।

# दुर्गा शोभा यात्रा के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



नगर में पिछले 35 वर्षों से शारदीय नवरात्रि की नवमी को आयोजित होने वाली मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा इस वर्ष भी 1 अक्टूबर को मां नव दुर्गा समिति द्वारा निकाली गई थी। इसमें शामिल जीवंत झांकियों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस शोभा यात्रा में नगर के 61 बच्चों ने विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप में जीवंत अभिनय कर सभी का मन मोह लिया था। इन सभी कलाकारों को मोहल्ला बजरिया के चंद्रकान्ता पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में समिति द्वारा प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया गया। मोहल्ला कटरा के ब्रजेन्द्र शर्मा, सागर सैनी और उनकी टीम व मोहल्ला चौधरियान के दीपक शाक्य की टीम द्वारा प्रस्तुत जीवंत झांकियों के प्रतिभागियों को ट्रॉफी, अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, ग्रेट मास्टर बैंड और जयहिंद बैंड की टीमों को भी ट्रॉफी व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा में तन, मन, धन से सहयोग करने वाले गणमान्य व्यक्तियों और मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मां नव दुर्गा समिति के अध्यक्ष राजीव दुबे, महामंत्री नरेश वर्मा, उपाध्यक्ष भाष्कर चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष नेमीचंद राठौर, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महिला की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे, रामानंद वर्मा, अटल बिहारी दुबे, देवराज त्रिपाठी, मोनू चौहान, मयंक गुप्ता, कनक तिवारी, प्रीति तिवारी, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, विपिन द्विवेदी, डॉ. रजनीश दुबे, चंद्रकांत डुब्बल, सुभाष चंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# आशीष सिंह को उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन ने किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़। सरोजनी देवी नेत्र चिकित्सालय पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता व उनकी टीम ने बॉलीवुड अभिनेता आशीष सिंह को अंग वस्त्र और राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। फिल्म जीरो में अपनी उम्दा भूमिका से चर्चित आशीष को यह सम्मान क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया गया। जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा ऐसी प्रतिभाओं का सम्मानित करना हमारा नैतिक दायित्व है। इससे हमारे क्षेत्र के कलाकारों को आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। अभिनेता आशीष सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए युवाओं को सलाह दी, काम के प्रति ईमानदारी रखें, शिक्षा और किताबों से जुड़े रहें। माता-पिता व भगवान से प्रेम करें, तभी सफलता मिलती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने फिल्म जीरो, सरकारी बच्चा, सोनम गुप्ता बेवफा है, साकेत धाम अयोध्या, विल, सांग तेरी बिन सजनी और सीरियल पृथ्वीराज चौहान जैसी परियोजनाओं में शाहरुख खान, सलमान खान, अनुष्का शर्मा, कैटरीना कैफ, अक्षय कुमार, अजय देवगन, इम्तियाज अली जैसे दिग्गजों के साथ काम किया है। उनकी नई फिल्में नॉट गिल्टी और शेल्टर होम शीघ्र रिलीज होंगी। इस अवसर पर डॉ. प्रत्यूष द्विवेदी, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, जिला उपाध्यक्ष अतुल वर्मा, नगर उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, वीर सिंह चौहान व राम जी गुप्ता उपस्थित रहे।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। पति व बच्चों के साथ बाइक से सौरिख स्थित अपने मायके जा रही महिला फर्रुखाबाद रोड पर गिरकर घायल हो गई। पति ने उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कमालगंज थाना क्षेत्र के जीरा गौर निवासी तैजीम अपने पति नूर अहमद, पुत्र अल्फैज व उमेर अहमद के साथ बाइक पर सवार होकर सौरिख स्थित अपने मायके जा रही थी। काली नदी पुल पार करते ही बाइक का पहिया गड्ढे में पड़ने से अचानक वह उछलकर सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में पति ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# अतिक्रमण हटाने के बाद नाला का निर्माण शुरू



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़। पूर्वी बाईपास पर विकास खंड कार्यालय के पास नगर पालिका ने जीटी रोड हाईवे किनारे अतिक्रमण हटवा कर नाले का निर्माण शुरू कर दिया है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, ईओ सुनील कुमार सिंह व जेई रविराज कौशल ने बताया प्रोफेसर कॉलोनी एवं गनी मार्केट में पानी निकासी की समस्या को देखते हुए तालग्राम चौराहे से संत निरंकारी आश्रम के पास पुलिया तक जलनिकासी के लिए, नाले का निर्माण तीन चरणों में गनी मार्केट से नेहरू कॉलेज, नेहरू कॉलेज से सहकारी समिति पूर्वी और सहकारी समिति पूर्वी से निरंकारी आश्रम की पुलिया तक कराया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 1.2 किलोमीटर होगी। दूसरा नाला बहबलपुर में गोविंद तिवारी के मकान से रमाकांत श्रीवास्तव के मकान और एमएल वर्मा के मकान से रमेश राठौर के घर तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 1 किलोमीटर होगी। तीसरा नाला बाईपास हाईवे किनारे जनता कोल्ड स्टोरेज से काशीराम कॉलोनी की पुलिया तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 460 मीटर होगी। नगर में तीन नालों के निर्माण से बरसात के समय होने वाले जलभराव से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम संपन्न

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह ने देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें अपने राष्ट्र के गौरव और स्वदेशी मूल्यों को आत्मसात करते हुए देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की नव चेतना का संचार करने वाला प्रेरणास्रोत रहा है। आज इसके 150 वर्ष पूर्ण होने पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## गणित ओलंपियाड में जनपद स्तर के लिए दस विद्यार्थियों का चयन



छिबरामऊ, कन्नौज। बीआरसी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड में कक्षा 6, 7 व 8 के विद्यालय स्तर से चयनित कुल 59 विद्यार्थियों में से 10 का चयन जनपद स्तर के लिए किया गया। परीक्षा के समापन के बाद मूल्यांकन का कार्य सुशील दुबे, अच्युत त्रिपाठी, अर्चना चतुर्वेदी, राजेश गौतम और योगेश यादव जैसे अनुभवी एआरपी शिक्षकों द्वारा किया गया। परिणामस्वरूप, कंपोजिट विद्यालय रामखेड़ा के अंशुल और यूपीएस नंदलालपुर की आस्था ने पूर्णांक 30/30 हासिल कर सभी को प्रभावित किया। कुल 10 मेधावी विद्यार्थियों का चयन जनपद स्तर की परीक्षा के लिए किया गया, जहां न्यूनतम पात्रता 75 प्रतिशत अंकों की निर्धारित थी इस आयोजन में डायट प्रवक्ता अनुज दुबे, खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह ओलंपियाड क्षेत्रीय स्तर पर गणित शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुआ। इस दौरान अरविंद चौहान, अनूप मिश्रा, विनोद मिश्रा, राजेश पाठक सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# काशीराम कॉलोनी में 20 दिनों से पेयजल संकट, निवासी बेहाल

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



बाईपास हाईवे के किनारे बसी काशीराम कॉलोनी में पिछले 20 दिनों से पेयजल की किल्लत ने निवासियों का जीवन कष्टमय बना दिया है। यहां के लोग, खासकर महिलाएं, रोजमर्रा के कामों के लिए पानी के इंतजार में परेशान हैं। कॉलोनी की महिलाओं सुनीता, रेनू, तारा, रज्जो, सन्नो, आरती, पूजा, रेशमा, सोनम, रोजी, कलावती और गुड्डी ने अपनी व्यथा लेकर नगर पालिका कार्यालय का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने बताया कि 20 दिनों से नल में पानी का नामोनिशान नहीं है। इतना ही नहीं, कॉलोनी में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है और कई स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी होने से रातें और असुरक्षित हो गई हैं। यहां के निवासी उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही स्थायी समाधान हो जाएगा, ताकि उनका जीवन सामान्य हो सके। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने समस्या का संज्ञान लेते हुए कहा कि कॉलोनी के नलकूप की बोरिंग खराब हो गई है। इसे ठीक करने के लिए ड्रल और जल निगम से संपर्क किया गया है तथा प्रयास जारी हैं। फिलहाल, पानी की कमी को पूरा करने के लिए टैंकरों के जरिए आपूर्ति की जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया स्काउट स्थापना दिवस



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्काउट भवन, में भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना से तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जिला सचिव लज्जाराम वर्मा ने स्थापना दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्काउट आंदोलन के तीन मूल सिद्धांतों अनुशासन, सहयोग एवं सेवा भाव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने युवाओं से इन सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आगामी 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी (लखनऊ, वृंदावन परियोजना क्षेत्र) की तैयारियों पर विशेष बल दिया गया। चयनित स्काउट्स, गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश, सुरक्षा सावधानियां तथा सामग्री तैयारियों हेतु विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी, एडवांस्ड स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, योगेश चंद्र मिश्रा, आसाराम, श्रवण कुमार, सुरजीत कुमार मिश्रा एवं गाइड कैप्टन श्रीमती मनोरमा उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नानक शरन को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
राकेश पुत्र राजाराम, ग्राम चन्द्रभानपुर मजरे व पोस्ट सिद्धौर थाना असन्द्रा जनपद-बाराबंकी।

## अदालती सूचना

सम्मन वास्ते करारदाद उमेर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 जाबता दीवानी)
न्यायालय श्रीमान् अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिबरामऊ, जनपद कन्नौज, नं.मु. 17/11, सन् 2024

आवेदिका प्रिया पत्नी राहुल दिवाकर पुत्री स्व. सुआलाल निवासिनी ग्राम नौगाई थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।

बनाम

1. राहुल दिवाकर पुत्र लालाराम 2. लालाराम पुत्र नामालूम 3. सावित्री देवी पत्नी लालाराम 4. बबिता पुत्री लालाराम 5. संजय पुत्र लालाराम समस्त निवासीगण मोहल्ला अवन्तीबाई नगर कस्बा व थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद

हरगाह वादीगण ने आपके बनाम एक नालिस घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 के अन्तर्गत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28/11/25 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और कुल उमूर अहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो तो जवाब देने सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करें जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसल होगा।

मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से आज बतारीख 17 माह 10 सन् 2025 को जारी किया गया। जज

इत्तिला
1. अगर आपको यह अन्देशा हो कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आप अदालत हाजा से सम्मन वई मुराद जारी करा सकते है। कि गवाह हाजिर न हो वह जबरन हाजिर कराया जाये और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश कराना हो आप इस्तहकाक रखते है वह उससे पेश कराई जाए बशर्ते कि आप खर्चा जरूरी अदालत में दाखिल करके इस अम्र की दरख्वात गुजराये।

2. अगर आप मुतालिबा मुद्दई को तसलीम करते है तो आपको लाजिम है कि रुपये मय खर्चा नालिस के अदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की जो आपके जान या माल या दोनो पर हो करनी न पड़े।

# घाट संचालक की दबंगई, कर्मचारी को बंधक बनाकर पीटा

## उरई कोतवाली पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान



उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़। जनपद जालौन में घाट संचालकों की दबंगई का एक बड़ा मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एस.एस.के. देवकीन प्राइवेट लिमिटेड घूरौली चंदवारी के घाट संचालक योगेश सिंह कुशवाहा एवं आकाश सिंह कुशवाहा ने एक युवक को अगवा कर उसकी बेरहमी से पिटाई की। पुलिस प्रशासन की तत्परता से बड़ी घटना टल गई वरना कोच के चर्चित आशीर्वाद होटल कांड जैसी वारदात दोहराई जा सकती थी। मिली जानकारी के अनुसार इस समय जो घाट संचालन कर रहा कुलदीप तिवारी द्वारा अंकित कुमार पुत्र वीरेंद्र निवासी भिंड (मध्यप्रदेश) को बुलाकर कहा कि चलो उरई, तुम्हारा हिसाब कर देते हैं। इसके बाद कुलदीप तिवारी बोलेरा गाड़ी से अंकित को उरई के सुशील नगर बॉबी भदौरिया( जो कि घाट में पार्टनर बताया जा रहा है) के यहां ले जाया गया जहां उसकी जमकर पिटाई की गई। आरोप है कि घाट संचालक और उसके साथियों ने अंकित पर घोटाला करने का आरोप लगाते हुए बुरी तरह मारा-पीटा। मारपीट के बाद युवक को कोंच बस स्टैंड स्थित मामा गैराज के पास ले जाया गया जहां फिर से उसे पीटा गया। आरोपी कह रहे थे कि तुमने हमारे साथ हेराफेरी की है। किसी तरह अंकित ने अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन पुलिस को साथ लेके मौके पर पहुंचे और युवक को बंधनमुक्त कराया। पीड़ित युवक के मुताबिक उस समय मौके पर करीब 20-25 लोग नशे में धुत होकर युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने युवक की डॉक्टरी करवाकर गम्भीर धाराओं में मुकदमा संख्या 649/25 बी एन एस की धारा 115(2),352,351(3) में दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि एस.एस.के. देवकीन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से घाट संचालन का कार्य भले ही हमीरपुर में किया जाता है लेकिन कंपनी का ऑफिस उरई में स्थित है। कुछ दिन पहले चंदवारी-घुरौली घाट बंद होने के बाद से घाट संचालकों का गुट आपसी विवाद और हिसाब-किताब को लेकर विवादों में आ गया था। विशेष सूत्रों के अनुसार घटना के समय घाट संचालन कर रहे बॉबी भदौरिया, कुलदीप तिवारी और अन्य सहयोगी मौजूद थे। उन्होंने 12 से 15 लोगों को अपने परिसर में बंद कर रखा था। अंकित के साथ मारपीट करने वालों में से कई नशे में थे।


# वाहन चालकों के मधुमेह परीक्षण के लिए लगा शिविर

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।




यातायात माह नवम्बर 2025 के अन्तर्गत एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत शुक्रवार को उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय उरई (जालौन) परिवहन विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चालक लाइसेंस के आवेदकों/अन्य वाहनों के चालकों के स्वास्थ्य एवं मधुमेह (सुगर) परीक्षण की जाँच हेतु शिविर लगाया गया, जिसमें 40 चालक लाइसेंस के आवेदकों/अन्य चालकों / परिचालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपस्थित समस्त चालक लाइसेंस के आवेदकों / चालकों के स्वास्थ्य, नेत्र एवं मधुमेह (सुगर) की जाँच नेत्र एवं पैथलॉजी चिकित्सकों की टीम द्वारा की गयी। उक्त शिविर में सुरेश कुमार वरि.-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा./प्रव.) जनपद-जालौन, संतोष कुमार पटेल मोटर वाहन निरीक्षक, बीर बहादुर सिंह (यातायात प्रभारी), समाजसेवी अब्दुल अलीम खान एवं कार्यालय के समस्त पटल सहायक उपस्थित रहे। सुरेश कुमार वरि0-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा/प्रव) जनपद-जालौन द्वारा शिविर में उपस्थित चालक लाइसेंस के आवेदकों/अन्य वाहनों के चालकों को सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।


# आवंटित राशन दुकान का संचालन कराए जाने को लेकर दिया पत्र



कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरी में दिनांक 27 सितम्बर 2025 को ग्राम सभा के बीच समस्त राशन दुकान की समिति और अधिकारियों के बीच उचित दर राशन दुकान का उम्मीदवार सर्व सम्मति से नित्य प्रकाश पुत्र अम्बिका प्रसाद का नाम चयनित हो गया था लेकिन आज तक राशन की दुकान का चार्ज चयनित व्यक्ति को नहीं मिला जिसके कारण पात्र ग्रामवासी समस्याओं से जूझते हुए दूसरे ग्राम में राशन लेने जाते हैं और जिनके पास साधन नहीं है वह राशन लेने नहीं जा पाते जिस पर ग्रामवासियों ने दिन शुक्रवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र देते हुए ग्राम की चयनित दुकान को संचालित कराए जाने की मांग की है इस दौरान ब्रह्मानंद गंभीर सिंह ब्रह्मानंद चतुर सिंह जितेंद्र कुमार कौशल बुधौलिया राजेश कुमार अरविंद कुमार प्रताप सिंह चौतन्य प्रकाश घनश्याम लाल सिंह मोनू राजीव कुमार रूपेंद्र अमित मिश्रा तेज प्रकाश लालू राम कमलेश सहित राम ग्राम वासी मौजूद रहे।

# कैंसर जागरूकता दिवस पर सीएचसी में लगा जागरूकता शिविर

जालौन समृद्धि न्यूज़।



अगर कैंसर का शुरुआती दौर में पता चल जाए, तो इसका इलाज संभव है। हालाँकि, ग्रामीण इलाकों में जागरूकता और चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण अक्सर निदान में देरी होती है, जिससे इलाज और भी जटिल हो जाता है यह बात चिकित्सा अधीक्षक डा के डी गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कैंसर जागरूकता दिवस के मौके पर आयोजित शिविर में कही। कैंसर जागरूकता दिवस के मौके पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में लोगों कैंसर को जागरूक किया गया है। इस मौके पर डां राजीव दुबे ने कहा कि कई लोग लगातार खांसी, अस्पष्टीकृत वजन घटना, गांठ या असामान्य रक्तस्राव जैसे प्रारंभिक लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। आर्थिक तंगी के कारण वे तब तक अस्पताल जाने से हिचकिचाते हैं जब तक कि बीमारी गंभीर अवस्था में न पहुंच जाए। महिलाएं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, भय, कलंक या गलत सूचना के कारण नियमित जांच से बचती हैं।कभी भी कोई दिक्कत हो तो वह सही समय पर जांच कराये ।अगर समय पर जांच हो जाये तो हर बीमारी का इलाज सम्भव है। शिविर में 102 लोगों का परीक्षण किया गया जिसमें 4 लोगों संदिग्ध मिले है जिन्हें जांच कराकर उपचार कराने की सलाह दी गयी है। इस मौके पर डां योगेश आर्या, डां विनोद राजपूत, डां सहन बिहारी गुप्ता, डां प्राभांशु सिहं, डां हरीशरण, पी एन शर्मा, अवधेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# एसपी के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने जनता को कराया सुरक्षा का अहसास

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़। जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुये शुक्रवार की दोपहर को पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में नगर में पुलिस जवानों ने सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों में फुट मार्च करके जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान एसपी ने मातहतों को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,टरनंगज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल समेत पुलिस जवानों ने कालपी नगर के फुल पावर चौराहा ,बाईपास, हाईवे सर्विस लेन आदि स्थानों में घूम घूम कर पैदल मार्च किया। जगह-जगह पुलिस अधीक्षक ने जनता से संवाद स्थापित कर जानकारियां ली। फुट मार्च के दौरान रास्ते में संदिग्ध लोगों से पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ की गई। इस मौके पर विपलेंद्र कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार के अलावा महिला सिपाही शामिल रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य कैंप में छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से दर्शाये मनोरोग के लक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी संस्थान में शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ। इसमें मनोवैज्ञानिक सामाजिक कार्यकर्ता दीप्ती यादव, मनोवैज्ञानिक नर्स अखिलेश कुमार और इंद्रपाल ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं को चित्रों के माध्यम से दर्शाया। उन्होंने कलात्मक रूप से मानसिक रोगों के लक्षणों को प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्राओं से मनोवैज्ञानिक विषयों पर प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया। दीप्ती यादव ने छात्राओं को मानसिक रोगों के लक्षणों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया। जिन्होंने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मी गंगवार ने छात्राओं से विभिन्न आकृतियों के माध्यम से मानसिक रोगों के लक्षणों को चित्रित करवाया। विद्यालय की प्रबंधिका मोनिका अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुतीक्ष्ण श्रीवास्तव ने टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शिल्की मिश्रा, कमलादेवी, शायना, संतोष शर्मा, शशांक शुक्ला, विजय कुमार, रीना, बादाम, लालाराम सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बच्चों और शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।



कैंप में छात्राओं को जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पारिवारिक कलह के चलते नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्षत्र का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलेगी, तो कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर कुड़रा निवासी लक्ष्मी उर्फ मानसी उम्र करीब 20 वर्ष पत्नी अनुज मिश्रा ने कमरे में कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लक्ष्मी की शादी 11 महीने पहले हरदोई जिले के पचदेवरा थाना क्षेत्र के धान नगला गांव निवासी अनुज से हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पारिवारिक कलह के कारण लक्ष्मी ने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलने पर मृतका की मां पूनम और पिता अखिलेश मौके पर पहुंचे।

जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना मिलते ही अमृतपुर थाना अध्यक्ष, चौकी इंचार्ज रवि सोलंकी और नायब तहसीलदार अभिषेक मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका की सास मीरा देवी और ससुर रविंद्र ने बताया कि घर में फांसी लगाने जैसा कोई कारण नहीं था और उन्हें नहीं पता कि बहू ने ऐसा क्यों किया। वहीं मृतका के पिता अखिलेश ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद वे आगे की कार्रवाई के लिए शिकायत दर्ज कराएंगे। अमृतपुर थाना अध्यक्ष ने बताया की कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



जांच पड़ताल करतीं थानाध्यक्ष

## अधिशासी अधिकारी ने कूड़ा कलेक्शन कार्य का किया निरीक्षण



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा ने नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा मोहल्ला पाठक, श्यामा गेट, कुकी खेल आदि स्थलों पर एनजीओ की सहायता से हो रहे सैग्रीगेटेड डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य हेतु कराए जा रहे सर्वे व जनजागरूकता का निरीक्षण किया। इसके अलावा पिंक शौचालय की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी को निरीक्षण में सब कुछ ठीकठाक मिला। अधिशासी अधिकारी ने लोगों से अपील की कि वह कूड़ा कलेक्शन कार्य में अपना सहयोग दे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक अन्शुमान, आनन्द शुक्ला, सफाई एव खाद्य निरीक्षक अनिल आजाद, अवर अभियता प्रशान्त कुमार आदि मौजूद रहे।

# बीते दिन झाड़ियों में मिले शव की हुई शिनाख्त



पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन झाड़ियों में मिले शव की शिनाख्त हो गयी है। आज परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त चांद मोहम्मद के रुप में की।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार को झाड़ियों में एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में शव को मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया था। शुक्रवार को मृतक के परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे और शव की पहचान चांद मोहम्मद के रूप में की। परिजनों ने बताया कि 36 वर्षीय चांद मोहम्मद दिल्ली में कई वर्षो से सिलाई का काम करता था। वह 24 अक्टूबर को अपने घर आने के लिए दिल्ली से सीतापुर डिपो की रोडवेज बस में सवार हुआ था। उसके साले ने उसे बस में बैठाया था। रात तक चांद मोहम्मद घर नहीं पहुंचा। जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। चांद मोहम्मद के साले हाशिम ने बस का नंबर दिया और परिचालक से संपर्क किया। परिचालक ने बताया कि 24 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे चांद मोहम्मद को फैजाबाग में उतार दिया गया था। परिजनों को बस में छूटा उनका बैग भी परिचालक द्वारा उपलब्ध कराया गया। इसके बाद भी चांद मोहम्मद का पता नहीं चला। परिजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से झाड़ियों में शव मिलने की जानकारी मिली। शुक्रवार को वे पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे और पेंट और बेल्ट से शव की शिनाख्त की। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी।

## स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में 210 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार





स्वास्थ्य शिविर में दवायें लेते ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र में 210 मरीजों का नि:शुल्क उपचार व दवाइयां वितरित की गई। गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा गया। ग्राम बिराहिमपुर जागीर में भाजपा नेता सेक्टर अध्यक्ष प्रदीप पाल के प्रतिष्ठान पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शंकर दीक्षित मंडल उपाध्यक्ष, रामबाबू प्रसाद प्रजापति मंडल उपाध्यक्ष, केशव नंदन, डॉक्टर अनुराग सिंह द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में बलीपुर गढ़ी, जानियापुर, दारापुर, त्योर खास, बझेरा सहित आधा दर्जन गांव के लोगों ने अपनी बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण कराया और नि:शुल्क दवाई प्राप्त की। दिन में गर्मी व रात में सर्दी के कारण खांसी, जुकाम, बुखार व पेट से संबंधित, हड्डी से संबंधित, नाक, कान, गले से संबंधित मरीजों की अधिकता रही। कुल 210 मरीजों का नि:शुल्क उपचार व दवाइयां वितरित की गई। गंभीर मरीजों को सीपी हॉस्पिटल भेजा गया।

# ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों में जमकर घोटाले, ग्रामीणों ने जांच करने की उठाई मांग

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक कमालगंज की ग्राम पंचायत करीमगंज में मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। आरोप है कि पिछले 15 से 20 दिनों से केवल 9 मजदूरों की तस्वीरें बार-बार खींचकर 39 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। मनरेगा पोर्टल पर दर्ज उपस्थिति और मौके पर काम कर रहे मजदूरों की वास्तविक संख्या में भारी अंतर पाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वास्तव में साइट पर कुछ ही मजदूर काम करते हैं, जबकि वेबसाइट पर कई गुना अधिक संख्या दिखाई जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पात्र गरीबों को काम नहीं दिया जा रहा है, बल्कि उनके नाम पर फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्राम निवासी रामनरेश, लल्लन, सीता देवी, नेत्रपाल और कमला देवी ने संयुक्त रूप से बताया हम पिछले लगभग दो हफ्तों से देख रहे हैं कि साइट पर वही कुछ मजदूर प्रतिदिन काम कर रहे हैं, लेकिन रिकॉर्ड में 39 लोगों की हाजिरी दर्ज है। यह स्पष्ट रूप से एक घोटाला है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में प्रधान और सचिव से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर जांच कराने की मांग की है। वहीं ग्राम पंचायत जीरागौर की दो बार की ग्राम प्रधान अजीरा बेगम का घोटाला एवं तिकड़मबाजी करने का पुराना इतिहास है। दो बार की ग्राम प्रधान अजीरा बेगम ग्राम प्रधान बनने से पहले कुछ एकड़ बीघे खेतों की मालकिन थी, लेकिन विगत 10 वर्षों में उनकी संपत्ति कई गुना बढ़ गई है। यह पैसा सरकार द्वारा ग्रामीणों के विकास के लिए दिया गया था ,जो की ग्राम प्रधान अपनी सम्पत्ति को बढ़ाने में लगी हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष है। गंदगी और विकास को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्रामीणों को न्याय नहीं मिल पाया। इस मामले पर कमालगंज के खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार पाल ने कहा अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि कोई कार्य फर्जी पाया जाता है, तो उसका भुगतान तत्काल रोका जाएगा और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि यदि निष्पक्ष जांच की जाती है, तो पंचायत स्तर पर चल रहे इस फर्जीवाड़े का पूरा सच सामने आ जाएगा। लोगों का मानना है कि प्रशासन की सख्त कार्रवाई से मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना का लाभ सही पात्रों तक पहुंच पाएगा।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने खेत जोता, पीड़ित ने लगाई मदद की गुहार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित किसान सुबह अपना खेत जोत रहा था, तभी पड़ोसी गांव के एक दर्जन दबंग लोग अपना ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचे और पीड़ित को धमकाकर खेत से भगा दिया। थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी पीड़ित हरेराम सिंह ने पड़ोसी गांव भगवानपुर निवासी दबंग आरोपियों के खिलाफथाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि पीड़ित अपना खेत जोत रहा था, तभी आरोपी लाठी-डंडे और तमंचा से लैस होकर और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित को खेत अपना बताकर खेत से भगा दिया और अपने ट्रैक्टर से खेत जोत दिया। पीड़ित को खेत में दोबारा ना आने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन के विवाद में चले लाठी-डंडे, रिपोर्ट दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगंज में सोमवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मामला मारपीट में बदल गया। इस दौरान लाठी-डंडों और फावड़े से हुए हमले में एक दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित सुरेश सिंह निवासी सुल्तानगंज ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही राम सिंह, ओंकार, जितेंद्र, विकास, राहुल और विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में बताया गया है कि सोमवार सुबह आरोपी एक राय होकर उनके घर में घुस आए और जमीन के पुराने विवाद को लेकर उनके भाई विमलेश पर चाकू और फावड़े से हमला कर दिया। हमले में विमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बचाने पहुंचीं विमलेश की पत्नी रोजी और पीड़ित की पत्नी कमला पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे दोनों को चोटें आईं। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी वहां से भाग निकले। थाना प्रभारी रमेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफमारपीट और घर में घुसकर हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पिता-पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मकोड़ा निवासी विपिन कुमार पुत्र राजपाल कोरी ने गांव के ही सूरज भान पुत्र दरियाव, विवेक पुत्र सूरज भान, दीपक पुत्र शिवनरेश, शिवम पुत्र प्रवीन मिश्रा के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने एवं एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 30 अक्टूबर समय लगभग 8 बजे उक्त सभी आरोपित मेरे घर के बाहर आकर जातिसूचक गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त आरोपितों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे हमारी बहन मीरा व रोली के चोटें आई और उक्त आरोपित हमको जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के सुपुर्द कर दी।

### गन्ने के खेत में नाबालिग से दुष्कर्म



लोहिया अस्पताल में मौजूद पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किशोर ने नाबालिग बालिका के साथ गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल से कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता के पिता ने गांव के एक व्यक्ति का खेत बटाई पर ले रखा है। जिसमें गन्ने की फसल बोई गई है। शुक्रवार दोपहर बालिका खेत पर फसल देखने गई थी। इसी दौरान गांव का ही एक किशोर वहां पहुंचा और उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब बालिका घर नहीं लौटी, तो परिजन उसे ढूंढते हुए खेत की ओर पहुंचे। वहां बालिका लहूलुहान और बदहवास हालत में मिली। परिजनों ने उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर मधु अग्रवाल ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हैलट कानपुर भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी मोहम्मद कामिल और कुआंखेड़ा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसपी आरती सिंह ने बताया कि बालिका के साथ यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई है। पीड़िता का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के लिए उसे हैलट कानपुर भेजा गया है। आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

### चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराई, छह घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से जा टकरायी। जिससे चालक सहित पांच लोग घायल हो गये। वहीं एक साइकिल सवार भी घायल हुआ है। सभी को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद फिरोजाबाद के टूंडला सरस्वती नगर निवासी 40 वर्षीय प्रमोद कुमार पुत्र रमेश चन्द्र अपनी पत्नी 35 वर्षीय पूनम देवी, पुत्री 17 वर्षीय ललिता, 10 वर्षीय पुत्री छाया के साथ कार से पांचाल घाट गंगा स्नान करने आ रहे थे। कार 28 वर्षीय अंकित कपूर पुत्र संजय कपूर चला रहा था। कार जब पांचाल घाट के निकट इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के कोल्ड के सामने पंहुची, तो अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गयी। जिससे कार सवार परिवार के साथ ही सड़क से गुजर रहे साइकिल सवार 21 वर्षीय संजू पुत्र मूल चंद निवासी चाचूपुर राजेपुर भी घायल हो गये। सभी घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक कार चालक को झपकी आ जाने से कार अनियंत्रित हो गयी।

# नवाबगंज और नीम करोरी मंडल की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



कार्यशाला में मौजूद जनप्रतिनिधि व अन्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी ने नवाबगंज में विधानसभा अमृतपुर के नवाबगंज और नीम करोरी मंडल की मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला मंगलम पैलेस में संपन्न हुई।

कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता और अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर चर्चा करना था। जिसकी समय सीमा 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित, चेयरमैन अनिल राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज और भूपेंद्र सिंह चौहान, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह, हेम सिंह लोधी, ऋषि गंगवार, प्रमोद पाल, पवन कठेरिया, योगेंद्र सिंह राठौड़ और अरविंद राजपूत सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अमन अवस्थी ने किया।

# अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त हुई महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुस्कान पत्नी सुनील निवासी माधवपुरा थाना विजयनगर, गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के पास की रहने वाली है। वहां मेरे पति व बच्चे रहते हैं। दिनांक 28.10.2025 को मेरे पति से मेरा झगड़ा हो गया था। उसके मारने पीटने से गुस्सा होकर मै गाजियाबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अपने मायके गांव तिगाई थाना रूरा जनपद कानपुर देहात जा रही थी। रास्ते में मुझे परेशान देखकर ट्रेन में बैठी एक औरत व उसके साथ के दो आदमी ने मुझे सहानुभूति दिखाकर बातचीत की। जब मैंने उन्हें अपने पति के द्वारा मारने पीटने व घर छोड़ने की बात बतायी, तो वे दोनों मुझसे बोले कि तुम अभी हमारे घर चलो। अपने मायके मत जाओ। तुम्हारा पति जब तुम्हें तलाश करेगा और परेशान होगा तब तुम उसके साथ चली जाना। वे दोनों आपस में एक दूसरे का नाम श्यामा देवी व राशिद और राज ले रहे थे। राज श्यामा देवी को मम्मी कहकर बुला रहा था। मैं उनकी बातो में आ गयी। वे तीनों मुझे अपने साथ कमालगंज नई बस्ती जिला फर्रुखाबाद में श्यामा देवी के घर ले गये। जहाँ उन्होंने मुझे पहले चाय पिलाई और मुझे कुछ खाने को दिया। जिसे खाने के बाद मैं हल्के से नशे में हो गयी, तो उन दोनों ने मुझे अपने घर के कमरे में बन्द कर दिया। जब मेरी आँख दो तीन घण्टे बाद खुली, तो मैने कमरे का दरवाजा बन्द देखकर उसे खुलवाने के लिए चिल्लायी। जिस पर श्यामा देवी और राज, राशिद के साथ चार पांच लोग जिनमें आदमी व औरतें थीं, भी आ गये और उन सब ने मुझे कमरे में आकर लात-घूसों से मारापीटा और कहा कि चुपचाप जैसा हम कहते हैं वैसा करती रहो नहीं तो तुझे हम जान से मार देंगे। हमने पहले भी कई औरतों को इसी तरह लाकर कोठे पर बेंच दिया है। यदि तू नहीं मानेगी तो तुझे भी कोठे पर बेंच देंगे। उन लोगों द्वारा मुझे अपने घर में दो तीन दिन तक मारपीट कर बन्धक बनाकर रखने के बाद दिनांक 11.11.25 को कायमगंज बरझाला के रहने वाले सुनील को उससे पैसे लेकर मुझे शादी के नाम पर बेंच दिया और श्यामा देवी के घर पर मौजूद माया, सकीना, वीरे, रामकरन व चरन सिंह जो लगंड़ा है द्वारा मुझे मारपीट कर डरा धमकाकर उस आदमी के साथ एक गाड़ी में भेज दिया। वह आदमी मुझे अपने घर ले गया। जब रात को उस आदमी ने मुझसे कहा कि उसने मेरे साथ श्यामा व उसके साथियों को रूपये देकर शादी की है। वह अब मेरा पति है। तब मैंने उस आदमी से कहा कि मैं पहले से शादीशुदा हूँ। मेरे पति व बच्चे गाजियाबाद मे रहते हैं, तो उस आदमी ने कहा कि मुझे यह बातें श्यामा देवी व उसके साथियों ने नहीं बतायी थीं। तब उससे कहा कि चलो एक बार मुझे कमालगंज उन लोगों से मिला दो। फिर जैसा वह लोग कहेंगे वह करूँगी। वह आदमी मेरी बातों का विश्वास कर मुझे अपने साथ लेकर कमालगंज आ रहा था। जहाँ रास्ते में भीड़भाड़ देखकर मैं वहाँ से भागकर अपने गांव तिगाई थाना रूरा जनपद कानपुर देहात चली गयी थी। मैं बहुत डर गयी थी। आज थाना कमालगंज आयी हूँ। मुझे श्यामा देवी और उसके साथियों ने धोखे से ट्रेन से लाकर बन्धक बनाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर कोठे पर बेंच देने जैसी बातें कहकर एक अज्ञात व्यक्ति से मेरी शादी कर दी, जबकि मैं पहले से ही शादी शुदा हूँ। मेरी रिपोर्ट लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

# भाजपा नेता के पुत्र पर दंपति के ऊपर फायरिंग करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क पर टहल रहे दम्पति पर भाजपा नेता के पुत्र ने फायरिंग कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के आवास विकास कालोनी निवासी संजय सिंह अपनी पत्नी अर्चना के साथ बीती रात लगभग 8.20 बजे खाना खाकर सड़क पर टहल रहे थे। उसी दौरान आवास विकास के लकूला रोड स्थित ज्ञान फोर्ड स्कूल के निकट पहुंचे, तो एक कार तेज रफ्तार से आयी। जिसमें भाजपा नेता शरद श्रीवास्तव का पुत्र बादल श्रीवास्तव बैठा था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। संजय सिंह ने बताया कि जब कार चालक बादल श्रीवास्तव से गाड़ी ठीक से चलाने को कहा, तो बादल ने कार में भीतर रखी राइफल निकाल ली और संजय सिंह व उनकी पत्नी अर्चना पर जान से मारने की नियत से दो फायर किये। संजय सिंह ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित संजय सिंह एक कीटनाशक दवा कम्पनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस ने संजय सिंह की तहरीर पर बादल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फायरिंग की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। जिसमे बादल फायरिंग कर रहा है और दम्पत्ति आगे भाग रहे हैं। सीसीटीवी में शरद श्रीवास्तव बेटे के साथ जाते दिख रहे हैं और बादल राइफल से फायरिंग कर रहा है। पीछे से आ रहा उनके साथी कारतूस के खोखे उठाता दिखायी दे रहा है। पीड़ित संजय सिंह का कहना है कि एफआईआर में बादल के साथ उनके पिता शरद श्रीवास्तव का नाम पुलिस ने दर्ज नहीं किया है, जबकि वह भी मौजूद थे। मुकदमा की जाँच आवास विकास चौकी प्रभारी अनिल कुमार को दो गयी है। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।



जानकारी देती पीड़ित महिला

# मौसम में परिवर्तन से सर्दी जुकाम, बुखार के बढ़े मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मौसम में तेजी से हो रहे परिवर्तन के चलते अस्पताल में मरीजों की काफी भीड़ उमड़ रही है। लोहिया अस्पताल में शुक्रवार को काफी संख्या में लोग दिखाने पहुंचे।

जानकारी के अनुसार सर्दी धीरे-धीरे अपना रंग दिखाने लगी है। ऐसे में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार भी पैर पसारने लगे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि जरा सी लापरवाही बुजुर्गों व बच्चों पर भारी पड़ सकती है, क्योंकि शुरुआती सर्दी बहुत जल्दी अपनी चपेट में लेती है। ऐसे में बहुत एतियात बरतने की जरुरत है। शुक्रवार को लोहिया अस्पताल में सैकड़ों की संख्या में लोग दवा लेने पहुंचे। जिसमें ज्यादातर मरीज जुकाम, बुखार, खांसी आदि के थे। ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों का कहना था कि अस्पताल में उन्हें डाक्टर नहीं मिले। काफी देर इंतजार करने के बाद डाक्टर आये। तब उन्हें दिखाकर दवा ली।



दवा वितरण काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़

# ढाईघाट मेले में अव्यवस्था से दुकानदार नाराज

**शमसाबाद, समृंद्ध न्यूज।**

ऐतिहासिक ढाईघाट मेले में इस बार प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते दुकानदारों में गहरा रोष देखने को मिल रहा है। बरसों से आयोजित हो रहा यह परंपरागत मेला एक सप्ताह तक चलता है। इस वर्ष भी इसकी तैयारियां 31 अक्टूबर से शुरू हुई थीं और 2 नवंबर को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने विधिवत शुभारंभ किया था। तय कार्यक्रम के अनुसार मेला 8 नवंबर तक चलना था, लेकिन जिला पंचायत द्वारा शुक्रवार को टेंट और अन्य सामान समेटना शुरू कर देने से व्यापारी भड़क उठे। जानकारी के अनुसार गुरुवार को ही जिला पंचायत के अधिकारियों ने अपने टेंट हटवा लिए थे। जिसके बाद शुक्रवार सुबह पूरी तरह टेंट व शामियाना समेटने का कार्य शुरू करा दिया गया। इससे दुकानदारों में नाराजगी फैल गई। व्यापारियों का कहना है कि जब मेला अभी समाप्त नहीं हुआ था। तब जिला पंचायत द्वारा ऐसी कार्रवाई अनुचित है। व्यापारियों ने बताया कि जिला पंचायत द्वारा दुकान किराया और वसूली पहले ही कर ली गई थी। बावजूद इसके बीच मेले में टेंट हटवाने से उनका व्यापार पूरी तरह ठप हो गया। मेले में आए श्रद्धालुओं ने भी अव्यवस्था पर असंतोष जताया। इस संबंध में जिला पंचायत शाहजहांपुर के सहायक राजस्व निरीक्षक शंकर शरण गुप्ता ने बताया कि मेला 8 नवंबर तक ही चलना निर्धारित है। जिला पंचायत के समियाने व टेंट अधिक संख्या में लगे हैं। जिन्हें कर्मचारी धीरे-धीरे समेट रहे हैं। मेला समाप्त होने के बाद ही पूरी व्यवस्था हटाई जाएगी।



सामान समेटते जिला पंचायत के कर्मचारी

# शराबी पति ने पत्नी को बीच सड़क पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शराबी पति ने पत्नी को बीच सड़क पर जमकर पीटा। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने महिला को पिटने से बचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अचेतावस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर से सटे गांव कुबेरपुर निवासी तरन्नुम पत्नी आजाद ने बताया कि उसका पति शराब पीकर आये दिन उसके साथ मारपीट करता था। जिसके चलते वह अपने बच्चों के साथ अपने मायके फर्रुखाबाद के मोहल्ला भीकमपुरा में रहती है। आज ससुर की तबियत खराब होने पर वह उसे देखने ससुराल आय थी। जब शाम को अपने मायके जाने लगी, तभी पति शराब पीकर घर पहुंचा। उसने मायके जाने का विरोध किया, लेकिन इसके बाद भी तरन्नुम अपने बच्चों को लेकर कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर पहुंची, तभी पीछे से उसका पति भी वहां आ गया और उसे बेरहमी से पीटने लगा। इस घटना को देखकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह महिला को बचाया। तब तक महिला मरणासन्न अवस्था में पहुंच चुकी थी। किसी व्यक्ति ने कस्बा चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अचेत पड़ी महिला तरन्नुम को एक ई-रिक्शा द्वारा नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं शराबी पति आजाद को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच पड़ताल कर रही है।



बीच रास्ते में बैठी पीड़ित महिला

# हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हॉकी इंडिया व उत्तर प्रदेश हॉकी के निर्देश पर फर्रुखाबाद हॉकी द्वारा स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में भारतीय हॉकी के 100 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बुजुर्ग खिलाड़ियों जनपद के समस्त हॉकी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गोड उपस्थित रहे।


सम्मानित होते हॉकी खिलाड़ी

विशेष रूप से हाकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 100 वर्ष के खिलाड़ी वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपना थोड़ा समय मैदान में दिया। मैच के उपरांत लगभग 50 वर्तमान खिलाड़ी, 60 अन्य खिलाड़ियों को तथा विभिन्न खेलों के सचिव और अधिकारीगणों को भी सम्मानित किया गया। हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने की पावन बेला के उपलक्ष में फर्रुखाबाद हॉकी ने अपना लोगो भी जारी किया। प्रातः सुबह से 4 मैच खेले गए तथा मुख्य अतिथि के समक्ष बुजुर्ग खिलाड़ियों तथा जैन-जी के बीच मैच खेला गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अपना संपूर्ण योगदान देने का वादा किया। पहला मैच वूमेंस का खेलो इंडिया सेंटर फर्रुखाबाद व फर्रुखाबाद हॉकी के मध्य हुआ, 03-02 रहा, जिसमें फर्रुखाबाद सेंटर विजयी रहा। दूसरा मैच खेलो इंडिया सेंटर वर्सेस फर्रुखाबाद हॉकी के मध्य खेला गया, बालक वर्ग स्कोर 07-04 रहा। तीसरा मैच वरिष्ठ सीनियर खिलाड़ी वर्सेस जूनियर प्लेयर के बीच खेला गया, स्कोर 03-03 मैच ड्रॉ रहा। संचालन की भूमिका जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे ने निभाई।

व्यवस्था लक्ष्मण टंडन, अफजल अहमद खान, अवनींद्र कुमार सचिव जिला हॉकी, नवाब अहमद सिद्दीकी, एजाज अहमद, हॉकी कोच सत्यम मिश्रा, कोच पूनम शर्मा, कोच सुशांत गुप्ता, स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा, अजय प्रताप, संजीव कटियार, योगेश शुक्ला, कुलदीप यादव, चमन टंडन ने की। जिला क्रीडाधिकारी कर्मवीर यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जन गण मन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# डीएम व एसपी ने किया ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण


ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**दुर्घटनाएं रोकने हेतु डीएम ने दिये निर्देश**

जनपद में दुर्घटनाओं की वृद्धि के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, साइट इन्जीनियर एनएचएआई विश्वास मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोकनिर्माण विभाग मुरलीघर व थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद के साथ जैतपुर, सकवई, रोहिला चौराहा ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया तथा वेबर रोड पर काली नदी पुल तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण भी किया।

जैतपुर ब्लैक स्पॉट पर दोनों लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने व राजमार्ग पर दोनों ओर रिपीटेड बार व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के बोर्ड तत्काल लगाने हेतु निर्देशित किया। सकवाई ब्लैक स्पॉट पर स्ट्रीट लाइट चालू कराने के निर्देश दिये तथा कैट्स आई व रिपीटेड बार लगाने के निर्देश दिये। रोहिला चौराहे पर राजमार्ग पर दोनों ओर रिपीटेड बार व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के बोर्ड तत्काल लगाने तथा राज्यमार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने व झाड़ियों की सफाई हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉट के अतिरिक्त सन्तोषपुर में भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। डीएम ने मोहम्मदाबाद से कालीनदी पुल तक राजमार्ग पर गड्ढों पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा जनपद में पड़ने वाले राजमार्ग की रोड सेफ्टी ऑडिट एक सप्ताह में कराकर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

## वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर गीत गायन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बद्री विशाल महाविद्यालय में वन्देमातरम के 150वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर परिचर्चा कार्यक्रम और वन्देमातरम गीत गायन का आयोजन उप प्राचार्य प्रो. डॉ. जयश्री मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। छात्रों को वन्देमातरम गीत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, डॉ. रजनी रानी, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. अर्चना पाण्डेय, अवधेश कुमार सिंह, डॉ. प्राची, डॉ. मनीष कुमार साह, डॉ. ज़किल अहमद, डॉ. राजू सिंह, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. शाहिद मालिक एवं डॉ. संतोष कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड के 75वें स्थापना दिवस पर अनुशासन व सेवा का लिया गया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में जिला संस्था भारत स्काउट गाइड द्वारा मुख्यायुक्त दिनेश वर्मा के निर्देश में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यायुक्त दिनेश वर्मा, जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड भारती मिश्रा, जिला सहायक आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने लार्ड बेडेन पावेल व लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। उपस्थित स्काउट गाइड को बताया गया कि 7 नवम्बर 1950 को भारत में स्काउटिंग गाइड संगठनों को मिलाकर भारत स्काउट एण्ड गाइड नामक एकीकृत संगठन की स्थापना हुई थी। जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा ने कहा कि अपने क्रियाकलापों के माध्यम से देश की सेवा का कार्य करें। यही सच्ची स्काउटिंग गाइड है, जिससे स्काउट गाइड का नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित हो। स्थापना दिवस पर अवसर पर स्काउट गाइड बर्दीधारी आज के दिन संकल्प लें कि हम सब देश हित में सदैव तत्पर रहेंगे, अनुशासन हमारा अलंकरण है। पुष्पेन्द्र ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग किया।


कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड

इस अवसर पर सुनीता पाण्डेय, मंजू सिंह, अंजना, संजीव कुमार, मीनू आनंद, लक्ष्मी प्रजापति, नीता दुबे, आलिया खान, काशवी मिश्रा, आध्या मिश्रा, खुशबू, आराध्या कुशवाहा, अंश, हर्ष वर्मा, कार्तिक, विनायक त्रिपाठी, आशुतोष कुमार, लकी, नेहाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन भारती मिश्रा ने किया। संस्था के निर्देशन में सीपीवीएन इंटर कालेज कायमगंज में 75वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। सर्वेश श्रीवास्तव, योगेश कुमार, चमन शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा की अमृतवर्षा करेंगे आचार्य राममूर्ति महाराज


जानकारी देते कथा समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 10 नवम्बर से 16 नवम्बर तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक सोनी पारिया स्कूल के सामने लोको रोड पर होगा। शुक्रवार को कथा स्थल अनिल भदौरिया के निवास पर पत्रकार वार्ता में शिव कुमार पाण्डेय व रमेशचन्द्र दीक्षित एवं राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि कथा व्यास आचार्य राममूर्ति मिश्र महाराज के मुखार बिंदु से श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजन पर अमृतवर्षा करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक गोविन्द पाण्डेय, दीक्षा पाण्डेय, शिव कुमार शास्त्री व सरला पाण्डेय की देखरेख में सम्पन्न होगा। साथ ही स्थानीय लोगों के सहयोग से भव्य तैयारी की जा रही है। प्रत्येक दिवस पर आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा सम्पन्न होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान अंजुम दुबे, सभासद बिटानदेवी, रामवीर सिंह चौहान, रमेश चन्द्र दीक्षित, गोविन्द मिश्रा, सतीश, आचार्य अविनाश पाण्डेय, श्याम द्विवेदी, रमला राठौर, आदेश कुमार शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत कार्यशाला सम्पन्न

**मतदाता सूचियों में सत्यापन की दी गई जानकारियां**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संदर्भ में सदर विधानसभा क्षेत्र की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने अभियान से संबंधित विषयों पर कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए इस अभियान से जुड़ने के निर्देश दिए।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संदर्भ में बताया पूरे देश में चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत मतदाता सूचियों सत्यापन एवं पुननिरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग द्वारा इस प्रक्रिया के अंतर्गत समय वध घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन करने की प्रक्रिया है, जिसे मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी द्वारा मतदाता सूचियां को अधतन और सही करने हेतु किया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत संगठन द्वारा हर विधानसभा में बीएलए-1 और बीएलए-2 के रूप में पार्टी कार्यकर्ता को जिम्मेदारियां दी गई है। देवेंद्र देव गुप्ता ने बताया मतदाता पुनरीक्षण अभियान 100 दिनों तक चलने वाला अभियान है, 2027 के विधानसभा के चुनाव को देखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान से जुड़ने का कार्य करें, हम 2027 का चुनाव इसी अभियान की सफलता की आधार पर लड़ने जा रहे हैं। ऐसे मतदाता जो बाहरी है उनको चिन्हित करके मतदाता सूची से बाहर करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करते हुए संवैधानिक तरीके से तुरंत कार्रवाई करने का कार्य करें। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी मुस्तैदी के साथ हरगांव हर घर और हर व्यक्ति तक पहुंच कर सभी पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची से जुड़वाना है, कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूटे ना और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में रहे ना, इसी संकल्प की सिद्धि के लिए सबको अभियान में प्रभावी रूप से सम्मिलित होना है। संगठन द्वारा नियुक्त बीएलए-1 का काम विधानसभा के बीएलए-2 से संपर्क बनाने तथा उसके काम में सहयोग करने का है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा यह अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनाव आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करते हुए यह सुनिश्चित करना है कि जो मतदाता जिस क्षेत्र का है इस क्षेत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच कर मतदाता सूची का सत्यापन करके बीएलओ को संपूर्ण जानकारी देने का कार्य करें नए मतदाता को सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म भरकर जमा करें। संचालन आदित्य मिश्रा ने किया। इस अवसर भास्कर दत्त, डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, रमला राठौर, वीर बहादुर पाल, राजकुमार वर्मा, संतोष राजपूत, अमित कुमार पाल, विकास पांडे, ममता सक्सेना, अशनील दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यशाला को सम्बोधित करते देवेन्द्र देव गुप्ता

## घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किये जाने का निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य 4.नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है।

उक्त अवधि में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओ को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किये जा रहे हैं, जो निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना है। इसके लिए समस्त बूथ लेवल अधिकारी आज और कल मतदाताओ को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किये जाने का कार्य करेंगे।

# इंजाज अहमद राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बने निर्णायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 नवंबर तक पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बरेली में आयोजित होगा। जिसमें जनपद के शारीरिक शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी को भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के द्वारा निर्णायक के रूप में नियुक्त किया गया है। पूर्व में भी यह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक उदय राज वर्मा, प्रधानाचार्य राकेश कुमार राजपूत, जनपद खेल सचिव अतुल दास एंथोनी एवं शिक्षक साथी सत्येंद्र सिंह, प्रवेश रत्न शाक्य, देवेंद्र चौहान, सुनील पाल, केशव गंगवार, सुब्रत शाक्य, रजनीश शिवा, राहुल यादव, अर्जुन सिंह, अनुराग पटेल, अभिषेक अवस्थी, तुषार चौधरी आदि लोगों ने बधाई दी।


शिक्षक इंजाज अहमद

# डीएम ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्यायें

**महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का किया गया अन्नप्राशन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर की ग्रामसभा कुरैली वि0ख0 मोहम्मदाबाद के प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में आये हुए ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई व उनकी समस्याओं को सुना गया एवं महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। डीएम ने एसआईआर के फॉर्म भी वितरित किये गये। डीएम ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से स्थापित हरगोविंद की सोलर चक्की का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपजिलाधिकारी सदर, खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


गोदभराई करते डीएम एसपी

## वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट में देखा पीएम का सजीव प्रसारण


पीएम का संबोधन सुनते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम विषयक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संबोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा व सुना गया। इस अवसर पर बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा के स्कूलों कॉलेजों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम आधारित विभिन्न गतिविधियों का संपादन हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व कलेक्ट्रेट कर्मी व अन्य मौजूद रहे।

# जनपद में 107000 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनना बाकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के समस्त किसानों की एवं विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का लाभ पाने वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का कार्य अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। अब तक 2 लाख 50 हजार किसानों के सापेक्ष 1 लाख 43 हजार किसानो की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है, अभी लगभग 107000 किसानो की फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बनाई जानी है। भारत सरकार से निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के समस्त लाभार्थियों को अगली किस्त का लाभ तभी मिलेगा जब उनकी फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बन जाएगी। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग तथा अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ भी किसानों को तभी मिलेगा, जब उनकी फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बनी होगी। फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के लिए लेखपाल, कृषि कार्मिक, पंचायत सहायक तथा रोजगार सेवक लगाए गए हैं जो सहायक एप्प के माध्यम से, जन सुविधा केंद्र के माध्यम से या किसान के द्वारा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य कर किया जा रहा हैं। जनपद की प्रगति बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर जिलाधिकारी के द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्रत्येक न्याय पंचायत के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो फार्मर रजिस्ट्री करने हेतु लगाए गए कार्मिकों के कार्य की समीक्षा करेगे और खराब कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रस्ताव देंगे।

डीएम के स्तर से इसकी प्रतिदिन इसकीं समीक्षा की जा रही है तथा कार्य न करने वाले या खराब प्रगति वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। समीक्षा में यह पाया गया है कि कई गांव में कार्य नही हुआ है तथा न्याय पंचायत स्तर पर अनुश्रवण के लिए लगाए गए कई अधिकारी निरीक्षण हेतु गांव में नहीं गए हैं तथा उनकी न्याय पंचायत की प्रगति अच्छी नहीं है, ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# गुरु नानक संकीर्तन शोभायात्रा आज, होगा सभी धर्मों का संगम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव प्रकाश पर्व के क्रम में 8 नवंबर को नगर संकीर्तन शोभा यात्रा निकल जाएगी जो फतेहगढ़ फर्रुखाबाद युग में नगरों में भ्रमण करेगी। इस दौरान सभी धर्म के लोगों का संगम होने की संभावना है।

जानकारी देते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह साहब सभा के प्रधान सरदार सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि गुरु पर्व 3 नवंबर से चल रहा है, जिसका विराम नगर संकीर्तन शोभा यात्रा से होगा। यह यात्रा 8 नवंबर को सुबह 10 बजे फतेहगढ़ गुरुद्वारा से प्रारंभ होगी और फतेहगढ़ नगर में भ्रमण करेगी, इसके बाद भोलेपुर होते हुए आवास विकास, बस अड्डा, लालसाना स्थित रखी भाग पहुंचेगी। जहां यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

शाम 5 बजे यात्रा रखी भाग से चलकर लाल सारी घूमने चौक होती हुई लोहाई रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह साहब पहुंचेगी। जहां पंच प्यारों का स्वागत किया जाएगा। वह गुरु का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से गुरु के अटूट लंगर में कड़ा प्रसाद प्राप्त करने यात्रा में भागीदारी करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत लॉटरी से 28 का चयन

**2 लाख की 2 गाय की योजना आवंटित लक्ष्य**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना 02 लाख की 02 गाय की योजना को आवेदक की उनके समक्ष ई-लॉटरी की गई। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना में जनपद को आवंटित लक्ष्य 14 महिला, 14 पुरूष कुल 28 के सापेक्ष 118 आवेदन पत्रों में से 97 पात्र लाभार्थियों की लॉटरी की गई। जिसमें 14 महिला, 14 पुरूष कुल 28 का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार शर्मा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. भूपेंद्र सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मुख्यालय एवं जनपद स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे है।


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

# एसपी ने रि.पु. लाइन्स में सामूहिक रुप से किया वंदे मातरम का गायन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने रि.पु. लाइन्स फतेहगढ में देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अधि0/कर्म0गण एवं रिक्रूट आरक्षियों के साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिसकर्मियों को वन्दे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, इसकी रचना की पृष्ठभूमि और इससे जुड़ी देशभक्ति की भावना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह गीत देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण प्रेरणा दी थी। पुलिसकर्मियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। पुलिस लाइन सभागार भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देशभक्ति का वातावरण बन गया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम भारत की एकता, देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का अमर प्रतीक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। वहीं समस्त क्षेत्राधिकारीगण ने अपने-अपने कार्यालय में व जनपद के समस्त थानों/कोतवाली पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

## खाद वितरण पर प्रशासन सख्त

# कूपन से मिलेगी खाद

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने रबी सीजन में किसानों को उनकी जोत के अनुसार समय पर और निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जनपद के सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं को केवल तहसील द्वारा जारी खाद वितरण कूपन के आधार पर ही बिक्री करनी होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य खाद वितरण को पारदर्शी बनाना और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाना है। जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने दैनिक भास्कर नगर संवाददाता को बताया कि प्रत्येक किसान को तहसील स्तर पर कूपन जारी किया जाएगा। इस कूपन में किसान का नाम, पिता का नाम, ग्राम, मोबाइल नंबर, कुल धारित भूमि और आवश्यक खाद की मात्रा दर्ज होगी। किसान जब खाद खरीदने



### कालाबाजारी रोकने के लिए जारी की गई गाइडलाइंस, मानने होंगे नियम

जाएगा तो उसे यह कूपन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्रशासन इस व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करेगा। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि इस कदम से खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद समय पर उपलब्ध होगी।किसानों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे कालाबाजारी और अतिरिक्त दरों पर बिक्री की संभावना खत्म होगी। वहीं विक्रेताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वे किसी भी किसान को बिना कूपन खाद न दें और निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री सुनिश्चित करें।रबी सीजन में गेहूं, चना, मसूर जैसी फसलों के लिए खाद की मांग अधिक रहती है। ऐसे में प्रशासन की यह नई व्यवस्था किसानों को राहत देने वाली साबित हो सकती है। जिलाधिकारी ने सभी थोक और फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे नियमों का पालन करें और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराएं।

संतोष कुमार शर्मा, जिलाधिकारी, महराजगंज ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता बनी रहे। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, जमाखोरी या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक



**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के 32 खिलाड़ियों ने लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है यह प्रतियोगिता 5 से 8 नवम्बर तक आयोजित हो रही है।

महराजगंज डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला सचिव अभिषेक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन फ्रेशर वर्ग में 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें वैष्णवी गुप्ता, अंशिका श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, श्रेया पाठक, रुकसाना, अन्मेश प्रताप सिंह, आदर्श कुमार और मोहम्मद अल्फ़ाज़ ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं सूर्या पाठक और रिया ने रजत पदक, जबकि अस्तित्व साहनी, अथर्व राय, अनुज विश्वकर्मा और राशिका सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के अगले चरण में 7 और 8 नवम्बर को ऑफिसियल वर्ग के 18 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

# वंदे मातरम् गीत हमें त्याग व समर्पण की भावना जीवित करने की प्रेरणा देता है : पुलिस अधीक्षक

### 150वीं वर्षगांठ पर पुलिस कार्यालय पर गाया गया राष्ट्रगीत




**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् ने अपने 150 वीं गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सामूहिक राष्ट्गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ की उपस्थिति में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का गायन कर देशभक्ति की भावना को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का वातावरण देशप्रेम और उत्साह से सराबोर रहा। उपस्थित जनों ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में बहने वाली वह अमर भावना है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने का साहस दिया और आज भी राष्ट्रीय चेतना को जागृत करता है।

1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत ने भारत को एकता और आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। स्वतंत्रता सेनानियों के लिए यह गीत ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बना। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह वर्षगांठ केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उस संकल्प को पुनः दृढ़ करने का क्षण है जिसने भारत को श्रेष्ठता और आत्मविश्वास की ओर अग्रसर किया।उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् हमें मातृभूमि के प्रति त्याग और समर्पण की भावना को सदैव जीवित रखने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे इस गीत की भावना को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्रहित के मार्ग में निरंतर अग्रसर रहें। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने इसे भारत की आत्मा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह गीत पीढ़ियों से एकता और उत्साह का संचार करता आया है।सामूहिक गायन के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्रगीत की पंक्तियों में डूबे रहे। वातावरण में देशभक्ति की लहर दौड़ गई और हर चेहरे पर गर्व और उत्साह झलकने लगा।

## खबरें एक नजर में

### दो अभियुक्त सहित एक बाल अपचारी गिरफ्तार

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेंदा कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में चल रहे दो नफर अभियुक्त सहित एक बाल अपचारी को फरेंदा कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थान से कोतवाल योगेंद्र राय के नेतृत्व में गिरफ्तार कर विधिक करवाई की गयी। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा कोतवाली क्षेत्र में वांछित चल रहे नफर अभियुक्त मुकदमा अपराध संख्या 318/ 2025 धारा 137 (2) बीएनएस एक्ट के मामले में चल रहे वांछित चल रहे नफर अभियुक्त चंदन गुप्ता पुत्र श्री प्रसाद गुप्ता निवासी तहकौल थाना गौनहा जनपद पश्चिम चंपारण बिहार को फरेंदा कोतवाल योगेंद्र राय की देखरेख में 11ः20 बजे रेलवे स्टेशन आनंदनगर से उप निरीक्षक मनीष कुमार राय, उपनिरीक्षक पवन यादव, कांस्टेबल अशोक यादव, विनय कुमार मौर्य महिला कांस्टेबल वंदना सिंह के टीम द्वारा गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। एक दूसरे मुकदमा अपराध संख्या 331/ 2025 धारा 303 (2), 317(2) के मामले में वांछित चल रहे नफर अभियुक्त को छतरी पुल से लगभग 9ः30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र बाबू राम उम्र करीब 22 वर्ष निवासी औद्योगिक नगर वार्ड नंबर 7 नगर पंचायत आनंदनगर एवं एक नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गयी पुलिस गिरफ्तारी टीम में फरेंदा नगर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक अजय कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक सौरभ पटेल, कांस्टेबल आज्ञाराम यादव, विनय कुमार मौर्य व प्रदीप पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भिटौली थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने रु. 25,000 के इनामी वांछित गैंगस्टर हरिकेश चौहान पुत्र इन्द्रसेन चौहान, निवासी बरसैना, थाना अहिरौली, जनपद कुशीनगर (उम्र 24 वर्ष) को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली महराजगंज में मुअसं 357/2025, धारा 2 (ख) (1), 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था। पुलिस के अनुसार, हरिकेश चौहान एक संगठित गिरोह बनाकर ट्रैक्टर चोरी कर उन्हें बेचने के अपराध में लिप्त था। उसके खिलाफ जनपद महराजगंज और गोरखपुर के विभिन्न थानों घुघली, कोतवाली और पिपराईच में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हरिकेश चौहान के विरुद्ध दर्ज प्रमुख मुकदमों में मुअसं 384/2024, धारा 303 (2)/317 (2) बीएनएस (थाना कोतवाली महराजगंज), मुअसं 320/2024, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस (थाना घुघली) और मुअसं 615/2024, धारा 303(2) बीएनएस (थाना पिपराईच गोरखपुर) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलता रहा और टीम को भ्रमित करता रहा, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर रु. 25,000 का इनाम घोषित किया गया था। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र, उनि.जितेन्द्र यादव, हे0का0 रामप्रवेश यादव, हे.का.राकेश प्रताप राव, सोनू यादव और अजीत यादव की टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। भिटौली पुलिस की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी है।

### परिवार नियोजन के तहत 26 महिलाओं की हुई नसबन्दी

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत नसबन्दी शिविर का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र की महिलाए अपने आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से परिवार नियोजन के लिए पंजीकरण कराया। शिविर में जिला मुख्यालय से आए सृजन डॉक्टर संतलाल की टीम ने महिलाओ का बारी बारी से महिलाओ का नसबन्दी किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया परिवार नियोजन के तहत नसबन्दी शिविर में कुल 26 महिलाओ का जिला मुख्यालय से आए चिकित्सक कि टीम ने नसबन्दी किया है। इस दौरान एआरओ संतोष गौतम, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी अनिल पटेल, आलोक पटेल, अखिलेश तिवारी सहयोग में लगे रहे।

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सिसवा थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 8 कोठीभार स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव होने के दौरान एक प्रसूता की मृत्यु हो गई। घटना के बाद अस्पताल के सामने परिजनों ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर कोठीभार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि विकास खंड सिसवा के ग्रामसभा परसिया निवासी अनिल चौहान की पत्नी 35 वर्षीय बबली को प्रसव पीड़ा होने पर गुरुवार रात में सिसवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में चिकित्सकों ने ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया, लेकिन ऑपरेशन के



तुरंत बाद प्रसूता बबली को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा।

मृतका की ननद पुष्पा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद जब बबली की हालत बिगड़ने लगी, तो अस्पताल संचालक ने एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। पुष्पा का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही अस्पताल के जिम्मेदार लोग वहां से फरार हो गए। परिजनों का दावा है कि बबली की मृत्यु सिसवा के निजी अस्पताल में ही हो चुकी थी। आज शुक्रवार की सुबह परिजन मृतका के शव को लेकर वापस अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे।

कोठीभार पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की। कोठीभार थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को सूचित कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के आने और परिजनों से लिखित शिकायत (तहरीर) मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन बच्चों की मां बाजार से हुई लापता

**पति ने खोजबीन के बाद थाने में गुमसूदगी की दी तहरीर**

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलाही गांव से तीन बच्चों की मां 28 अक्टूबर को हलिया बाजार दवा कराने के बहाने गयी थी वहाँ से फुर्र हो गयी।घर वापस नहीं आने पर काफी खोज बीन के बाद पति ने थाने में शुक्रवार को गुमशुदगी की तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के बेलाही गांव निवासी पल्लू राम कोल ने दी गई तहरीर में कहा है की 40 वर्षीय पत्नी नगीना तीन बच्चों की मां है 28 अक्टूबर को 11 बजे दिन 5 वर्षीय एक बच्चे को लेकर हलिया बाजार दवा कराने गई थी की वापस नहीं आई। 12 व 8 वर्ष के दो लड़के घर पर छोड़कर कहीं चली गई है। वापस नहीं आने पर 11 दिन तक खोजबीन के बाद पीड़ित ने थाने में गुमसूदगी की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पत्नी के गुम होने की तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल की जा रही है।

# बहदुरी समिति से खाद ले जाने को लेकर हंगामा

### ग्रामीणों के विरोध पर गोदाम सील, ट्राली सहित खाद पुलिस ने कब्जे में ली

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोल्हुई थाना क्षेत्र के बहदुरी बाजार स्थित साधन समिति से बीते गुरुवार की देर रात ट्राली से खाद निकलने की सूचना पर हड़कंप मच गयी। रात को खाद निकलने की सूचना पर लामबंद ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया।

प्रशासन ने खाद को थाने भिजवाने के साथ ही गोदाम को सील कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है। किसानों का आरोप है कि यहां लोग एक-एक बोरी यूरिया के लिए परेशान हैं और रात में खाद को वार्डर पार करा दिया जा रहा है। आरोप है कि खाद की कालाबाजारी की जा रही है। खाद लदी ट्राली को रोककर हंगामा करते ग्रामीणों ने इसकी सूचना तहसीलदार फरेंदा और कोल्हुई पुलिस को देकर करवाई की मांग शुरू कर दी।

देखते ही देखते गोदाम पर सैकड़ों किसानों की भीड़ एकत्रित हो गयी। मौके पर पहुंचे तहसीलदार वशिष्ठ कुमार वर्मा ने पूरे प्रकरण की जांच कर प्रथमदृष्टता सचिव को दोषी पाया। सचिव से खाद के बारे में जानकारी मांगने पर कोई संतोषजनक जबाब नहीं मिल सका। रात में गोदाम से खाद ले जाने को लेकर तहसीलदार ने सचिव राजेश यादव को जमकर फटकार लगाई। ट्राली पर लोड खाद को थाने भिजवाकर गोदाम को सील कर दिया। इस संबंध में तहसीलदार वशिष्ठ कुमार वर्मा ने बताया कि रात में मौके पर जाकर पूरे मामले की जांच-पड़ताल की गई। प्रथमदृष्टया सचिव की मनमानी सामने आई है। पूरे मामले की रिपोर्ट बनाकर कर अग्रिम करवाई के लिए डीएम को भेज दिया गया है।

### ग्राम पंचायत बैधा व मनिगढा में आयोजित चौपाल में अधिकारियों ने सुनी समस्या

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड क़े ग्राम पंचायत बैधा व मनिगढा गाँव मे शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर अधिकारियों ने निस्तारण का भरोसा दिया। ग्राम चौपाल में सड़क आवास, शौचालय नाली, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशनकार्ड की समस्या सुनकर अधिकारियों ने निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम चौपाल मनिगढ़ा के सचिव विजयकुमार, लक्ष्मी प्रसाद व प्रधान देवरजिया, लाले कोल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस संबंध में सचिव विजय कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया है। मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

# मिशन शक्ति टीम ने बलिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोठिया कला में शुक्रवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर व मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या रहे।

# परियोजना निदेशक ने विकास खंड के तालाबों का निरीक्षण कर जाना हाल

### साफ-सनफाई का दिया निर्देश

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास खंड में सांसद निधि से नवनिर्मित रैन बसेरा यात्री प्रतीक्षालय व तालाबों, पुलिया का निरीक्षण कर साफ सफाई का निर्देश दिया।

परियोजना निदेशक धर्मजीत सिंह ने मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। सबसे पहले 2023- 24 में 40 लाख रुपए की लागत से बनाया गया सहजी तालाब का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई का निर्देश देते हुए सीढ़ी की रंगाई पुताई करने को कहा। इंटरलॉकिंग 550 मीटर बना मिला और बोरिंग तथा घाटों का निरीक्षण तथा तालाब की घेराबंदी को देखा। इसके बाद सांसद निधि से वर्ष




2023- 24 में 40 लाख की लागत से बैधा गांव में बने तालाब को देखा जहां पर कार्य चल रहा है। अभी तक पूर्ण नहीं हुआ जिसे अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं छछूंदर नाले पर 45 लाख की लागत से पुलिया का निरीक्षण किया इसके बाद हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम प्रधान द्वारा बनाया गया अन्नपूर्णा कैंटीन का निरीक्षण किया तथा परिसर में नवनिर्मित 40 लाख के जनप्रतिक्षालय (रैन बसेरा) का हाल, रुम, शौचालय को देखा। इस दौरान उपस्थित रहे बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, जेई विजय कुमार, जेई सुनील कुमार, सुरेश मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

# वन्दे मातरम् गायन एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, मिशन शक्ति एवं रोवर्स-रेंजर्स के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज दिनांक 7 नवंबर 2025 को प्राचार्य प्रो. डॉ. माधवी शुक्ला के नेतृत्व में वन्देमातरम के 150 वाँ स्मरणोत्सव पर वन्देमातरम गायन एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने वन्देमातरम गीत ने राष्ट्रीय भावना से प्रेरित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन शक्ति के अंतर्गत अनंतादृप्रेरक महिलाओं/बालिकाओं की पहचान एवं सम्मान÷ कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत सुश्री मंजरी राव, क्षेत्राधिकारी, चुनार, जनपद मिर्जापुर का स्नेहिल आगमन हुआ। सुश्री मंजरी राव ने



अपने जीवन के संघर्षों और अनुभवों को छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया उन्होंने स्त्री एवं पुरुष में विभेदिता, टोल फ्री नंबर, विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास, निष्ठा तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने सुश्री मंजरी राव के प्रेरक विचारों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व छात्रदृछात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति संयोजक डॉ0 शेफालिका राय, स्वागत डॉ0 विद्या सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ0 कुसुम लता ने किया। कार्यक्रम में 69 छात्राएं एवं 29 छात्र ने प्रतिभाग किया।

इसी क्रम में रोवर्स रेंजर्स द्वारा स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुचिता बनर्जी, सहायक आचार्य संगीत एवं रेंजर प्रभारी लालता सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, अदलहाट मिर्जापुर रहीं जिन्होंने रोवर्स रेंजर्स को भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के इतिहास एवं लॉर्ड बायडेन पॉवेल के व्यक्तिव के विषय में बताया। डॉ0 सुचिता बनर्जी ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रोवर्स रेंजर्स हमें मानसिक रूप से जागरूक, सशक्त एवं साहसिक बनाता है। उन्होंने कहा कि हमें कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला के द्वारा किया गया। उन्होंने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि व्यक्तिव के विकास हेतु जितना शिक्षण कार्य जरूरी है। उतना ही शिक्षणेत्तर कार्य भी जरूरी है जिसमें हमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए इससे हमें जीवन के नए आयाम सीखने का अवसर मिलता है। साथ ही उन्होंने जीवन में हमेशा तैयार रहो सूत्र वाक्य का अनुसरण करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन रेंजर प्रभारी डॉ शिखा तिवारी, धन्यवाद ज्ञापन रोवर प्रभारी डॉ रजनीश ने किया। इस अवसर पर डॉ. चंदन शाहू, डॉ. संकटा सोनकर, डॉ भास्कर द्विवेदी, डॉ दीप नारायण, डॉ अरविंद कुमार, मुख्य शास्ता डॉ0 अवधेश सिंह यादव, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ नलिनी सिंह, डॉ अदिती सिंह, डॉ रीता मिश्रा,डॉ0 मंजुला शुक्ला, डॉ0 अमित यादव, डॉ गुरु प्रसाद सिंह, डॉ शिव कुमार, चंदन कुमार द्विवेदी, धरमचंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राम केश सोनकर, रामानंद पुजारी, कमलेश शुक्ला, जय प्रकाश सिंह, पारस नाथ सिंह सहित बहुसंख्य छात्र छात्राएं एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं तथा कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

### बिना हेलमेट के पंपो पर दिया जा रहा पेट्रोल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकार के जारी फरमान के बावजूद जनपद महराजगंज के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न तहसील व्लाक मे स्थापित पेट्रोल पंपो पर बिना हेलमेट के तेल वितरित किया जा रहा है। जनपद के सिसवा नौतनवां, निचलौल, लक्ष्मीपुर नौतनवां, निचलौल, परतावल घुघली,पनियरा, फरेंदा, धानी व बृजमनगंज सहित देहात क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पेट्रोल पंप लगें हुए हैं। इन पेट्रोल पंपो पर बिना हेलमेट के ग्राहकों को पेट्रोल दिया जाता है। इसके लिए पेट्रोल पंप विक्रेताओं द्वारा कोई पाबंदी नहीं लगाई जाती है। यही नहीं बोतलों में भी पेट्रोल पंप के विक्रेताओं द्वारा बिना पूछे जांचे पेट्रोल दे दिया जाता है जो ग़लत तरीके से उपयोग करके लोग आत्म हत्या कर लें रहे हैं तो कहीं घटना का अंजाम दे दे रहे हैं। सरकार के जारी शासनादेश को नजरंदाज कर पेट्रोल पंपो पर बिना हेलमेट के ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है और तेल वितरित किया जाता है। सरकार के जारी शासनादेश का पालन न कराने में नाकाम पेट्रोल पंप के मालिक रोड दुर्घटना को बढ़ावा देने पीछे नहीं हैं। यही कारण है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं आज धरातल पर चरितार्थ नहीं हो पा रही है जिससे गांव देहात की भोली भाली जनता घटना दुर्घटना का दंश झेल रही है। इसका दूसरा पहलू और है कि सरकारी योजनाओं का धरातल पर दिखाई न देना एक सवाल खड़ा करता है। यही कारण है कि आज तहसील व्लाक, थानों के हाथों की कठपुतली बनकर उक्त तहसीलों व विकास खंडों की जनता अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा ठगी जा रही है।

# अहरौरा डोंगिया बांध समिति की अति आवश्यक बैठक आयोजित



**(मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

अहरौरा बांध पर बैठक लालचंद यादव मानिकपुर की अध्यक्षता में शुरू हुई। किसानों के बार-बार मांग करने के बावजूद भी अहरौरा बांध के मेन कैनाल के गेट का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा नहीं किया गया। अहरौरा बांध इस समय केवल सवा दो फीट खाली है। मेन कैनाल के गेट से लगभग 80 से 90 क्यूसेक पानी निकलकर दर्जनों गांव के किसानों की फसले खराब हो रही हैं।

पंचायत में सहायक अभियंता ऋतुराज पाण्डेय, जेई ओम प्रकाश राय, आनंद बिंद, आनंद मौर्य आदि उपस्थित हुए। किसानों से वार्ता के दौरान एसडीओ ने कहा कि 450000 गेट बनाने में लगे। जून, जुलाई माह में गेट मरम्मत करने के बात को स्वीकार किया। मरम्मत के बाद भी लगातार पानी निकलने से फसल आज भी बर्बाद हो रही है। किसानों ने घोषणा किया कि आप सभी लोग गेट का मरम्मत कराइए पानी बंद नहीं होने की दशा में किसान 72 घंटे बाद 10 नवम्बर को स्टेट हाईवे को जाम करेंगे और 11 नवम्बर को चुनार तहसील मुख्यालय पर विशाल किसान पंचायत किया जाएगा।

इस बैठक में प्रहलाद सिंह किसान प्रदेश महासचिव, अनिल सिंह मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, चौधरी रमेश सिंह अन्नदाता मंच, मुकुट धारी सिंह मंडल सदस्य ,स्वामी दयाल सिंह कोषाध्यक्ष, परशुराम मौर्य, सुरेश सिंह, रामनरेश सिंह, सुभाष चंद्र सिंह, रामविलास सिंह, रामवृक्ष सिंह, बीरबल यादव संरक्षक, जितेंद्र सिंह, सतीश यादव, ओम प्रकाश मौर्या, राम सजीवन पाल सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के मुड़पेली गांव स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डिप्टी सीएमओ डाक्टर बीके चौधरी ने औचक निरीक्षण किया जिसमें अस्पताल परिसर की साफ-सफाई दवा की गुणवत्ता एवं डाक्टर की उपस्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित चिकित्सक डाक्टर मनीष से पुछताछ करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्टाफ की उपस्थिति, अभिलेखों की स्थिति और औषधियों की उपलब्धता की बारीकी से जांच की। मरीजों से बातचीत की और उनसे उपचार की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता तथा डॉक्टरों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली डिप्टी सीएमओ ने ओपीडी में मौजूद चिकित्सकों को सभी मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार रखने की हिदायत दी अभिलेखों की जांच की और साफ-सफाई की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया साथ ही मरीजों को समय पर उपचार प्रदान करने और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। इसके बाद सब सेंटर थोथा में चल रहे टीकाकरण का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डाक्टर मनीष, फार्मासिस्ट सुभाष, एलटी नागेन्द्र मिश्रा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।